स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, बृहस्पतिवार
19 मार्च, 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष अमावस्या
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 207 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

आईपीएल 2026 के शुरुआती चरण में सनराइजर्स की अगुआई करेंगे इशान किशन



सरकार के नौ साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री का संबोधन

# राज्य में अब बेहतर हुआ है निवेश का वातावरण : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में

- प्रदेश के पास मंशा और नीति दोनों, तेजी से बढ़े उद्योग
- यहां है सुशासन और बेहतर सुरक्षा, भय का माहौल खत्म
- यूपी में हैं असीम संभावनाएं : सीएम



भाजपासरकार के नौ वर्ष की अवधि को नवनिर्माण का शासनकाल बताया है और कहा कि डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की पहचान बदलने का काम किया है और अब राज्य विकास की नई गाथा लिख रहा है। योगी ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश में हुए व्यापक बदलावों को रेखांकित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य की सीमाओं पर बनाए गए नौ स्वागत द्वारों का लोकार्पण किया और नवनिर्माण के नौ वर्ष पुस्तक का विमोचन भी किया। यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार के आज 9 साल पूरे हो गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश की जनता को बधाई दी और कहा कि यूपी असीम संभावनाओं वाला प्रदेश है लेकिन यह किन कारणों से पिछड़ा और मोहताज बना रहा, ये आज सबके सामने है। सीएम योगी ने प्रदेश में भाजपा सरकार के 9 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि 9 साल में यूपी की विकास यात्रा तय की है प्रदेश में पहचान का संकट था हमने पीएम मोदी के नेतृत्व में इस संकट को दूर करने का लक्ष्य प्राप्त किया। साल 2017 के पहले यूपी की आधी आबादी पलायन के लिए मजबूर थी हमने प्रदेश में क़ानून व्यवस्था स्थापित किया। यही कारण है कि अब प्रदेश पूरी क्षमता के साथ विकास की ओर अग्रसर है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है, वह सेवाभाव और सुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश पहचान के संकट से जूझ रहा था, जबकि आज वही प्रदेश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता था और नौकरियों में पारदर्शिता का अभाव था, लेकिन अब भर्ती प्रक्रियाएं निष्पक्ष और पारदर्शी हुई हैं। उन्होंने बताया कि बीते 9 वर्षों में लगभग 2 लाख युवाओं को पुलिस भर्ती के माध्यम से रोजगार दिया गया है। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने नौ लाख 12 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया है, जिससे प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे जैसे प्रोजेक्ट्स से उत्तर प्रदेश देश में एक्सप्रेसवे नेटवर्क का प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है और अब तक 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। 2017 से पहले जहां सीमित उद्योग थे, वहीं अब 30 हजार से अधिक बड़े उद्योग स्थापित हो चुके हैं।

### शांति और उल्लास से मनाएं सभी पर्व

उन्होंने आगे कहा कि नवरात्री और रमजान का पर्व एक साथ चल रहा है, अलविदा की नमाज और ईद भी आने वाले है लेकिन यूपी में किसी भी प्रकार की कोई अशांति नहीं है। उन्होंने सभी पर्व को शांति और उल्लास से मनाये जाने की बात कही। सीएम ने कहा -सभी पर्व शालीनता से मनाए जा रहे हैं, न कोई भय है, न तनाव, न दंगे का डर और न ही कर्फ्यू का खतरा. यही सुशासन और बेहतर सुरक्षा का प्रमाण है।

### प्रदेश में अब भय का वातावरण खत्म

कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब भय का वातावरण समाप्त हो चुका है और नवरात्र तथा रमजान जैसे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नौ शहरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गई है और सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया गया है।

### माँ शैलपुत्री



हिंदू धर्म में नवरात्रि को साधना और भक्ति के लिए काफी पवित्र माना जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ चैत्र नवरात्रि आरंभ हो रही है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा करने का विधान है। शास्त्रों के अनुसार मां शैलपुत्री को हिमालय की पुत्री हैं, जो हिमालय पर्वतों का राजा हैं।

### रमज़ान मुबारक

इफ्तार बृहस्पतिवार
सुन्नी : 6:19 P.M.
शिया : 6:28 P.M.
सहरी बृहस्पतिवार
सुन्नी : 4:48 P.M.
शिया : 4:42 P.M.

## दिल्ली : इमारत में भीषण आग, नौ की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण-पश्चिमी जिले के पालम इलाके के साध नगर में एक बहुमंजिला इमारत

- मृतकों में तीन बच्चे भी



में भीषण आग लग गई। आग की इस घटना में से नौ लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 30 गाड़ियां मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि तीन अन्य घायल हुए हैं, जिनमें से दो ने आग से बचने के लिए राम चौक मार्केट, पलम मेट्रो स्टेशन के पास इमारत से कूदने का प्रयास किया। मृतकों में प्रवेश (33), कमल (39), आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22), दीपिका (28) और तीन बच्चे मिल हैं। सचिन (29), अनिल (32) और एक दो वर्षीय लड़की इलाज चल रहा हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कॉस्मेटिक शॉप थी। घर के अंदर ही शोरूम बनाया हुआ था। स्थानीय लोगों का दावा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। जब आग लगी, तो घर में रहने वाले सब सो रहे थे। मौके से मिली वीडियो फुटेज में इमारत से धुएं के मोटे बादल उठते और आग की लपटें दिखाई दे रही थीं, जबकि दमकलकर्मी संकरी गलियों और धुएं से भरे इंटीरियर्स में प्रवेश कर लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रयास कर रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि आग को काबू में कर लिया गया है। क्षेत्र को घेर लिया गया है और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। आग के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है, और जांच जारी है। दिल्ली पुलिस के पालम थाने के पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर दीवार तोड़ने की भी कोशिश की ताकि दीवार तोड़कर लोगों को बचाया जा सके।

### बहुत तेजी से फैली आग

आग लगने की इस घटना की शुरुआत सुबह हुई, जब ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कॉस्मेटिक की दुकान में आग लगी। आग तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। आग तेजी से फैली और इमारत के अंदर धुएं का गुबार छा गया। इस कारण अंदर रह रहे लोग बाहर नहीं निकल पाए और मदद के लिए पुकारने लगे।

## इंदौर : ईवी चार्जिंग के दौरान घर जला, आठ मरे

**इंदौर।** इंदौर के बंगाली चौराहे के पास स्थित एक कॉलोनी में बुधवार भोर में भीषण हादसा हो गया। एक मकान में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल

- डिजिलटल लॉक न खुलने से लोग बाहर नहीं निकल सके

रूप ले लिया। इस हादसे में आठ लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जांच के अनुसार, पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी हुई थी। सुबह करीब 4 बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार में आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए घर तक पहुंच गई और अंदर रखे गैस सिलिंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रारंभिक तौर पर यह भी माना जा रहा है कि आग के कारण घर में रखे गैस सिलिंडरों में विस्फोट हुआ,



जिससे हादसा और भी भयावह हो गया। जिस मकान में आग लगी वह पुगलिया परिवार का है। इस परिवार में एक कार्यक्रम था। इसकी वजह से कई रिश्तेदार घर पर रूके हुए थे। इसी कारण जनहानि ज्यादा हुई। अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है।

### आग से फटने लगे सिलिंडर

आग लगने के बाद घर में रखे सिलिंडरों में धमाके शुरू हो गए। पुलिस के अनुसार एक के बाद एक चार सिलेंडर फटे, जिससे मकान का एक हिस्सा ढह गया। जांच में यह भी सामने आया है कि घर में इलेक्ट्रॉनिक लॉक लगे हुए थे। आग के दौरान बिजली सप्लाई बंद हो जाने से ये लॉक नहीं खुल सके, जिससे अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलने में काफी दिक्कत हुई। दरवाजे तोड़कर रेस्क्यू करना पड़ा।

## फ्लाइट में 60 प्रतिशत सीटों पर अतिरिक्त चार्ज खत्म

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घरेलू हवाई यात्रा को ज्यादा सुविधाजनक बनाने के लिए नए नियम जारी किए हैं। नए आदेश के मुताबिक

- घरेलू उड़ानों में एक ही पीएनआर वाले यात्रियों को एक साथ सीट देनी होंगी

एयरलाइंस को हर फ्लाइट में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के देनी होंगी। ये निर्देश घरेलू फ्लाइट्स पर लागू होंगे। इसके अलावा एक ही पीएनआर (बुकिंग रेफरेंस) पर यात्रा करने वाले यात्रियों को एक साथ बिठाया जाएगा, बेहतर होगा कि उन्हें आस-पास की सीटों पर बिठाया जाए। मौजूदा नियमों में यात्रियों के लिए 20 प्रतिशत सीटें ही बिना एक्स्ट्रा चार्ज दिए बुक की जा सकती हैं, जबकि बाकी सीटों के लिए भुगतान करना पड़ता है। ये कदम इसलिए उठाए गए हैं क्योंकि एयरलाइंस सीट चुनने समेत कई सर्विसेस के लिए बहुता ज्यादा शुल्क वसूल रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभी एयरलाइंस सीटें चुनने पर 500 से 1200 रुपए एक्स्ट्रा चार्ज करती हैं।

## राजनीति में कभी 'फुल स्टॉप' नहीं लगता : मोदी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा से आज कई सदस्य रिटायर हो रहे हैं। खाली होने वाली इन सीटों पर कई सदस्य

- राज्यसभा सदस्यों के रिटायरमेंट पर पीएम बोले- नए सांसदों को सीखना चाहिए



निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। आज राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सभी सदस्यों के संसदीय जीवन और कार्यकाल को रेखांकित किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिटायर हो रहे सभी सदस्यों की भूमिका को लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला बताते हुए उनकी प्रशंसा की। साथ ही विदाई सत्र में पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि सदन एक ओपन यूनिवर्सिटी जैसी है। नए सांसदों को हमेशा सीखना चाहिए। पीएम मोदी ने आगे कहा कि सदन के अंदर अनेक विषयों पर चर्चाएं होती हैं, हर किसी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, कुछ खट्टे मीठे अनुभव भी रहते हैं। लेकिन, जब ऐसा अवसर आता है, तो स्वाभाविक रूप से पार्टी की भावना से ऊपर उठकर हम सबके भीतर एक जैसा भाव प्रकट होता है कि हमारे ये साथी अब किसी और विशेष काम के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ सांसद फिर से सदन में लौट सकते हैं, जबकि कुछ सामाजिक जीवन में अपने अनुभव का उपयोग करेंगे। जो नेता अब वापस सदन में नहीं आएंगे, उनके लिए मैं कहुंगा कि राजनीति में कभी फुल स्टॉप नहीं होता, उनका योगदान हमेशा देश के लिए मूल्यवान रहेगा।

## डिजिटल व बड़े बाजारों पर निगरानी बढ़ाए सीसीआई

**नई दिल्ली।** संसद की वित्त संबंधी स्थायी समिति ने कहा कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) को ऐसे क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ानी चाहिए जहां दो या कुछ ही कंपनियों का दबदबा है। समिति ने कहा ऐसे क्षेत्रों में कंपनियों के पास जरूरत से ज्यादा बाजार शक्ति हो जाती है, जिससे उपभोक्ताओं और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा पर असर पड़ सकता है। लोकसभा में पेश रिपोर्ट में समिति ने कहा कि सीसीआई को नियमित बाजार अध्ययन, प्रतिस्पर्धा जोखिम आकलन और क्षेत्र-विशेष हस्तक्षेप के जरिए डिजिटल और पारंपरिक दोनों तरह के बाजारों पर नजर रखनी चाहिए। कुछ क्षेत्रों जैसे विमानन उद्योग में दो कंपनियों का वर्चस्व होने की चिंता भी जताई गई है। समिति ने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से डिजिटल प्रतियोगिता विधेयक को जल्द लाने और इसके लिए तय समय-सीमा तय करने की भी सिफारिश की है। यह विधघेयक बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए जरूरी माना जा रहा है। रिपोर्ट में सीसीआई में कर्मचारियों की कमी का मुद्दा भी उठाया गया।

- संसदीय समिति ने की सिफारिश

## भारत ने ईरान को मेडिकल मदद भेजी

**तेहरान।** इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग के बीच भारत ने ईरान को मेडिकल सहायता की पहली खेप भेजी है। एजेंसीके मुताबिक, यह खेप ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई, जिसमें जरूरी दवाइयां और मेडिकल सप्लाई शामिल हैं। भारत में ईरान के दूतावास ने इस सहायता के लिए भारतीय लोगों का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि यह मदद सफलतापूर्वक पहुंचा दी गई है और इसे भारत के लोगों की ओर से मिला सहयोग बताया। दूतावास ने मेडिकल सप्लाई सौंपने का वीडियो भी शेयर किया। दूसरी ओर इजरायल ने दावा किया है कि उसने ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री इस्माइल खातिब को एयरस्ट्राइक में मार गिराया है।

## असम कांग्रेस के प्रद्युत बोरदोलोई बीजेपी में शामिल

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने बुधवार को बीजेपी जॉइन कर ली। उन्होंने मंगलवार को कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। वे असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में मुझे घुटन महसूस हो रही थी। मेरा अपमान किया जा रहा था। बीजेपी आज कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी कर सकती है। सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि पार्टी 126 विधानसभा सीटों में से 89 पर चुनाव लड़ेगी। बाकी 37 में से असम गण परिषद (एजीपी) 26 सीटों पर, बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## गुजरात विधानसभा परिसर में बम की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात में कई अहम स्थानों को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी मिली है। बुधवार सुबह आए ईमेल के बाद गांधीनगर में विधानसभा को खाली करवाकर चेक किया। इसके साथ मुंद्रा पोर्ट पर सुरक्षा को अलर्ट किया गया। ईमेल में अहमदाबाद के स्कूलों में भी ब्लास्ट की धमकी दी गई है। ईमेल में कच्छ जिले के मुंद्रा पोर्ट पर खड़े एलपीजी टैंकर को मिसाइल से उड़ाने की भी धमकी दी गई है। इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ राज्य के सीएम भूपेंद्र पटेल को गुजराती हिंदू चरमपंथी बताया गया है। ईमेल में अहमदाबाद के तीन स्कूलों में ब्लास्ट की धमकी दी गई है।

## कम उम्र में जांच और समय पर इलाज से घटेगा दिल का खतरा

**नई दिल्ली/ वॉशिंगटन।** हृदय रोगों को होने से पहले ही रोका जा सकता है, बशर्ते कम उम्र से जांच, सही जीवनशैली, उन्नत परीक्षण और समय पर दवा का इस्तेमाल किया जाए। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) और अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी (एसीसी) ने नए कोलेस्ट्रॉल (डिस्लिपिडेमिया) दिशानिर्देश-2026 में दिल की बीमारियों की रोकथाम के तरीके में बड़े बदलाव किए हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी में प्रकाशित इस अपडेट में साफ कहा गया है कि अब केवल 10 साल के जोखिम की बजाय पूरे जीवनकाल के खतरे को ध्यान में रखकर इलाज और रोकथाम की रणनीति तय की जानी चाहिए। नए दिशानिर्देश इस बात पर बल देते हैं कि लगभग 80 फीसदी हृदय रोगों को रोका जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि व्यक्ति कम उम्र से ही अपने कोलेस्ट्रॉल स्तर को नियंत्रित रखता है, तो भविष्य में हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है। यही कारण है कि अब इलाज की शुरुआत बीमारी के लक्षण आने के बाद नहीं, बल्कि उससे पहले ही करने की सलाह दी गई है। पहले जहां जोखिम आकलन के लिए पुराने समीकरणों का उपयोग किया जाता था, वहीं अब एथेरोस्क्लेरोटिक हृदय रोग (एएससीवीडी) प्रिवेंशन टूल को अपनाया गया है। यह नया टूल 10 साल के साथ-साथ 30 साल का जोखिम भी बताता है और व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर अधिक सटीक आकलन करता है।

- बहुत अहम हैं नए कोलेस्ट्रॉल दिशानिर्देश

**चार श्रेणियों में बांटा जोखिम**

जोखिम को चार श्रेणियों में बांटा गया है, जिससे डॉक्टर यह तय कर सकते हैं कि मरीज को दवा की जरूरत है या नहीं। नई गाइडलाइन में यह स्पष्ट किया गया है कि केवल एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। लिपोप्रोटीन (ए) यानी एलपी (ए) की जांच जीवन में कम से कम एक बार कराने की सलाह दी गई है, क्योंकि यह मुख्यतः आनुवंशिक होता है और उच्च स्तर पर जोखिम बढ़ाता है।

श्रीनगर से रिपोर्ट

फुलप्रूफ सुरक्षा इंतजामों में श्रीनगर बनेगा स्मार्ट सिटी

## कश्मीर : अब सुरक्षा के साथ विकास की भी राह

विष्णु मोहन

**स्वतंत्र भारत।** कश्मीर के हालात को संभालना ख़ासा मुश्किल है। वह भी तब जबकि विकास के कार्यों को भी बराबर से जारी रखना हो। धारा

- हालात सामान्य होने के साथ सुशासन की धमक बढ़ी
- धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा एहतियात और कड़े किए गए

370 के हटने के बाद से कश्मीर में ऊपरी तौर पर तो भले ही सब सही लगता हो लेकिन अंदर अंदर सब सही दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार भी इसे भली भांति समझ रही है। इससे निपटने के लिए हर कदम उठाने की कोशिश है। शहरों में हालात सामान्य बनाए रखने के साथ ही सुशासन बनाए रखना खासा चुनौती भरा काम है। श्रीनगर की ही बात करें तो यहां हर दर्शनीय व धार्मिक स्थल, सड़क, हर चौराहे, बाजार या भीड़ वाली जगहों पर सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। शहर से बाहर जाने वाली सभी सडकों पर सुरक्षा कर्मी दिख जाएंगे। सुरक्षा इंतजाम का यह नजारा पूरे कश्मीर में देखने को मिलेगा। चाहे वह गुलमर्ग हो या सोनमर्ग, बेताब वैली हो या कोई झील हो, सभी जगहें सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में हैं। सुरक्षा की जिम्मेदारी पैरा मिलिटरी बल संभाल रहे हैं। ख़ास बात यह है की यह सुरक्षा बल आम जन या टूरिस्ट सभी के साथ बहुत सौहार्द्रपूर्ण तरीके से व्यवहार करते हैं। ताकि किसी तरह की असहज स्थिति न उत्पन्न हो।

अगर कोई शहर से एयरपोर्ट जा रहा है तो उसे हवाई अड्डे में तो सुरक्षा जांच करानी ही होगी, हवाई अड्डे से पहले उसे सैनिक बलों की जांच से भी गुजरना होता है। कारण यह कि किसी तरह की चूक की संभावना न रहे। यह कहना गलत नहीं होगा कि हालात सामान्य बनाए रखने के लिए सुरक्षा बल हर कदम उठा रहे हैं। स्थिति यह है कि किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए शहरों में जगह जगह स्थापित सुरक्षा बलों की अस्थायी चौकियों को बाहर कंटीले तारों से घेर कर रखा जाता है। यही स्थिति धार्मिक स्थलों पर किये जाने वाले इंतजाम की भी है। इसकी वजह यह है कि रात के अंधेरे में असामाजिक तत्व कोई हरकत न कर दें। हालात को संतुलित बनाए रखने के लिए सरकार सुरक्षा इंतजाम के साथ विकास के कार्यों पर भी जोर दे रही है। अभिसूचना तंत्र को मजबूती देने की कोशिश के साथ ही श्रीनगर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से स्थानीय पुलिस व प्रशासन को भो जोड़ा गया है। शहर के आंतरिक मामलों से इन विभागों को तत्काल कार्यवाही के लिए निरंतर सम्पर्क में रखा जाता है। कश्मीर की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सुरक्षा प्रबंध वैसे भी जबरदस्त चुनौती वाला काम है। पैरा मिलिट्री फ़ोर्स के साथ ही जम्मू कश्मीर पुलिस भी लगभग सभी प्रमुख स्थलों पर मुस्तैद दिखती है। पाकिस्तान सीमा पास में ही होने की वजह से पूर्व में श्रीनगर में आतंकी गतिविधियां बनी रहती थीं। पिछले कई सालों से इन पर अंकुश लगा है। ऐसी गतिविधियां फिर न हो, इसे रोकने की पुरजोर कोशिशें चल रही हैं। लोगों में सरकार के प्रति विश्वास बना रहे इसके लिए रोजगार के अवसर निकालने के साथ ही स्थानीय शिल्प को बढ़ावा दिया जा रहा है। हर संभव प्रजेक्ट लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक़ हालात को सामान्य बनाए रखने के लिए हर कदम उठाए जा रहे हैं।

## पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने गणतंत्र दिवस 2027 पर घोषित होने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय के अनुसार इच्छुक लोग और संस्थाएं 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। सभी नामांकन केवल राष्टीय पुरस्कार पोर्टल के जरिए ही स्वीकार किए जाएंगे। पद्म पुरस्कार देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। इनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री दिए जाते हैं। ये सम्मान कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान, सामाजिक सेवा और उद्योग जैसे कई क्षेत्रों में असाधारण योगदान के लिए दिए जाते हैं।

# उन्नाव समाचार

## सीएचसी पुरवा में 25 दिन से ब्लड जांच मशीन ठप, मरीजों को निजी लैब का सहारा

### एसडीएम से शिकायत, जल्द व्यवस्था बहाल की मांग

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) पुरवा उन्नाव- नगर के मोहल्ला बेगमगंज निवासी युवक ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले 25 दिनों से अस्पताल की बायोकेमिस्ट्री जांच मशीन खराब पड़ी है। इसके चलते मरीजों की बुनियादी जांचें पूरी तरह से ठप हो गई हैं। गरीब मरीजों को बाहर निजी पैथोलॉजी सेंटरों में महंगी दरों पर जांच करानी पड़ रही है। बुधवार को नगर के मोहल्ला बेगमगंज निवासी अदीब हसन ने एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव को शिकायती पत्र सौंप कर बताया है कि सीएचसी पुरवा पर कस्बे और आसपास के दर्जनों ग्रामीण क्षेत्रों की करीब एक लाख की आबादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए निर्भर है। अस्पताल में मरीजों के खून की विभिन्न जांचों के लिए श्सेलेक्ट्रा प्रो एमश् मशीन स्थापित है। लेकिन बीते 25 दिनों से यह महत्वपूर्ण मशीन शोपीस बनी हुई है। इसके बंद होने के कारण अस्पताल में लिवर, किडनी और कोलेस्ट्रॉल जैसी अत्यंत आवश्यक जांचें नहीं हो पा रही हैं। रोजाना अस्पताल आने वाले गरीब और असहाय मरीज जांच न हो पाने के कारण या तो बिना इलाज के लौट रहे हैं, या फिर उन्हें मजबूरी में प्राइवेट लैब जाना पड़ रहा है। निजी लैब संचालक मरीजों से इन जांचों के एवज में मनमाने रुपये वसूल रहे हैं, जिससे गरीब जनता का आर्थिक शोषण हो रहा है।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से नायब तहसीलदार गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- कोतवाली क्षेत्र के हरदोई-उन्नाव मार्ग पर स्थित ग्राम आलमपुर रेतवा के निकट बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में कन्नौज में तैनात नायब तहसीलदार गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को यहां के सरकारी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया गया। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माथर निवासी धनीराम वर्मा पुत्र छेदालाल कन्नौज में नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार को वह अपनी बाइक से ड्यूटी पर कन्नौज जा रहे थे। जैसे ही वह हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित ग्राम आलमपुर रेतवा के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पलट गई और नायब तहसीलदार गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणो की मदद से घायल को यहां के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रिश्तेदारी में ले जाने के बाद चालक संदिग्ध हालात में घायल मिला, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम खेड़ा निवासी सुखबीर पुत्र मिश्रीलाल संदिग्ध परिस्थितियों में घायल अवस्था में गंगा एक्सप्रेसवे के टोल नाका के पास मिला। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया और उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि सुखबीर गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ी बस का चालक है और मजदूरों को लाने-ले जाने का कार्य करता है। बीते 12 मार्च की सुबह करीब 7 बजे गांव का ही विनोद पुत्र रामपाल उसे अपने साथ कहीं ले गया था। कुछ देर बाद विनोद ने ही मोबाइल से परिजनों को सूचना दी कि सुखबीर एक्सप्रेसवे पर लड़ाई-झगड़ा कर रहा है। इस पर सुखबीर के भाई अंकित ने उससे फोन पर बात की तो उसने बताया कि वह सुरक्षित है और विनोद, श्रीकांत व दिलीप उसे रिश्तेदारी में लेकर आए हैं, जहां वह कोल्ड ड्रिंक पी रहा है। शाम करीब 5 बजे सुखबीर एक्सप्रेसवे के टोल नाका के पास गंभीर रूप से घायल हालत में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल अस्पताल ले गए। घटना को लेकर सुखबीर के पिता ने बेहटा मुजावर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## नवरत्न के नाबाद शतक से पीकेसी की शानदार जीत, यूसीसी को 9 विकेट से हराया



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित श्याम प्रकाश श्रीवास्तव अंडर-23 जनपदीय क्रिकेट लीग के तहत रामकली स्टेडियम, शुक्लागंज में खेले गए चैथे लीग मैच में पीकेसी ने यूसीसी को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। मैच में पीकेसी के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूसीसी की टीम 40 ओवर के निर्धारित मैच में 35.4 ओवर में 197 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से शुभम यादव ने शानदार 95 रन और प्रियांशु रावत ने 29 रनों का योगदान दिया। पीकेसी की ओर से गेंदबाजी में नवरत्न और रौनक सिंह ने तीन-तीन विकेट हासिल किए, जबकि देवांश ने दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीकेसी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महज एक विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। नवरत्न ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 109 रन बनाए, जिसमें 14 चैके और 5 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा सुयश सिंह ने नाबाद 39 रन और विकास ने 37 रनों का योगदान दिया।

यूसीसी की ओर से प्रांशु रावत ने एकमात्र विकेट लिया। मैच के बाद नवरत्न को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी के मिश्रा द्वारा प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस दौरान साकिर हुसैन भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता मंत्री ओम मिश्रा ने उक्त जानकारी दी।



## ट्रैफिक जागरूकता अभियान, फैक्ट्री कर्मियों को नियमों का दिया गया प्रशिक्षण

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- सड़क हादसों को रोकने के उद्देश्य से ट्रैफिक विभाग द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नवाबगंज स्थित एक फैक्ट्री में ट्रैफिक विभाग और पुलिस अधिकारियों ने पहुंचकर कर्मचारियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने फैक्ट्री कर्मियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया गया। इसके साथ ही अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि नाबालिगों को वाहन न चलाने दें, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके। ट्रैफिक विभाग का कहना है कि इस तरह के जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेंगे, जिससे लोगों में यातायात नियमों के प्रति समझ और जिम्मेदारी बढ़ सके।

## पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बेहटा मुजावर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कांटा गुलजारपुर के मजरा कलवार ताल निवासी राजकुमार पुत्र रामदयाल के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। घटना के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। बुधवार को दरोगा सुनील कुमार अपने हमराह सिपाही जितेंद्र और रामनिवास के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को थाने लाकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की गई। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## यूपी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर निराला प्रेक्षागृह में भव्य कार्यक्रम, शिक्षकों व बच्चों को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उन्नाव के निराला प्रेक्षागृह में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए किया गया। विधायक ने प्रदर्शनी में सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों से संबंधित चित्रों व विवरणों का अवलोकन कर सराहना की। इसके बाद विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग के 524 निपुण विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आरटीई के तहत प्रवेश पाने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजधानी लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसे बड़ी संख्या में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और लाभार्थियों ने देखा। इस मौके पर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के स्टालों का निरीक्षण कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया और उनके उत्पादों की सराहना की। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि इन उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जाए ताकि महिलाओं की आय में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, जिला पर्यटन अधिकारी संतोष कुमार, उपनिदेशक कृषि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी समेत कई जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## शहीद शशिकांत तिवारी की पुण्यतिथि पर प्रतिमा का अनावरण

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- अमर शहीद शशिकांत तिवारी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह प्रतिमा पूरन नगर के पास बरवट स्थित नव निर्मित प्रेरणास्थल पार्क में स्थापित की गई है। उन्नाव सदर से भाजपा विधायक पंकज गुप्ता ने अपने निजी संसाधनों से प्रतिमा का अनावरण किया और शहीद को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। ज्ञात हो कि 18 मार्च 2019 को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए नक्सली हमले में पूरन नगर निवासी शशिकांत तिवारी शहीद हो गए थे। घटना के बाद परिजनों ने उनकी स्मृति में पार्क और प्रतिमा स्थापित करने की मांग की थी, लेकिन लंबे समय तक मांग पूरी नहीं हो सकी। इसके बाद विधायक पंकज गुप्ता ने पहल करते हुए अपने निजी प्रयासों से पार्क का निर्माण कराया और शहीद की स्मृति को स्थायी रूप देने का कार्य किया।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त सैनिकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि देश की सुरक्षा वीर सैनिकों के बलिदान पर टिकी है और हमें उनके योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए।

# कानपुर देहात समाचार



## मिट्टी खनन माफियाओं पर ैक्ड का सख्त ऐलान - भारी जुर्माना और वाहन होगा सीज

रसूलाबाद कानपुर देहात। अवैध मिट्टी खनन पर सख्त रुख अपनाते हुए उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने खनन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ भारी जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए हैं।तहसील मुख्यालय पर पुलिस लेखपाल वन विभाग और पत्रकारों की बैठक में एसडीएम ने सभी अधिकारियों को सतर्क किया।उन्होंने कहा कि मिट्टी खनन की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर जांच करें और ग्राम समाज या वन विभाग की जमीन पर खनन पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई कर भारी जुर्माना लगाएं और वाहन सीज कर दें। उन्होंने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कोई ढील नहीं बरती जाएगी। बैठक में पत्रकारों ने वन विभाग के रेंजर पर खनन माफियाओं से सांठगांठ का आरोप लगाया। इस पर एसडीएम ने चेतावनी दी कि कार्यशैली में सुधार लाएं वरना जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जाएगी। बैठक में तहसीलदार संतोष कुमार नायब तहसीलदार शिव दर्शन सिंह सीओ आलोक कुमार कोतवाल एसएन सिंह सदर कस्बा प्रभारी प्रमोद दीक्षित सभी चौकी प्रभारी लेखपाल और कानूनगो मौजूद रहे।

## प्रदेश सरकार के नव वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम का हुआ प्रसारण

**माती कानपुर देहात।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण जनपद स्तर पर माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधियों अधिकारियों एवं लाभार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति में देखा एवं सुना गया। इसी क्रम में जनपद कानपुर देहात में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर रसूलाबाद विधायक पूनम शंखवार भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल अपर जिलाधिकारी ;प्रशासनद्ध अमित कुमार अपर जिलाधिकारी ;न्यायिकद्ध दिग्विजय सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण सम्मानित पत्रकार बंधु एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री जी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल एवं प्रदर्शनी के अवलोकन से हुआ। इस दौरान मंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टॉलध्प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की व्यापक जानकारी दी जाए तथा पात्र किन्तु वंचित व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। मंत्री जी द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। तत्पश्चात मंत्री जी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम पुस्तक विमोचन संबोधन एवं अन्य गतिविधियों के सजीव प्रसारण को देखा गया।

## रसूलाबाद में हाजी फैजान खान की पैगाम-ए-मोहब्बत इफ्तार पार्टी आज

**पूर्व मंत्री शकील खान भी शरीक होंगे**

**हाजी फैजान खान ने बताया यह इफ्तार पार्टी क्षेत्रीय एकता को मजबूत करने का एक और उदाहरण बनेगी**



**रसूलाबाद कानपुर देहात।** रमजान के पवित्र माह में भाईचारे और मोहब्बत का संदेश देने वाली पैगाम.ए.मोहब्बत इफ्तार पार्टी की तैयारियां जोर.शोर से चल रही हैं। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान द्वारा आयोजित यह भव्य इफ्तार पार्टी आज शाम हजरत गुलपीर शाह बाबा के पवित्र प्रांगण में आयोजित होगी।स्थानीय निवासियों और विभिन्न समुदायों के लोगों में इस आयोजन को लेकर उत्साह चरम पर है।

हाजी फैजान खान ने बताया कि रमजान का पवित्र मास रोजेदारों के लिए इबादत का महीना है। रोजा इफ्तार कराना सर्वोच्च पुण्य का कार्य है जो सभी धर्मों के लोगों को एकजुट करता है। इस इफ्तार पार्टी में स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ दुआओं का भी आयोजन होगा। जिसमें समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद शकील खान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

हाजी फैजान खान ने नगरवासियों सहित सभी भाई.बहनों को इस इफ्तार पार्टी में शामिल होने का आह्वान किया है। और कहा कि मिलकर रमजान की फिजा में एकता का पैगाम फैलाएं।

उन्होंने कहा कि इस बार यह इफ्तार पार्टी क्षेत्रीय एकता को मजबूत करने का एक और उदाहरण बनेगी। उन्होंने कहा कि तैयारियां अंतिम चरण में हैं जिसमें हजारों लोगों के लिए फलाहार और विशेष व्यवस्था की गई है।

## आज पालकी में सवार होकर भक्तों के धर आएगी जगदम्बे







**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** आज गुरुवार से चैत्र नवरात्रि उत्सवों का शुभारंभ होगा देवी मंदिरों में बुधवार को तैयारियां जोरों पर होती दिखाई दी अकबरपुर में मां कालिका देवी मंदिर में जहां साफ़ सफाई का काम होता दिखाई दिया तो वहीं दूसरी ओर मंदिरों के बाहर फूल मालाओं चुनरी नारियल आदि की सजी दुकानें नवरात्रि के आगमन की गवाह बनी रही जिले के प्रख्यात पुरोहित पंडित दिनकर त्रिपाठी के अनुसार कलश स्थापना का पहला शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 53 मिनट से 10 बजकर 36 मिनट तक जबकि दूसरा अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 5 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा उन्होंने बताया कि गुरुवार से नवरात्रि शुरू होने के कारण मां भगवती का आगमन पालकी में होंगा उन्होंने सभी भक्तों से माता का स्वागत करने का आवाहन किया है इसी प्रकार अशोक नगर की काली मठिया शीतला माता मंदिर श्री सुंदर विद्या शिव मंदिर सहित मूसानगर की मां मुक्तेश्वरी देवी के दिव्य दर्शन लाभ का आनंद प्राप्त करने के लिए भी हजारों भक्तों का आगमन प्रस्तावित है मंदिरों को जाने वाले आम रास्तों पर नगर पंचायत प्रशासन साफ सफाई के इंतजामों में व्यस्त रहा तो सुरक्षा को लेकर पुलिस महकमा भी खासा गम्भीर दिखाई दिया। मान्यता है कि चैत्र नवरात्रि मानव जीवन के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण साबित होते हैं इन नवरात्रि में मां जगत जननी आदिशक्ति जगदंबा हर प्रकार से अपने भक्तों का कल्याण करती हैं इस कारण जगह जगह महामाई के पंडाल सजाए जाते हैं और लगातार पूरे नवरात्रि उनका सुबह और शाम दोनों याम विधिवत पूजन किया जाता है इस बार नवरात्रि गुरुवार को प्रारम्भ हो रही है जिसके चलते बताया गया कि मां पालकी में विराजमान होकर भक्तों के धर आएगी क्षेत्र के देवी मंदिरों में चल रही तैयारियों ने नवरात्रि के आगमन की सुगबुगाहट तेज हो गई बुधवार को प्रमुख मंदिरों में विशेष साज सज्जा और सफाई के काम होते रहे मूसानगर में मां मुक्तेश्वरी के दर्शनों को जुटने वाली भक्तों की भारी संख्या को देख पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए हैं बताया गया कि मंदिरों में भक्तों को किसी परेशानी का सामना ना करना पड़े और कोई भी व्यक्ति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ न कर सके इसके लिए यदि आवश्यक हुआ तो ड्रोन से भी निगरानी कराई जाएगी।

## जातिगत गाली-गलौज और मारपीट पर 7 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सहबाजपुर निवासी लालमन पुत्र मुंशीलाल की तहरीर पर डूडावर गांव के ढुनगू पुत्र अशर्फीलाल अमित पुत्र कुंवर सिंह विमल पुत्र अज्ञात विनय पुत्र ढुनगू सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ बेवजह जातिसूचक शब्दों से गाली.गलौज करने और विरोध करने पर सिर पर वार कर घायल करने और लाठी.डंडों से पीटने का मामला दर्ज हुआ है। पीड़ित के अनुसार रोति यादव पुत्र अज्ञात ने भी जातिगत अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। बचाव के लिए पहुंचे चंदू पुत्र सोनेलाल को भी हमलावरों ने जमकर पीटा। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस मामले में थाने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 0112/2026 धारा 115;2/351;3 / 352/3;5 बीएनएस तथा 3;2;5एद्ध ैब्ै.ज् एक्ट के तहत पंजीकृत की गई है। इस प्रकरण की विवेचना क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार द्वारा की जा रही है।

## हिन्दुत्व समन्वय समिति का सदस्यता अभियान एक मई से



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** समाज के बिल्कुल आखिरी पायदान तक पर खड़े व्यक्ति को सनातन की मुख्य धारा से जोड़ने के साथ बेजुबानों और मानव सेवा में समर्पित संगठन हिन्दुत्व समन्वय समिति का सदस्यता अभियान एक मई से प्रारंभ होगा संगठन के राष्ट्रीय संस्थापक नरेंद्र मिश्रा एवं राष्ट्रीय गौरक्षा प्रमुख प्रशांत अवस्थी द्वारा गुरुवार को वार्ता करते हुए बताया गया कि देश में आएं किसी भी प्रकार के संकट में संगठन समर्पण भाव से खड़ा रहा है और सनातन संस्कृति की जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ संगठन बेजुबानों की सेवा में भी अपने अतुलनीय योगदान के चलते सभी के हृदय पटल पर अपना विश्वास भरा स्थान क़ायम कर चुका है उन्होंने कहा कि अब वह समय आ गया है जब हमें संगठन को और अधिक मजबूत बनाना होगा उन्होंने सभी से आह्वान किया है कि किसी और की ना सही कम से कम अपने सनातन के लिए सभी लोग संगठन की सदस्यता ग्रहण करें उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में शिविर लगाकर भी सदस्य बनाए जाएंगे। हिंदू वादी विचार धारा में सभी को जोड़ने के कार्य में समर्पित रहने के चलते नरेंद्र मिश्रा एवं प्रशांत अवस्थी का नाम अब किसी परिचय का मोहताज नहीं रहा है करोना काल में इनके द्वारा किए गए कार्य लोगों के सिर चढ़कर बोलते हैं ठेठ हिन्दुत्व कार्यशैली के कारण कुछ लोगों की आंख में किरकिरी साबित भले ही क्यों ना होते हो लेकिन इन युवाओं का जज्बा काबिले तारीफ नजर आता है गौरक्षा के मामलों में तो जान की बाज़ी लगाने में भी ये पीछे नहीं हटते अपने धर्म और संस्कृति के लिए सदैव तत्पर रहने के चलते आज सम्पूर्ण भारत वर्ष में अपनी और संगठन की कामयाबी की इबारत लिखने वाले युवाओं ने अब संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का वीणा उठा लिया है गुरुवार को दैनिक स्वतंत्र भारत से वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि एक मई से सदस्यता अभियान शुरू हो रहा है उन्होंने सभी से अपनी संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए संगठन से जुड़ने का आवाहन किया है उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के चालीस जनपदों में शिविर लगाकर सदस्य बनाए जाएंगे।







## नवरात्रि भर मंदिरों में चलेगा विशेष सफाई अभियान



-मेयर ने बारादेवी मंदिर में झाड़ू लगाकर की शुरूआत
स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। नवरात्रि से एक दिन पहले महापौर प्रमिला पांडे बुधवार सुबह बारादेवी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद खुद झाड़ू उठाकर मंदिर परिसर की सफाई की। यह देख अन्य लोग भी सफाई अभियान में जुट गए।

बुधवार को महापौर मंदिर पहुंची तो क्षेत्रीय लोगों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने गर्भगृह में मां बारादेवी की पूजा की। मंदिर कमेटी की प्रबंधक रूपम शर्मा ने उन्हें माता का आशीर्वाद और श्रृंगार सामग्री भेंट की। इसके बाद महापौर ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते हुए खुद सफाई की, जिसे देख वहां मौजूद महिलाएं और कार्यकर्ता भी श्रमदान में जुट गए। महापौर ने कहा कि नवरात्रि के दौरान शहर के प्रमुख मंदिरों बारा देवी, तपेश्वरी, बड़ी काली और कुष्मांडा देवी में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसकी शुरुआत बारा देवी मंदिर से की गई है और सभी पार्षदों को अपने-अपने क्षेत्रों में मंदिरों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर ने कहा कि नवरात्रि में मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ती है, ऐसे में नगर निगम की टीमें पूरी तरह मुस्तैद रहेंगी। उन्होंने कहा कि वह खुद भी विभिन्न मंदिरों का निरीक्षण करेंगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। साथ ही लोगों से अपील की कि वे त्योहार के दौरान अपने आसपास और धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखें।

इनसेट

पार्षद ने बताई सीवर की समस्या

मंदिर से बाहर निकलते समय वार्ड 38 के पार्षद हरि स्वरूप तिवारी ने उन्हें रोककर क्षेत्र की सीवर समस्या उठाई। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जनता परेशान है और समाधान नहीं हो रहा। इस पर महापौर ने कहा कि अभी मैं मंदिर दर्शन करने आई हूं। जल्द ही समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

## मैक्स हॉस्पिटल के हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ विशाल शहर में देंगे ओपीडी सेवा

**-कानपुर कार्डियोलॉजी सेंटर में माह के प्रथम बुधवार को देंगे परामर्श सेवाएं**



**कानपुर।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ ने बुधवार को शहर में मासिक कार्डियोलॉजी ओपीडी सेवा शुरू करने की घोषणा की है। यह ओपीडी सेवा कानपुर कार्डियोलॉजी सेंटर के सहयोग से शुरू की गई है। इस अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी के यूनिट हेड डॉ विशाल श्रीवास्तव तथा कानपुर कार्डियोलॉजी सेंटर के कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ मनीष गुप्ता मौजूद रहे। कार्डियक साइंसेज के क्षेत्र में 22 वर्षों का अनुभव रखने वाले डॉ विशाल श्रीवास्तवए अब हर महीने के पहले बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्वरूप नगर स्थित कानपुर कार्डियोलॉजी सेंटर में मरीजों को प्राथमिक जांच, परामर्श और फॉलो-अप सेवाएं प्रदान करेंगे। इस पहल पर डॉ विशाल श्रीवास्तव ने कहा भारत में दिल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में समय पर डॉक्टर से सलाह और शुरुआती जांच बहुत महत्वपूर्ण होती है। शहर में इस ओपीडी सेवा की शुरुआत का उद्देश्य यह है कि आसपास के मरीजों को उन्नत कार्डियक विशेषज्ञता उनके शहर के पास ही मिल सके, ताकि उन्हें इलाज में देरी न हो। यहां मरीजों को पूरी तरह से जांच, परामर्श और रोकथाम के साथ-साथ उन्नत इलाज के विकल्पों के बारे में भी सटीक सलाह मिलेगी। डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि अक्सर मरीज शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज करते हैं। इनमें सीने में दर्द या भारीपन, जबड़े, बाएं कंधे, हाथ, कोहनी या पीठ में दर्द, सांस फूलना, ठंडा पसीना आना, मितली, ज्यादा थकान, चक्कर आना या बेहोशी जैसे लक्षण शामिल हो सकते हैं। यह लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं और मरीज बीमारी के अलग-अलग चरणों में डॉक्टर के पास पहुंचते हैं। अगर समय रहते जांच हो जाए तो दिल की कई बीमारियों का असरदार इलाज संभव है। इस पहल से विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह, सही समय पर जांच और आगे के इलाज की सुविधा मरीजों को उनके घर के करीब ही मिल सकेगी।

## पति ने युवती को किया जान से मारने की प्रयास

**-एडीसीपी के आदेश पर चकेरी पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**



**कानपुर।** एक महिला ने पति पर अवैध संबंध का विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना में महिला की नाक की हड्डी टूट गई है। एडीसीपी के आदेश पर पति के खिलाफ हत्या का प्रयास जैसी गंभीर धाराओं में चकेरी थाने में मामला हुआ है।

सनिगवां निवासी पीड़िता ने बताया कि उनकी शादी 12 साल पहले हुई थी, उनके दो बेटे हैं। आरोप है कि पति अरशद अंसारी का क्षेत्र की एक महिला के साथ अवैध संबंध है। जब पीड़िता इस संबंध का विरोध करती थी, तो पति उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करता था। 8 मार्च को पति महिला से फोन पर बात कर रहे थे। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो पति ने कॉल काट दी और उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने कहा आज तुझे काटकर तेरी हत्या कर देंगे, आज ही सारा मामला खत्म हो जाएगा। जब महिला ने 112 पर कॉल करने के लिए अपना मोबाइल निकाला, तो पति आग बबूला हो गया और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में महिला की नाक की हड्डी टूट गई। आरोपी पति ने उसे दीवार से लड़ाकर पीटा और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। किसी तरह महिला अपनी जान बचाकर कमरे में घुस गई और अंदर से कुंडी लगा ली। इसके बाद आरोपी पति ने धमकी दी कि वह पेट्रोल लाकर उसे कमरे में जिंदा जला देगा। महिला ने कमरे में रखे अपनी देवरानी के मोबाइल से अपने भाई को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण कराया और जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एडीसीपी अंजलि विश्कर्मा ने कहा कि एफआईआर दर्ज करने में देरी करने वाले पुलिसकर्मियों की जांच कराई जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यो पर हीलाहवाली बरतने पर खंड शिक्षा अधिकारी निलंबित

कानपुर। बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह ने 31 जनवरी को रिपोर्ट भेजी थी। इसमें बीईओ पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। अपर शिक्षा निदेशक कामता राम पाल की ओर से जारी आदेश के बाद निलंबन तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया। बीईओ पर शिक्षकों के मानव संपदा पोर्टल पर अवकाश, बिना कारण निरस्त करना, विभागीय बैठकों, खासकर जिलाधिकारी की समीक्षा बैठकों में अनुपस्थित रहना, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के समर कैंप का मानदेय समय से न देना, स्पष्टीकरण नोटिस का जवाब न देना, सेवानिवृत्त शिक्षक जियाउल्लाह खां की फाइल लंबित रखना व जांच समिति के समक्ष उपस्थित न होना समेत कई आरोप हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारी की कार्यशैली से विभाग की छवि प्रभावित हो रही थी और कामकाज में बाधा उत्पन्न हो रही थी। बार-बार समय मांगने और जवाब न देने से जांच भी प्रभावित हुई। फिलहाल पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है। सूत्र बताते हैं कि बीईओ और शिक्षकों के बीच काफी लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसमें शिकायतों के के आधार पर जांच के बाद यह कार्रवाई हुई है।

# भार्गव हॉस्पिटल में परिजनों का हंगामा, कर्मचारियों को पीटा

-स्टॉफ की लापरवाही से हुई मरीज की मौत
स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। किदवई नगर स्थित भार्गव हॉस्पिटल में इलाज के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। इलाज में लापरवाही का आरोप लगा परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। अस्पताल कर्मचारियों ने इसका विरोध किया तो परिजनों ने उनकी पिटाई कर दी। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंची जूही पुलिस से परिजनों ने कहा कि सफाई कर्मचारी आईसीयू का संचालन कर रहे है, मरीज दिखाने की बात कहने पर कर्मचारियों ने अभद्रता की। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। जिसके बाद परिजन शव साथ लेकर घर चले गए।

बाबूपुरवा के मुंशीपुरवा रामलीला मैदान के पास रहने वाले रमेश बाबू द्विवेदी रिटायर्ड टीचर हैं। मंगलवार रात उनकी पत्नी सुधा को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इस पर बेटा विकास ने उन्हें लेकर ओ ब्लाक किदवई नगर स्थित भार्गव नर्सिंग होकर लेकर पहुंचा, जहां डाक्टर ने गंभीर हालत में उन्हें वेंटीलेटर पर भर्ती कर लिया। विकास का आरोप है कि रातभर इलाज के नाम दवाइयां मंगवाते रहे, लेकिन हालत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। बुधवार सुबह बताया कि उनकी पल्स गिरती जा रही है और उन्हें कार्डियोलाजी के लिए रेफर करने लगे। जब उन्होंने आईसीयू में जाकर देखा तो मां की सांस भी नहीं चल रही थीं। उन्हें विरोध करने के कुछ देर बाद डाक्टर ने मां को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए। परिजनों ने लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया।

हंगामा कर रहे परिजनों को अस्पताल कर्मियों ने गेट से बाहर निकालने की कोशिश की तो उनके बीच हाथापाई हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर हंगामा शांत कराया। जूही थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि इलाज के दौरान महिला की मौत पर परिवार वालों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया था। हालांकि परिवार वालों ने कार्रवाई के लिए इंकार करके तहरीर देने से मना कर दिया। इसके बाद वह शव लेकर चले गए।

## तेज रफ्तार बाइक खंभे से टकराई, युवक की मौत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। नजीराबाद में देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में रेस्टोरेंट कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कर्नलगंज निवासी आयुष सोनकर गोविंद नगर स्थित मेड्यूसा रेस्टोरेंट में काम करता था। परिवार में मां सोनी, दो भाई सौरभ व गौरव है। छोटे भाई गौरव ने बताया कि रोज की तरह मंगलवार रात करीब 3 बजे आयुष बाइक से घर लौट रहा था। वह लाजपत नगर स्थित होटल हवेली के पास पहुंचा ही था, तभी उसकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई। हादसे में आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे बाइक सवार दो युवकों ने घटना की जानकारी नजीराबाद पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आयुष को हैलट अस्पताल में भर्ती करा कर उसके दोस्त सुशांत को घटना की जानकारी दी। परिजन जब तक हैलट पहुंचे तब तक आयुष की मौत हो चुकी थी। मामले में नजीराबाद थाना प्रभारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि बाइक अनियंत्रित होने से हादसा हुआ है, अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हुई है। परिजनों की ओर से कोई तहरीर नही मिली है।

# कैटर्स एसोसिएशन ने मण्डलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**-कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई ठप होने से बढ़ा संकट**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई ठप होने से होटल, रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर हैं। इस समस्या को लेकर बुधवार को कैटर्स व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त के.विजेंद्र पांडियन को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कैटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार ने बताया कि गैस सप्लाई बंद होने के कारण उनका कारोबार लगभग ठप हो चुका है। शादी-विवाह और अन्य आयोजनों पर भी इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है। इस संकट का सबसे ज्यादा असर रेहड़ी-पटरी पर भोजन बेचने वाले छोटे कारोबारियों पर पड़ा है। जो पूरी तरह गैस सिलेंडर पर निर्भर हैं। इसके साथ ही शहर में काम करने वाले प्रवासी मजदूरों का भोजन भी काफी हद तक इन्हीं छोटे ठेलों और भोजनालयों पर निर्भर रहता है। जिससे उनके सामने भी भोजन की समस्या खड़ी हो रही है। महामंत्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि सभी प्रतिष्ठान गैस पर आधारित हैं। ऐसे में वैकल्पिक ईंधन अपनाने में कम से कम 15 दिन का समय लगेगा, तब तक कारोबार प्रभावित रहेगा। कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई तुरंत शुरू की जाए या अस्थायी रूप से छोटे सिलेंडरों को कमर्शियल उपयोग की अनुमति दी जाए। जिससे कारोबार प्रभावित न हो। व्यापारियों का कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं निकला तो शहर में खाद्य सेवाएं पूरी तरह प्रभावित हो सकती हैं।

## करेंट की चपेट में आने से किसान की मौत, हंगामा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र के पुरवामीर गांव में हाईटेंशन लाइन के टूटे तार की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। वहां मौजूद ग्रामीण ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। वहीं ग्रामीणों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि सुरज रोजाना की तरह कल्लू और अर्जुन सहित कुछ अन्य लोगों के साथ साइन सिटी की ओर बकरियां चराने गए थे। दोपहर करीब 11 बजे साइन सिटी की बिल्डिंग के पास एक टूटा हुआ बिजली का तार पड़ा था। इसकी चपेट में आने से एक बकरी गंभीर रूप से झुलस गई। बकरी को बचाने के लिए सुरजन नीचे गड्ढे में कूदे, जहां वह भी उसी तार की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। परिजनों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि करीब एक साल पहले आई आंधी में एक बिजली का खंभा गिर गया था और एक ट्रांसफार्मर भी झुका हुआ था। परिजनों ने बताया कि 11 हजार वोल्ट की लाइन जमीन से छू रही थी, जिसकी शिकायत कई बार की गई थी, लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। मृतक सुरजन के परिवार में उनकी पत्नी रामसखी, चार बेटे प्रहलाद, एहलाद, गगन, अनुज और दो बेटियां सुरेखा व सुनीता हैं। घटना की सूचना मिलने पर राजस्व टीम के लेखपाल वीरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। महाराजपुर इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एसएफ ग्राउंड में प्रस्तावित एडब्ल्यूईआईएल कार्यालय के विरोध में प्रदर्शन



**-यूनियन नेता ने बोले, मामला कोर्ट में है विचाराधीन**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** अरमापुर एसएफ ग्राउंड पर ए.डब्ल्यू.ई.आई.एल. द्वारा प्रस्तावित भूमि पूजन का कार्यक्रम के विरोध में खिलाड़ियों व यूनियन नेताओं ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। सूचना पर अरमापुर व पनकी थाने की फोर्स मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। यूनियन नेताओं का कहना है कि जब न्यायालय में इसका मुकदमा विचाराधीन है तो आप लोग निर्माण कैसे कर सकते हैं।

अरमापुर स्टेट में स्थित खाली पड़े खेल मैदान पर बुधवार को आयुध निर्माणी के अधिकारियों द्वारा भूमि पूजन की तैयारी की जा रही थी। जैसे ही कार्यक्रम की शुरुआत हुई तो क्षेत्रीय लोग, खिलाड़ी और यूनियन नेताओं ने हंगामा करना शुरू कर दिया। लोगों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए अधिकारियों को पीछे हटना पड़ा और बिना भूमि पूजन किए ही वापस लौटना पड़ा। ए.डब्ल्यू.ई.आई.एल. की तरफ से आए सीजीएम ओएफसी आलोक कुमार सिंह, डीजीएम एच आर प्रवीण शुक्ला को यूनियन नेताओं ने न्यायालय में आपके वकील के द्वारा लिख कर दिया गया है कि कोई भी निर्माण कार्य नहीं करेंगे फिर आप लोग यहां पर भूमि पूजन करने किस अधिकार से आ गए। विरोध प्रदर्शन देख अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जब कोर्ट द्वारा निर्णय हो जाएगा तभी हम कोई कार्य करेंगे। प्रदर्शन में छबि लाल यादव, पुष्पेंद्र जायसवाल, एसके सचान, निर्भय सिंह, राजीव सिंह, प्रेम नारायण, विनोद तिवारी, अरुण पांडे, संतोष यादव, आवेश ,कौशिक, रामचंद्र वर्मा, ओमवीर चौहान, राकेश यादव, प्रभु नाथ, बालवीर शंकर, अभिषेक आदि लोग उपस्थित रहे। अरमापुर थाना प्रभारी मनोज पांडेय ने भारी पुलिस बल के साथ प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि प्रदर्शनकारी इस बात पर अड़े रहे कि जब मामला कोर्ट में लंबित है, तब तक मैदान पर किसी भी तरह का निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**कानपुर।** पनकी में रेलवे ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पनकी थाना क्षेत्र के गोपालपुर चौकी के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरो ने 112 नम्बर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पनकी थाने का फोर्स मौके पर पहुंचा और घटना की जाँच पड़ताल शुरू की। जाँच पड़ताल के दौरान पुलिस को कोई ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला जिससे महिला के शव की शिनाख्त हो सके, जिसके बाद पुलिस ने महिला के शव की फोटो खींचकर आस पास ग्रामीणों को भेजा और शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। पनकी थाना प्रभारी मनोज भदौरिया ने बताया कि महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम की मोर्चारी में रखवाया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ग्राम प्रधान मैं हूं, तो जमीन मेरी हुई अगर लेना है 25 लाख दो...

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। चौबेपुर के चन्द्रिका गांव में एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। जहां ग्राम प्रधान ने अपने साथियों के साथ समिति के अध्यक्ष व जमीन खरीदने वाले महिला को धमकी देते हुए 25 लाख की रंगदारी मांगी है। ग्राम प्रधान का कहना है कि रूपए देने के बाद ही जमीन का निस्तारण हो पाएगा, वरना अफसरों को फर्जी प्रार्थना पत्र देकर उक्त जमीन पर अड़ंगा लगाए रहेंगे। पीड़ितों ने चौबेपुर थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

- **अफसरों को फर्जी प्रार्थना देकर पीड़ितों का रहा मानसिक प्रताड़ित**
- **तहसीलदार ने लगाए गए आरोपों की कराई जांच, निकला फर्जी**
- **चौबेपुर के चन्द्रिका गांव का है मामला**

प्रबंधक ने बताया कि समिति के आधीन कुछ भाग गाटा सं. 51, 54, 55, 56 57 जो कि निष्प्रयोज्य थे। समिति की आय छिन्न हो गयी, जो कि ग्राम चौबेपुर पक्खन में स्थित है। श्री दीक्षित ने बताया कि उक्त जमीन पर ग्राम चन्द्रिका के प्रधान प्रमोद सिंह, रंजीत सिंह व उनके सहयोगी विजय सिंह जबरन रात मे अवैध खनन करवाते थे। जिससे उक्त जमीन एक गहरे गढ्ढे हो गया था, जिस कारण समिति के अधीन विद्यालय की इमारत जर्जर हो गई थी। विद्यालय में आने वाले बच्चों पर खतरा मंडरा रहा था। उक्त जमीन समिति के लिये निष्प्रयोज्य थी। जिस पर समिति ने नियमानुसार अपर जिला जज चतुर्थ कानपुर देहात द्वारा विहीत आदेश कर जमीन को विक्रय किया तथा उसके द्वारा प्राप्त धनराशि को सोसाईटी खाते मे जमा करा कर विद्यालय का जीर्णोद्वार का कार्य शुरू करा दिया। इसकी जानकारी होते ही ग्राम प्रधान प्रमोद सिंह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे निर्माण कार्य रूकवा दिया और क्रेता बाबा खेरेश्वर स्टेट को धमकी देते हुए बोले कि यह जमीन हमारे ग्राम सभा के अर्न्तगत आती है और हम यहां के प्रधान हैं, तो इसके मालिक हम हुए। अगर इसका निस्तारण चाहते हो तो हम तीनों लोगो को मु0 25 लाख रूपए देने होगे, नहीं तो हम आये दिन कोई न कोई कारण बता कर उपरोक्त जमीन पर कुछ भी कार्य नही होने देगे। पूनम द्विवेदी ने इसका विरोध किया तो उन लोग आये दिन कुछ न अफसरों को फर्जी प्रकरण तैयार प्रार्थना दे रहे हैं। हाल ही में उन लोगों बिल्हौर तहसील में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर तहसीलदार द्वारा संज्ञान लेने के बाद उपरोक्त आरोपो की जाँच नायब तहसीलदार चौबेपुर से करायी तो मामला फर्जी निकला। जिस आधार पर उपरोक्त लोगो द्वारा दायरा रेस्टोरेशन का मुकदमा खारिज निरस्त किया जा चुका है। पीड़ित ने चौबेपुर थाने में प्रार्थना देकर गुहार लगाई है कि उपरोक्त लोग एक शातिर किस्म के अपराधी है। आये दिन लोगो को डरा-धमका कर उसे वसूली करते है। और तो और उन लोगो द्वारा साई कॉलेज चौबेपुर के पीछे स्थित ग्राम सभा की लगभग 10 बीघा जमीन पर भिन्न-भिन्न लोगो से मोटी रकम लेकर कब्जा करा दिया। पीड़ित ने निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# सम्मेलन में देशहित में जियोडेसी अनुसंधान को बढ़ावा देने पर जोर

**-देश का पहला राष्ट्रीय जियोडेसी सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** भारत का पहला राष्ट्रीय जियोडेसी सम्मेलन जियोडकॉन-26 हाल ही में नई दिल्ली स्थित भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी में आयोजित किया गया। यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों, देश के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, नीति-निर्माताओं और उद्योग से जुड़े पेशेवरों के बीच विचार साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच बना। सम्मेलन में जियोडेटिक और जियोस्पेशियल तकनीकों तथा उनके वास्तविक उपयोगों पर विशेष ध्यान दिया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में स्थित नेशनल सेंटर फॉर जियोडेसी ने देश के प्रमुख संस्थानों में जियोडेसी के छह क्षेत्रीय केंद्र स्थापित किए हैं। इनमें अन्ना विश्वविद्यालय चेन्नई, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे, मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रयागराज, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान धनबाद और भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुवनंतपुरम शामिल हैं। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान के केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि जियोडेसी जैसे विज्ञान के मूल क्षेत्रों का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। यह आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के साथ-साथ देश में बुनियादी ढांचे के विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि जियोडेसी राष्ट्रीय जियोडेटिक रेफ्रेन्स, फ्रेम, गुरुत्वाकर्षण मॉडल और सटीक स्थान निर्धारण प्रणालियों के विकास में अहम भूमिका निभाती है। उद्घाटन समारोह में सम्मेलन के संरक्षक डॉ वी पी डिमरी, सर्वेयर जनरल ऑफ इंडिया हितेश कुमार एस मकवाना, डीएसटी में एनजीपी डिवीजन के प्रमुख डॉ मनोरंजन मोहंती, और जियोडकॉन-26 के अध्यक्ष प्रो ओंकार दीक्षित और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर शामिल थे। सम्मेलन के पहले दिन डीएसटी के सचिव प्रो अभय करंदीकर ने देशहित में जियोडेसी अनुसंधान को बढ़ावा देने पर जोर दिया। जियोडकॉन-26 को भारत की राष्ट्रीय मानचित्रण संस्था, सर्वे ऑफइंडिया का सहयोग मिला। इसके साथ ही उद्योग जगत से ट्रिंबल आईएनसी और अन्य तकनीकी सहयोगी भी इस कार्यक्रम से जुड़े रहे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय रेफ्रेंन्स, फ्रेम, पृथ्वी की निगरानी, जीएनएसएस तकनीक, उपग्रह और जमीन आधारित अवलोकन, जियोइड और गुरुत्वाकर्षण मॉडल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्लाउड तकनीक का उपयोग, जलवायु परिवर्तन अध्ययन, प्राकृतिक आपदाएं भूजल आकलनए जमीन के बदलाव की निगरानी और क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा हुई। सम्मेलन में विशेषज्ञों द्वारा ट्यूटोरियल सत्र, तकनीकी शोध पत्र प्रस्तुतियांए पोस्टर प्रेजेंटेशन और एक विशेष पैनल चर्चा भी आयोजित की गई।

## अवैध संबंध के शक में युवक पर फेंका एसिड, भर्ती

-लोगों ने आरोपी की पिटाई कर पुलिस को सौंपा
स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। पत्नी से अवैध संबंध के शक में पति ने एक युवक से विवाद करने के बाद चेहरे पर एसिड फेंक दिया। चीख-पुकार सुन मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़कर पीट दिया। इसके बाद फीलखाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल को उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया। डीसीपी ईस्ट सत्यजीत गुप्ता ने मौके का मुआयना कर घायल से पूछताछ की।

पटकापुर निवासी शाहिद चप्पल कारखाने में काम करता है। शाहिद बुधवार शाम करीब 4 बजे अपने घर के पास था। तभी जाजमऊ अंबेडकर नगर का रहने वाला गुलफाम वहां पहुंचा और उससे विवाद करने लगा। आरोप है कि इस दौरान ही गुलफाम ने शाहिद के चेहरे पर एसिड फेंक दिया। चीख-पुकार सुनकर परिजन और इलाकाई लोग मौके पर पहुंचे। यह देख आरोपी भागने लगा। लोगों ने आरोपी गुलफाम को पकड़ कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद फीलखाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस के साथ डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और गंभीर रूप से झुलसे शाहिद को उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल शाहिद ने बताया कि गुलफाम पहले भी उसके साथ मारपीट कर चुका है। उसने बताया कि गुलफार्म को शक था कि मेरा उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध हैं। इसी शक के चलते उसने यह हमला किया। गुलफाम ने आलीशान मकान और कारोबार का झांसा देकर आरोपी ने शादी की थी। जिसके कारण उसका कई सालों से अपनी पत्नी से विवाद चल रहा है। गुलफाम के रिश्तेदार ने तकरीबन 4 महीने पहले उसे जाजमऊ में किराया पर मकान दिलाया था, जिसके बाद से गुलफाम को शक था कि उसकी पत्नी से उसके अवैध संबंध है। मामले में डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## खबर एक नजर



### नवरात्रि आज से शुरुए सज धज कर तैयार हुए देवी मन्दिर

**ऽमां कूष्मांडा देवी मन्दिर में पूजा अर्चना के लिए होने वाली भीड़ को देखते हुए लगाई गई सिविल ड्रेस मे पुलिस**

घाटमपुर। गुरुवार ;आज सेद्ध नवरात्रि के शुरू होने को देखते हुए पुलिस व पालिका ने चाक चौबंद व्यवस्था की है। ताकि पूजा अर्चना को आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो।मां कूष्मांडा देवी मन्दिर में पूजा अर्चना को होने वाली भीड़ को देखते हुए सिविल ड्रेस में भी लगाई गई पुलिस जेब कतरो व चैन स्नेचरों पर भी नजर रखेगी।9 दिन तक माता के नौ स्वरूपों की होने वाली पूजा अर्चना नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सजाए गए पंडालों में रखी गई देवी मां की मूर्तियों की पूजा अर्चना होगी।नवरात्रि के पहले दिन देवी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन व पालिका द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई है।सबसे ज्यादा भक्तों की भीड़ मां कूष्मांडा देवी मन्दिर में रहती है।भक्तों को पूजा अर्चना की सुविधाओं के लिए पालिका अध्यक्ष गजाला तबस्सुम व अधिशासी अधिकारी महेन्द्र कुमार ने मन्दिर परिसर में कैम्प लगाकर पालिका कर्मियों ड्यूटी की भी लगाई है। ताकि दूर दराज के जनपदों व प्रांतों से पूजा अर्चना को कूष्मांडा देवी मन्दिर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो।इसी तरह सजेतीए पताराए रेवना के अलावा भीतर गांव क्षेत्र में पूरे नौ दिन देवी मन्दिरों तथा पंडाल में रखी गई देवी मां की मूर्तियों की पूजा अर्चना कार्यक्रम अनवरत चलेंगे।

### अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर मौत

घाटमपुर। बुधवार को पिलर नंबर 1391ध्13 गोपालपुर रोड रेलवे लाइन के पास एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर महिला का शव खून से लथपथ पड़ा देख लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा महिला के शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया। शाम तक शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम केलिए भेज दिया। कस्बा चौकी प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात महिला की मौत हो गई है। जिसके शव की शाम तक शिनाख्त नहीं हो पाई थी। शव को पोस्ट मार्टम केलिए भेजा गया है।

### जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायत सुन किया निस्तारण

हमीरपुर। आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 91 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअलध् जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता आयोजित

हमीरपुर। आज कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा हमीरपुर महोत्सव के आयोजन को लेकर प्रेसवार्ता की गयी।प्रेसवार्ता के दौरान जनपद के पत्रकार बंधुओं से सुझाव प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 23 से 27 मार्च तक चैरा देवी प्रांगड़ में हमीरपुर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।अपनी संस्कृति और विरासत का वृहद प्रचार-प्रसार करना इसका मुख्य उद्देश्य है। महोत्सव के दौरान आम जनमानस को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागीय प्रदर्शनी तथा अपने जनपद के ओडीओपी उत्पादों सहित अन्य जनपदों के ओडीओपी उत्पादों के स्टाल भी उपलब्ध रहेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर के विशिष्ट कलाकारों को भी स्थान दिया गया है। उन्होंने जानकारी दी है कि महोत्सव को लाभकारी व ज्ञानवर्धक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की गोष्ठियों जैसे किसान, वन एवं पर्यावरण आदि का भी आयोजन किया जायेगा। बच्चों के लिए ड्रोन शो, स्पेस लैबोरेटरी, प्लनेटोरियम आदि कार्यक्रमों को रखा जा रहा है। इसके साथ ही मुख्य कार्यक्रमों में भजन संध्या, कॉमेडी नाइटस, यमुना आरती, लोक नृत्य व लोक संगीत आदि भी शामिल रहेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, सूचना अधिकारी सतीश कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी चित्रगुप्त सिंह सहित अन्य पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

### ओटीपी बढ़ा रही मुश्किलें होटल में धधकने लगी भट्ठियां

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे में गैस का कोई संकट नहीं है। सप्ताह में एकाध दिन छोड़कर प्रतिदिन गाड़ी आ रही है। समस्या बुकिंग और ओटीपी को लेकर खड़ी हो रही है। इसी को लेकर वितरण में परेशानी हो रही है। फिलहाल डोर टु डोर सिलिंडर भेजने की प्रक्रिया रोक दी गई है। एजेंसी से ही एजेंसी संचालक अपनी देखरेख में वितरण करा रहे हैं। सिलेंडर का संकट खड़ा होने पर होटलों में भट्ठियां धधकने लगी हैं। लोग लकड़ी के गिट्टक इस्तेमाल कर रहे हैं। कस्बे की एकमात्र गैस एजेंसी के संचालक अखिलेश पालीवाल ने बताया कि गैस का कोई संकट नहीं है। सप्ताह में एकाध दिन को छोड़कर प्रतिदिन गाड़ी आ रही है। यह कोई नई बात नहीं है पूर्व में भी ऐसा होता रहा है। समस्या बुकिंग और ओटीपी को लेकर खड़ी हो रही है। इसी वजह से डोर टु डोर सप्लाई रोक कर एजेंसी से ही अपनी देखरेख में वितरण करा रहे हैं ताकि ग्राहकों को शिकायत का मौका नहीं मिल सके। वहीं सिलिंडर का संकट होने से होटल संचालक भट्टी का सहारा लेने लगे हैं। रेलवे स्टेशन के बाहर होटल चलाने वाले बाबू गुप्ता ने बताया कि गैस सिलेंडर का संकट खड़ा होने के बाद उन्होंने पूर्व की तरह भट्टी जलानी शुरू कर दी है। इससे कारोबार भी प्रभावित नहीं हो रहा है।

### पानी भरकर आधा बीघा गेहूं की फसल की चैपट

मौदहा। सिसोलर थाना क्षेत्र के बैजेमऊ की एक महिला किसान ने सिसोलर पुलिस को शिकायत देकर पड़ोसी किसान पर खेत में खड़ी गेहूं की फसल में पानी भरकर फसल नष्ट करने का आरोप लगाकर न्याय की गुहार लगाई है। बैजेमऊ निवासी बिट्टन सिंह ने पुलिस को सौंपी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके खेत बुढई मौजे में है। उसने गेहूं की फसल बो रखी थी। पड़ोसी किसान पप्पू यादव ने पंप कैनाल से पानी लगाते समय उसकी गेहूं की फसल को पानी से भर दिया है। इससे उसकी आधा बीघा फसल नष्ट हो गई है। शिकायत पर पड़ोसी किसान अभद्रता कर रहा है और नुकसान देने को तैयार नहीं है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

## ग्रामप्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों का एक ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**पतारा** सामुदायिक सहभागिता के अन्तर्गत ब्लॉक क्षेत्र के प्रधानाध्यापकों व ग्राम प्रधानों का एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम ब्लॉक संसाधन केन्द्र परिसर में सम्पन्न हुआद्य बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में स्थित ब्लॉक संसाधन केन्द्र परिसर में सामुदायिक सहभागिता के तहत प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधानों के एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हूए कार्यक्रम कि विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख कोमल सिंह ने ग्राम प्रधानों को प्रधानाध्यापकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालयों की शैक्षिक अवस्थापना. सुविधाओं को पूरा करने का आग्रह कियाद्य कार्यक्रम के मध्य में मुख्य अतिथि विधायक सरोज कुरील ने परिसर में मौजूद ब्लॉक के सभी प्रधानों व प्रधानाध्यापकों को सामूहिक सहभागिता के तहत प्रधान व सभी प्रधान को शैक्षिक स्तर का विकास करने के साथ



बच्चों के उज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रधान व प्रधान को प्रेरित कियाद्य कार्यक्रम की अध्यक्षता सर गवां प्रधान दिनेश तिवारी ने कीद्य कार्यक्रम का संचालन उदयवीर सिंह भदौरिया ने करते हुए डी बी टीवी विद्यालयों में पंचायत के माध्यम से कराए जा रहे कार्यों के लिए ग्राम प्रधानों की सराहना कीद्य वहीं एण् आरण् पी अभिषेक सैनी ने निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों की बेहतर शिक्षा व बच्चों की विद्यालयों में नियमित उपस्थित के लिए ग्राम प्रधानों को प्रधानाध्यापकों का सहयोग करने की अपील कीद्य उन्मुखीकरण कार्यक्रम में भाजपा नेता अनिल कुमार दीक्षित एवं परिष से सेवानिवृत्त शिक्षिका व कानपुर ग्रामीण महिला मोर्चा की महामंत्री मृदुला दीक्षित ने भी कार्यक्रम में पहुँच कर शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए इस कार्यक्रम को सरकार का महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कार्यक्रम की सराहना कीद्य इस दौरान खंड विकास अधिकारी शिवनरेश सिंहए एडीओ पंचायत राघवेंद्रप्रताप सिंह खंडशिक्षा अधिकारी सत्यप्रकाश जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता अनिरुद्ध सिंह शोशल आडीटर संदीप तिवारीए प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष रविशंकर अग्निहोत्रीए प्रधान हिरनी संजय गुप्ताए प्रधान खेमपुर जयराम सिंह यादवए प्रधान तिलसड़ा सुलेखा कुशवाहाए प्रधान पति रायपुर प्रदीप यादवए प्रधान पति पड़रीलालपुर देश दीपक यादवए नोडल शिक्षक संजीव पाण्डेयए मुनींद्र सिंह चौहानए गरिमा चौहानए मंजुलता पाण्डेयए पंकज सक्सेनाए तकनीकी शिक्षक पवन पटेलएनरेन्द्र सिंह यादवएधर्मेन्द्र सचानए सुंदरम पाण्डेय मोहित निगमए सभाजीतसिंह परिहार भआरत सिंह यादवएलता सिंहए हिमांशु भाटियाए ऋचा जायसवाल सहित ब्लॉक के सभी प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान मौजूद रहे

## ट्राले व डंपर की आमने सामने भिड़ंत से चालक व खलासी घायल



**ऽथाना सजेती क्षेत्र के कैथा मोड़ पर हुआ हादसाए घायल डंपर चालक व खलासी को इलाज केलिए हेलट अस्पताल रेफर**

घाटमपुर। थाना सजेती क्षेत्र के कैथा मोड़ पर एंगल लाद कर घाटमपुर की ओर से जा रहे ट्राले व जहानाबाद की ओर से खाली आ रहे डंपर की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में जहां डंपर के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए वहीं चालक व खलासी केबिन में फंस गए। हादसा देख पहुंचे लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दोनों को केबिन से बाहर निकाल कर इलाज केलिए सीएचसी भेजा। चालक के दोनों पैर कई जगह से टूटने से उसे व उसके खलासी भतीजे को हैलट अस्पताल रेफर किया गया। जनपद फतेहपुर के जहानाबाद में पड़ने वाले अब्दुलई पुर निवासी चालक शिव कुमार पुत्र रामकुमार अपने खलासी भतीजे दिलीप कुमार पुत्र शिवपाल के साथ खाली डंपर लेकर घाटमपुर की ओर आ रहा था। जैसे ही वह कैथा मोड़ पर पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे एंगल लदे ट्रॉले से भिड़ंत हो गई। हादसे की खबर मिलने पर पहुंचीं पुलिस ने डंपर की केबिन में फंसे चालक व खलासी को इलाज केलिए सीएचसी भेजा। जहां से दोनों को हेलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। चालक के दोनों पैर कई जगह से टूटने को लेकर हालत गम्भीर बताई जा रही थी।

## विधायक सरोज कुरील के जन्म दिन पर काटा गया केक



**जन्म दिन पर टूटी दलीय सीमाएंएजुटी समर्थकों को भीड़ ने जताई खुशीए विधायक को जन्मदिन की बधाई देने व फूल माला पहनाने की मची रही होड**

घाटमपुर। जहानाबाद रोड़ के सिद्ध विनायक गेस्ट हाउस में विधायक सरोज कुरील के जन्म दिन का जश्न मनाया गया। समर्थकों ने दलीय सीमाएं तोड़कर जन्म दिन का जश्न मनाने के साथ केक काटा। इतना ही नहीं समर्थकों के बीच विधायक को जन्म दिन की बधाई देने व फूल माला पहनाने की होड़ मची रही।विधायक ने सभी के प्रति आभार जताने के साथ उन्हें थैंक्यू बोला।जन्म दिन पर अपना दल ;एसद्ध व भाजपा के नेताओं की हस्तियों के साथ अन्य दलों के नेताओं व गणमान्य लोग भी पहुंचे।जैसे ही समर्थकों के साथ विधायक सरोज कुरील काफिले के साथ समारोह में पहुंची उन्हें जन्म दिन की मुबारकबाद देने वालों को होड मच गई।इस मौके पर समर्थकों ने उन्हें 51 किलो की माला पहनाने के साथ उपहार भी भेंट कर जन्म दिन की मुबारकबाद दी।तो विधायक सरोज कुरील ने भी सभी के प्रति आभार जताने के साथ कहा कि आप सभी लोग मेरी राजनी तिक ताकत हैं।आप सब के सहयोग से वह आज इस मुकाम पर पहुंची है।उन्होंने आगे कहा कि वह कहने से ज्यादा करने पर विश्वास करती हैं।सुख दुःख में सदैव साथ खड़ी दिखूंगी।मेरा सदैव प्रयास रहता है कि हमसे किसी को किसी भी तरह की तकलीफ न हो। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक तन्मय तिवारीए भाजपा महिला मोर्चा की ग्रामीण जिला महामंत्री अंजली तिवारीएपुरुषोत्तम श्री राम पीजी कॉलेज के चेयरमैन मनोज भदौरियाए सभासद गुड्डू पंडित व सत्यम चौहानए टुनटुन पाण्डेयएविधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी आदि के अलावा ग्राम प्रधानए क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्य तथा विधान सभा क्षेत्र के कद्दावर लोग भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। संचालन पंकज पांडेय उर्फ छोटे मुन्ना ने किया।

## डोभा में चोरों का धावा, नगदी समेत लाखों के जेवरात चोरी



**छत के रास्ते नीचे उतरे चोर उठा ले गए अटैची व बक्सेए घटना को लेकर ग्रामीणों में रहा आक्रोश**

घाटमपुर।रेवना थाना क्षेत्र के डोभा गांव में बीती रात चोरों ने एक एक घर को निशाना बनाया। छत के रास्ते नीचे उतरे चोर 20 हजार नगदी समेत लाखों के जेवरात उठा ले गए। चोरों ने घर के लोगों को कमरों में बन्द कर घटना को अंजाम दिया। इतना ही नहीं अटैची व बक्से छत पर उठा गए। करीब दो बजे रात को पेशाब के लिए उठने पर छोटे भाई ने खुद को कमरे के अन्दर बन्द पाया। किसी तरह पड़ोसी को बुलाकर कुण्डी खुलवाई तो दूसरे कमरों का सामान बिखरा देखा। साथ ही बक्से व अटैची गायब थे। जो छत पर पड़े मिले। जिनके ताला तोड़कर को अंजाम दिया गया था। लाखों की चोरी होने की खबर गांव में फैलते ही लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। नगदी समेत हुई लाखों की चोरी की थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए डोभा निवासी सचिन कुमार पुत्र स्वण्जगदीश ने पुलिस को बताया कि बीती रात को घर में चोरी हो गयी है। घर पर जब हम लोग सो रहे थेए तभी अज्ञात चोरों द्वारा हमारे घर के कमरे में रखे बक्से व सूटकेश को छत में ले जाकर उनके ताले तोड़कर बक्से में रखे 20 हजार नगद व सोने चांदी के जेवरात क्रमशः ओमए कंगनए जोधा अंगूठीए व जेन्स अंगूठियाए कमर कदए वाजू बन्द तीन सोने केहारए 2 सोने की चैनए व पाँच जोड़ी तोड़ियाँ आदि सामान चोरी कर ले गये। जब वह लगभग 2रू30 बजे राति उठा तो हमारा दरवाजा बाहर से बन्द था हमने अपने दादा से दरवाजा खुलवाया। जाकर देखा तो चोरी की घटना की जानकारी हुई तो मैंने 112 डायल कर पुलिस दी। पुलिस मामले की जांच कर चली गई।जिसके सम्बंध में थाने पर मुकदमे की तहरीर दी गई है। रेवना थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की साथ चोरों का पता लगाया जा रहा है।

## रिसॉर्ट मालिक के खिलाफ दर्ज हुई अवैध कब्जे की रिपोर्ट



**ऽचारागाह की जमीन पर अवैध बाउंड्रीए गेट व लॉन बनाकर कब्जा किए जाने का मामला**

घाटमपुर। सजेती क्षेत्र के रामपुर में चारागाह की जमीन पर रिसॉर्ट मालिक द्वारा किए गए अवैध कब्जे पर बुलडोजर चला कर जमीन कब्जा मुक्त कराए जाने के बाद बुधवार को क्षेत्र के लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने रिसॉर्ट मालिक के खिलाफ एफ आई आर दर्ज की है। इसके साथ ही खाली कराई गई जमीन पर चारे की भी बुवाई कर जमीन के मालिकाना हक से संबंधित बोर्ड भी लगा दिया गया है। रामपुर गांव की कानपुर सागर हाइवे के किनारे 56 विश्वा चारागाह की भूमि की कीमत 10 करोड़ के करीब है। गाटा संख्या 349 व 350 पर कोयला नगर निवासी राजवीर सिंह ने चारागाह की भूमि के करीब 56 बिस्वा हिस्से पर अवैध कब्जा कर लिया था। बाउंड्रीए गेट व रास्ता बनाकर इंटरलॉकिंग लगवा कर अवैध कब्जा कर लिया था। उसका प्रयोग लॉन के रूप में कर रहा था। जिस की जानकारी मिलने पर एसडीएम ने उसे कई बार बुलवाया लेकिन वह नहीं आया। मंगलवार को एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने तहसीलदार अंकिता पाठक राजस्व कर्मियों व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर दो जेसीबी लगाकर अवैध निर्माण को ढहा दिया गया था। उक्त मामले में लेखपाल रविन्द्र की तहरीर पर रिसॉर्ट मालिक राजवीर सिंह के खिलाफ अवैध कब्जे का मामला सजेती थाने में दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी अनुज भारती ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है।



## शिक्षकों की समस्याओं का कराऊंगी समाधान-सरोज कुरील

**पतारा में आयोजित प्रधानो के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक ने आगे कहा कि शिक्षकों की दूर होंगी समस्याएं**

घाटमपुर सामुदायिक सह भागिता के अन्तर्गत प्रधानाध्यापको व ग्राम प्रधानों का एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम बुधवार को बीण्आरण्सी पतारा में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची विधायक सरोज कुरील ने कहा कि शिक्षकों के साथ प्रधान शिक्षा के उत्थान में महत्व पूर्ण योगदान कर रहे हैं उन्होंने शिक्षकों द्वारा रखी गई समस्याओं के समाधान का भी भरोसा दिया। वहीं कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख कोमल सेंगर ने ग्राम प्रधानो से बेहतर समन्व्यय स्थापित करते हुए विद्यालयो की भौतिक अवस्थापना सुविधाओं को पूरा करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन उदयवीर भदौरिया ने करते हुए डी बी टी व विद्यालयो में पंचायत के माध्यम से पूरे कराये जा रहे कार्यो के लिए ग्राम प्रधानो की सराहना की। एआरपी अभिषेक सैनी ने निपुण मिशन कार्यक्रम के तहत बच्चो की बेहतर शिक्षा व बच्चो की नियमित उपस्थिति के लिए ग्राम प्रधानों को प्रधानाध्यापको का सहयोग करने की अपील की। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदीप अवस्थीएपुष्पेन्द्र मिश्राएसुनीद सिंहए संजीव पाण्डेयए रिला जायसवालए रेनू मिश्राए गरिमा सिंहए लता सिंहए मंजुलता पाण्डेयाएपंकज सक्सेनाएनरेन्द्र सिंहए हिमान्शु भाठिया व ग्राम प्रधान सुलेखा कुशवाहाए संजय गुप्ताए जयराम सिंह। दीपू यादव दीक्षा पटेल सहित ब्लाक के सभी प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।


## कार्यालय जिला पंचायत जालौन स्थान उरई

पत्रांक– 4032 / तह०–जि०पं०जा० / 2026–27 दिनांक–18.03.2026

**शुद्धि पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय पत्र सं०–3071 दिनांक 25.02 2026 को प्रकाशित तहबाजारी शुल्क वसूली ठेका वर्ष 2026–27 के लिये ई–ऑक्शन पोर्टल पर दिनांक 26.02.2026 को 2.00 PM प्रकाशित पर ई–ऑक्शन सूचना में बिन्दु सं०–03 में जमानत धनराशि जमा करने की दिनांक–17.03.2026 को पूर्वान्ह 10.00 बजे के स्थान पर संशोधित दिनांक 22.03.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक पढ़ा जाये। नीलामी आक्शन हेतु संशोधित समय सारिणी का विवरण निम्नवत है एवं शेष नियम व शर्ते यथावत रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नीलामी (ऑक्शन) के प्रकाशन की तिथि | 26.02.2026 02.00 बजे अपरान्ह |
| 2. | दस्तावेज अपलोड / प्रारम्भ करने की तिथि | 26.02.2026 02.00 बजे अपरान्ह |
| 3. | ठेकेदार को दस्तावेज अपलोड / भुगतान करने की अंतिम तिथि | 22.03.2026 02.00 बजे अपरान्ह |
| 4. | दस्तावेज कि तकनीकि परीक्षण प्रारम्भ करने की तिथि | 23.03.2026 03.00 बजे अपरान्ह |
| 5. | दस्तावेज कि तकनीकि परीक्षण अतिम तिथि | 24.03.2026 01.00 बजे अपरान्ह |
| 6. | नीलामी (ऑक्शन) की प्रारम्भ तिथि | 24.03.2026 02.00 बजे अपरान्ह |
| 7. | नीलामी (ऑक्शन) की अन्तिम तिथि | 24.03.2026 05.00 बजे अपरान्ह |

जिसके लिये इच्छुक प्रतिभागियों द्वारा ई–ऑक्शन पोर्टल http://eauction.gov.in पर दिनांक 26.02.2026 को 02.00 बजे से दिनांक 22.03.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक प्रतिभाग किया जा सकता है।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत जालौन

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी राजेपुर (फर्रुखाबाद)

पत्रांक– 1120 / लेखा. / 05वाँ वित्त / टेण्डर प्रकाशन / 2025–26 दिनांक 18.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

05वां राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत राजेपुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना के निर्माण कार्य हेतु पंजीकरण ठेकेदारों फर्मों से दिनांक 19.03.2026 से दि० 27.03.2026 की अपरान्ह 2.00 बजे तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 27.03.2026 को सायं 3.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय राजेपुर खण्ड विकास अधिकारी / अवर अभियन्ता (ग्रा०अभि०वि०), सहायक विकास अधिकारी (आई०एस०बी०) एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 19.03.2026 से दि० 27.03.2026 अपरान्ह 2.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में खण्ड विकास अधिकारी राजेपुर से रू. 1000.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद / वित्त | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्रा० के अनुसार लागत, लाख में | जमानत धनराशि 2 प्रति० रू० | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रा०पं० जैनापुर में संतोष के खेत से शिव मन्दिर तक इण्टरलॉकिंग अवशेष भाग कार्य 90 मी० | 05वाँ | प्रा० के अनुसार | 3.77 | 7550.00 | 500.00 |
| 2. | ग्रा०पं० जैनापुर में जितेन्द्र सिंह के घर से संतोष के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली कार्य 117मी0 | 05वाँ | प्रा० के अनुसार | 5.49 | 11000.00 | 500.00 |
| 3. | ग्रा०पं० जैनापुर में देवेन्द्र सिंह के घर से शैलेन्द्र सिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य 55मी0 | 05वाँ | प्रा० के अनुसार | 3.15 | 6300.00 | 500.00 |

नोटः– नियम एवं शर्ते खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में अवकाश को छोडकर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(सुनील कुमार जायसवाल)
खण्ड विकास अधिकारी, राजेपुर (फर्रुखाबाद)

### संदिग्ध अवस्था में महिला बीएलओ की मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के गाजीपुर रोड में संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 45 वर्षीय महिला बीएलओ की घर पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार राधानगर गाजीपुर रोड निवासी अवनीश कुमार की पत्नी बीएलओ तमशा कुमारी की घर पर ही संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। सूत्रों द्वारा जानकारी लगी कि बीएलओ पर एसआईआर के काम को लेकर काफी दबाव था। जिसको लेकर वह काफी दिनों से मानसिक तनाव में भी थी हो सकता है कि तनाव के चलते उनकी मौत हुयी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

## सामाजिक आदर्श अधिवक्ता संगठन के प्रत्याशी घोषित



- आलोक शर्मा अध्यक्ष व इन्द्रजीत यादव लड़ेंगे महामंत्री पद का चुनाव

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। कलेक्ट्रेट स्थित पुस्तकालय भवन में सामाजिक आदर्श अधिवक्ता संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में सैकड़ों अधिवक्ताओं की उपस्थिति के बीच आगामी बार एसोसिएशन चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामों की आधिकारिक घोषणा की गई। संगठन के संरक्षक आनंद पांडेय ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव लोचन शुक्ला, ओपी द्विवेदी और चेतन शुक्ला की मौजूदगी में चुनावी बिगुल फूंका। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी आलोक शर्मा और महामंत्री पद के लिए प्रत्याशी इन्द्रजीत यादव को संगठन का उम्मीदवार बनाया गया। प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होते ही परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। उपस्थित अधिवक्ताओं ने फूल-माला पहनाकर दोनों प्रत्याशियों का भव्य स्वागत किया और उन्हें भारी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि आलोक शर्मा और इन्द्रजीत यादव की जोड़ी अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है। ईमानदार नेतृत्व से बार एसोसिएशन में विकास कार्यों को गति मिलेगी। प्रतिनिधि ही आज की जरूरत हैं। इस अवसर पर सुरेश कुमार यादव, शैलेंद्र सिंह यादव, उमेश कुमार द्विवेदी, नितेश द्विवेदी, प्रभाकर दीक्षित, अंशुमन द्विवेदी, आदित्य शर्मा, अंशुमन शर्मा, सत्येंद्र मौर्य और शिबू तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने केन्द्र व प्रदेश सरकार के 09 वर्षों के कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बुधवार को जिले के प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल ने प्रदेश एवं केंद्र सरकार के पिछले नौ वर्षों के कार्यों का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं को गिनाते हुए इन्हें जनता के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियां बताया। प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सीधे खाते में आर्थिक मदद मिल रही है जिससे उनकी आय में मजबूती आई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों को पक्के मकान मिले हैं। इसके अलावा मुफ्त राशन, शौचालय निर्माण, वृद्धावस्था पेंशन जैसी योजनाएं समाज के हर तबके तक पहुंच रही हैं। युवाओं के डिजिटल सशक्तिकरण के लिए टैबलेट-स्मार्टफोन वितरण और रोजगार सृजन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने युवा शक्ति को नई दिशा दी है। स्वास्थ्य क्षेत्र में जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को बड़ी



उपलब्धि बताते हुए उन्होंने स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज की सुविधा का जिक्र किया। सड़क निर्माण, बिजली आपूर्ति में सुधार और समग्र बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने का दावा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमारी योजनाएं पारदर्शिता के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। यह नौ साल सिर्फ समय नहीं, बल्कि जन-कल्याण का सुनहरा काल रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, विधायक खागा कृष्णा पासवान, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक आदि मौजूद रहे।

### साध्वी बनीं राष्ट्रीय पिछडा आयोग की अध्यक्ष, बिंदकी में भाजपाइयों ने मनाया जश्न

बिंदकी। भारत सरकार की पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं फतेहपुर की पूर्व सांसद साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जनपद के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड गई। बुधवार को बिंदकी कस्बे के गांधी चौराहे पर एकत्रित हुए भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा और जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र दुबे के नेतृत्व में जुटे भाजपाइयों ने साध्वी जी को मिली इस नई जिम्मेदारी को पिछडा वर्ग के उत्थान के लिए मील का पत्थर बताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मोबाइल के माध्यम से भी उन्हें बधाइयां प्रेषित कीं। इस मौके पर आशीष तिवारी, रोहित कश्यप, मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह, महामंत्री अंकित गुप्ता, सौरभ बाजपेई, पूर्व पालिका अध्यक्ष मुन्नालाल सोनकर, विनय कुमार, प्रज्वल गुप्त, लक्ष्मी चंद, मुकेश, नीलेश आदि उपस्थित रहे।

## आदर्श अधिवक्ता संगठन के प्रत्याशियों ने कराया होली मिलन

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हाल कलेक्ट्रेट में आदर्श अधिवक्ता संगठन के तत्वाधान में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विजय कुमार सिंह व महामंत्री पद के प्रत्याशी अनुराग नारायण उर्फ पुत्तन मिश्र ने होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। विजय कुमार सिंह व अनुराग नारायण उर्फ पुत्तन मिश्र ने कहा कि देश में होली बहुत ही सुन्दर महत्वपूर्ण त्योहार है। जिस प्रकार होली के त्योहार में जाति बात, ऊंच-नीच, अमीरी गरीबी का भेदभाव मिट जाता है उसी तरह प्रकार यदि अधिवक्ताओं के आशीर्वाद व सहयोग से हम चुनाव जीतते हैं तो हम अधिवक्ताओं के मान सम्मान व उनके हितों के साथ-साथ जूनियर अधिवक्ताओं के लिए विधिक कार्यशाला का आयोजन व उनके बैठने के लिए उचित स्थान की व्यस्था, जो आम अधिवक्ताओं को प्रशासनिक न्यायालयों व जनपद न्यायालय में विधिक कार्य करने समस्या का सामना करना पड़ रहा है निराकरण हर स्तर पर जाकर किया जाएगा।



होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से प्रमोद कुमार उपाध्याय, हंसराज सिंह, महेशकांत त्रिपाठी, सुशील मिश्रा, प्रेम शंकर तिवारी, हितेंद्र सिंह, मणि प्रकाश दुबे, अनिल तिवारी, देवेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेश यादव, सुधीर तिवारी, राजेश मौर्य, अभिषेक सिंह, अमित पाण्डेय, अवधेश सिंह, अजय मिश्र, शाश्वत गर्ग, ऋतिक पाल, पूर्णेन्दु अग्निहोत्री, नितिन तिवारी, रंजीत सिंह पटेल, शिवकरण सोनी, संतोष द्विवेदी, अभय सिंह, चंद्रिका सिंह, राजेंद्र भान सिंह, महेंद्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, नागेन्द्र सिंह, संदीप तिवारी, संदीप यादव आदि मौजूद रहे।

### फूलों की होली के रंग में डूबीं व्यापार मंडल की महिलाएं, राधा-कृष्ण संग खेली होली

बिंदकी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महिला इकाई के तत्वावधान में बुधवार को कस्बे के कुंवरपुर रोड स्थित राम वाटिका गेस्ट हाउस में फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री डॉ. राजेश गुप्ता श्राजा भैयाश् ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान उन्होंने महिला इकाई की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि व्यापार मंडल की महिलाएं न केवल संगठन को मजबूती दे रही हैं, बल्कि सामाजिक कार्यों और जनजागरूकता में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। समारोह में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया, जिसके बाद उपस्थित महिलाओं ने भगवान श्री राधा-कृष्ण के स्वरूपों पर पुष्प वर्षा कर जमकर अबीर-गुलाल उडाया और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। नगर अध्यक्ष स्वाति ओमर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन की एकजुटता और उत्साह देखते ही बना। स्वाति ओमर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा और सांस्कृतिक चेतना को बल मिलता है। इस मौके पर महामंत्री किरण सोनी, उपाध्यक्ष डॉली गुप्ता, सुनीता श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दीपिका गुप्ता सहित वंदना चैधरी, मीनू, रेखा गुप्ता, आशा, उमा देवी, ज्योति, रानी और माया देवी प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। साथ ही डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता, अनूप अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुशील और यजुल कुमार ओमर आदि व्यापारियों ने सहभागिता कर फूलों की होली का आनंद लिया।

### इलाज दौरान शिक्षामित्र की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। एक माह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षामित्र की बीमारी के चलते बीती देर शाम हैलेट अस्पताल कानपुर में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शिक्षामित्र बृजेंद्र की मौत की खबर आसपास इलाके में आग की तरह फैल गई और इलाकाई लोगों का जमवाडा लगने लगा। बता दें कि कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गूंझी गांव निवासी बृजेंद्र कुमार शिक्षामित्र थे तथा पूर्व में सरकार द्वारा दी गई बीएलओ की जिम्मेदारी निभा रहे थे। बीती 11 फरवरी को ड्यूटी जाते समय बृजेंद्र एक आवारा मवेशी से टक्कर होने से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बृजेंद्र का हाथ टूट गया। परिजनों का आरोप है कि तब से बृजेंद्र को डॉक्टर ने आराम की सलाह दी थी। बृजेंद्र ने उच्चाधिकारियों से अवकाश हेतु प्रार्थना भी की थी लेकिन किसी भी अधिकारी ने बृजेंद्र की मजबूरी और चोट की परवाह नहीं की। जिस कारण वो अधिक दवाओं का सेवन कर करके जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे थे। छुट्टी न मिल पाने के कारण अधिक दवाओं के सेवन से बृजेंद्र की तबियत खराब हो गई, जिन्हें बीती नौ तारीख को हैलेट अस्पताल कानपुर नगर में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के चलते मंगलवार की शाम बृजेंद्र की सांसे थम गई।

इधर घटना की खबर जैसे ही शासनिक व प्रशासनिक अमले को लगी तो तुरंत राजस्व व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर शव का अंतिम संस्कार करवाने हेतु दबाव डालने लगे। उधर ग्रामीणों को जैसे ही प्रशासन द्वारा शव को उठाने के लिए लाई गई गाड़ी की सूचना लगी तो ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। शव को उठने नहीं दिया। रात भर जद्दोजहद चली, राजस्व व पुलिस विभाग के आला अफसरो का आना-जाना लगा रहा लेकिन ग्रामीणों के आगे किसी की एक भी न चाली। सुबह पुनः सरकारी अमला गांव पहुंच शव को ले जाने के लिए दबाव बनाता रहा लेकिन मौके पर एकत्रित भीड़ ने किसी को भी पास नहीं भटकने दिया। दोपहर लगभग बारह बजे नायब तहसीलदार रचना यादव ने पीड़ित परिवार को शासन द्वारा मदद दिलवाने का आश्वासन दिया। शासन को पत्र भी लिखा जिसमें मुख्य बिंदु मृतक की पत्नी को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति मिलने, बच्चों की शिक्षा हेतु स्कॉलरशिप दिलवाने, बच्चों के भविष्य को देखते हुए 10-10 लाख की फिक्स डिपोजिट करवाई जाए, भूमिहीन परिवार को भरण पोषण हेतु भूमि आवंटित की जाए, तब जाकर ग्रामीणों ने शव को उठने दिया तथा पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया।

### लालीपुर गांव में घर से चैबीस सिलेंडर जब्त, एफआईआर दर्ज

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। भिटौरा विकास खंड के अंतर्गत लालीपुर गांव में पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण और कथित कालाबाजारी का भंडाफोड़ किया है। मुखबिर की सूचना पर टीम ने गांव निवासी मोनू पुत्र छेदीलाल के घर पर छापेमारी की, जहां कुल 24 गैस सिलेंडर बरामद हुए। इनमें 6 भरे हुए और 18 खाली सिलेंडर शामिल थे। सभी सिलेंडरों की सील खुली हुई मिली जिससे अवैध उपयोग और कारोबार की पुष्टि हुई।

मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ में पता चला कि यहां गैस सिलेंडरों की खरीद-फरोख्त की जा रही थी, लेकिन आरोपी पक्ष कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस पेश नहीं कर सका। जांच में यह मामला द्रवित पेट्रोलियम गैस (विनियमन एवं वितरण) आदेश 2000 के उल्लंघन के रूप में सामने आया, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत दंडनीय अपराध है। कार्रवाई के दौरान सभी 24 सिलेंडरों को कब्जे में लेकर शास्त्री इंडेन गैस सर्विस को सुपुर्द कर दिया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ थाना हुसैनगंज में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी सुनील पुष्कर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम ने छापेमारी की, जहां अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण पाया गया। कुल 24 सिलेंडर बरामद हुए हैं। मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है और आगे की जांच जारी है।

### ट्रिपल आत्महत्या कांड- फरार आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित

- फरार आरोपी की तलाश तेज, जल्द गिरफ्तारी का दिया भरोसा

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। पुलिस प्रशासन ने ट्रिपल आत्महत्या कांड के फरार मुख्य आरोपी राहुल श्रीवास्तव पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया है। पुलिस की ओर से फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है और उसकी जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि आरोपी की तलाश में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विभिन्न टीमों के जरिए लगातार दबिश दी जा रही है। मुखबिरों को सक्रिय किया गया है। बहुत जल्द मुख्य आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाएगा। परिवार ने अपनी चिंताओं और समस्याओं से एसपी को अवगत कराया। जिस पर उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। एसपी ने साफ शब्दों में कहा कि मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून का पालन कराने और दोषियों को सजा दिलाने में पुलिस कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। पुलिस के अनुसार आरोपी राहुल घटना के बाद से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी, दबिश और मुखबिर तंत्र को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है ताकि आम लोगों में सुरक्षा की भावना बनी रहे और कोई भी अपराधी निश्चिंत न हो सके। एसपी ने स्पष्ट संदेश दिया कि कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## हत्याकाण्ड में फंसे युवक ने एसपी को दिया शिकायती पत्र

**- मढ़े गंभीर आरोप, घटना की निष्पक्ष जांच की उठाई मांग**

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** शहर कोतवाली के बाईपास इलाका में एक वर्ष पूर्व हुई एक मौत की घटना को लेकर बिसौली निवासी आशीष शुक्ला ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शपथ पत्र के साथ शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि एआरटीओ चैकी प्रभारी अनीश शुक्ला व तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक ने उसको हत्या जैसी घटना में निर्दोष होने के बावजूद भी जेल भेज दिया था। इस घटना को लेकर एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हलांकि अखबार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मामला एक वर्ष पुराना है। बीते 16 जनवरी 2025 को लखनऊ बाईपास इलाका में संचालित धर्मेंद्र बाडी मेकर के यहां आशीष शुक्ला की टाईगर कंपनी के गार्ड ड्यूटी पर थे। भोर के करीब साढ़े तीन बजे वहां ई-रिक्शा लेकर दो युवक पहंचे और चोरी करने लगे। गार्ड ने देखा तो शोर मचाया। आसपास के लोग आ गये और युवकों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकन एक ही युवक पकड़ में आया, जिसके साथ भीड़ ने मारपीट कर दिया था। चोरी की सूचना पर 112 डायल पुलिस भी पहुंची। युवक को पकड़ कर बाईपास चैकी पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद सांयकाल अचानक युवक की मौत हो गई थी। मृतक युवक घनश्याम सिंह पुत्र बहादुर सिंह निवासी बिसौली बताया गया। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है। वह मृतक घनश्याम की बातचीत का बताया जा रहा है। मृतक की बातचीत पर गौर करें तो बिसौली गांव के निवासियों का नाम लेकर युवक कह रहा है कि मुझे तीन लाख रुपये हत्या करने के लिये वीर सिंह दे रहे थे। हत्या की सुपारी देने वाले का नाम रामसिंह बता रहा था। गरीबी होने के कारण वह लालच में घटना करने के लिये गया था। पीड़ित आशीष निवासी बिसौली ने इसी मामले का शपथ पत्र के साथ घटना की सही व निष्पक्ष जांच कराने की मांग उच्चाधिकारियों से की है। उनका आरोप है कि अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को एआरटीओ चैकी प्रभारी अनीश शुक्ला का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण उसे फर्जी तौर पर हत्या के जुर्म में जेल भेजा गया और करीब एक साल बाद वह जमानत से बाहर आया है।

## ट्रिपल आत्महत्या कांड : कांग्रेस का डेलिगेशन पंहुचा मृतकों के घर

**- प्रदेश अध्यक्ष ने फोन पर दिया मदद का आश्वासन**

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** बीते दिनों चैफेरवा के श्रीवास्तव परिवार में आत्महत्या कर मां बेटे एवं चाचा द्वारा आत्महत्या कर जान देने वाले मृतक आश्रितों से मिलने आज प्रदेश कांग्रेस का डेलिगेशन उनके निवास पीरनपुर पंहुचा। डेलिगेशन से बात करते हुए मृतकों के पिता सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि आज से लगभग पांच वर्ष पहले कुछ पारिवारिक जरूरतों के कारण पकड़े गये अभियुक्तो से पांच लाख रुपए कर्ज लिया था जिसे उनके द्वारा पच्चीस लाख रुपए लिये गए जो सब कुछ बेंच कर दिया गया। इसके बावजूद और पैसे की मांग कर रहे थे एवं अभियुक्त राहुल द्वारा हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी जा रही थी जिससे डर कर बेटे, भाई व पत्नी ने आत्म हत्या कर लिया। वस्तु स्थिति की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर डेलिगेशन द्वारा परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी व 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिलाने हेतु सरकार से



मांग करने का आश्वासन दिया। दूरभाष द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से भी बात कराई। कांग्रेस डेलिगेशन में नामित सदस्यों में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी, शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा, मनीष श्रीवास्तव प्रदेश वाइस चेयरमैन मीडिया, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव प्रदेश चेयरमैन सूचना का अधिकार विभाग, अमित राय, प्रदेश चेयरमैन शिक्षक प्रकोष्ठ, ई. देवी प्रकाश दुबे, पार्टी प्रवक्ता/मीडिया चेयरमैन, आदित्य श्रीवास्तव, चेयरमैन जिला बिधि प्रकोष्ठ, नदीम सक्सेना, सदस्य प्रदेश कांग्रेस, शेख एजाज अहमद जिला उपाध्यक्ष, कलीम उल्ला सिद्दीकी जिला उपाध्यक्ष, सलीम खान, आशीष गौड़, अमित श्रीवास्तव, शहर उपाध्यक्ष आदि ने दुःख व्यक्त किया।

## खबर एक नज़र

### साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से अनुपालन कराने की मांग

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल ने साप्ताहिक बंदी का जिले में कड़ाई से अनुपालन कराए जाने की मांग को लेकर अपर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि जिले में किसी भी स्थान पर साप्ताहिक बंदी नहीं हो रही है। जिससे व्यापारी वर्ग जिसे सप्ताह में एक दिन अपने जरूरी कार्य निपटाने हेतु समय नहीं मिल पा रहा है। जिले में साप्ताहिक बंदी का दिन पूर्व में ही निर्धारित किया गया है लेकिन श्रम विभाग की लापरवाही के कारण बंदी का पालन पूर्णतः नहीं हो पा रहा है। कहा कि साप्ताहिक बंदी के दिन व्यापारी अपने प्रतिष्ठान को खोलता है तो बंद दुकानों के ग्राहक का अन्य प्रतिष्ठान में जाना स्वाभाविक हो जाता है जिस कारण न चाहते हुए भी सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान खोल देते हैं। इसमें श्रम विभाग द्वारा बंदी के दिन सभी बाजारों का निरीक्षण करना अत्यंत आवश्यक है। मांग किया कि समस्या को संज्ञान में रखते हुए पूरे जिले में साप्ताहिक बंदी का कड़ाई से पालन करवाया जाए। साथ ही संबंधित श्रम विभाग के अधिकारियों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए जाएं। इस मौके पर बिंदा प्रसाद अग्रहरि, दयाशंकर गुप्ता, कुंवारे सिंह, हिदायतुल्लाह उर्फ सईद खां आदि मौजूद रहे।

### एसपी अभिमन्यु मांगलिक की बढी ताकत

- अब दरोगा-इंस्पेक्टर को भी कर सकेंगे सस्पेंड

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद की पुलिसिंग और अनुशासन को बेहतर बनाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक रेंज अजय कुमार मिश्रा ने एक बडा प्रशासनिक निर्णय लिया है। आईजी ने जिले के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक को अधीनस्थ अधिकारियों पर कडी कार्रवाई करने के अधिकार बहाल कर दिए हैं। अब एसपी सिटी अपने स्तर पर न केवल सिपाही और दीवान, बल्कि दरोगा और इंस्पेक्टर को भी निलंबित कर सकेंगे।

पूर्व में छीन ली गई थी पावरः उल्लेखनीय है कि यह अधिकार पूर्व में जिले के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह से वापस ले लिए गए थे। उस समय आईजी ने निलंबन की शक्तियों को अपने पास केंद्रित कर लिया था, जिससे जिले स्तर पर दरोगा और इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई में बाधा आ रही थी।

अनुशासनहीनता पर कसेगा शिकंजाः आईजी अजय मिश्रा के इस ताजा आदेश के बाद पुलिस विभाग में हडकंप की स्थिति है। माना जा रहा है कि एसपी अभिमन्यु मांगलिक को यह पावर मिलने से लापरवाह और अनुशासनहीन पुलिसकर्मियों पर नकेल कसना आसान होगा। प्रशासनिक दृष्टिकोण से इसे जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ करने के कदम के रूप में देखा जा रहा है।अब एसपी को निलंबन की कार्रवाई के लिए फाइल आईजी कार्यालय नहीं भेजनी होगी, जिससे कार्यप्रणाली में तेजी आएगी।

### मुख्य डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी का आया मेल

- सर्च ऑपरेशन में कुछ नहीं मिला

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जिले के मुख्य डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं और मौके पर पहुंचकर गहन जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस विभाग की वेबसाइट पर प्राप्त ई-मेल में मुख्य डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, क्षेत्राधिकारी थरियांव और अन्य पुलिस बल के साथ तत्काल मुख्य डाकघर पहुंचे। सुरक्षा के मद्देनजर कानपुर से डॉग व बम स्क्वॉयड टीम को भी बुलाया गया। टीम ने पूरे मुख्य डाकघर परिसर की सघन तलाशी ली और स्निफर डॉग्स के माध्यम से जांच की। निरीक्षण के दौरान किसी भी संदिग्ध वस्तु, विस्फोटक या व्यक्ति का पता नहीं चला हालांकि, धमकी की सूचना मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां कई घंटों तक एक्टिव रहीं। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह धमकी मिलने से डाकघर परिसर में मौजूद कर्मचारियों और आम लोगों में भी अफरा-तफरी मच गई लेकिन जांच पूरी होने के बाद स्थिति सामान्य हो गई। पुलिस अब ई-मेल के स्रोत की तकनीकी जांच कर रही है ताकि धमकी देने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

### जनपद न्यायालय के विटनेस शेड में लगा रक्तदान शिविर

- जिला जज ने किया शुभारंभ, 18 लोगों ने किया रक्तदान

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायालय के विटनेस शेड में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार ने फीता काटकर किया। जनपद न्यायाधीश को रेडक्रास चेयरमैन व डॉ. अनुराग द्वारा बैज अलंकृत, पुष्पगुच्छ, शाल, प्रतीक चिन्ह एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को शाल व पौध भेंटकर सम्मानित किया। रक्तदानियों में जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार (पंचम), पलाश गांगुली पूर्णकालिक सचिव, अविनाश एसीजीएम, अनिल उमराव सिविल जज, शीलू शेखर, शिवसौरभ मिश्र डिप्टी चीफ, अशोक कुमार, अभय पांडेय, सिद्धार्थ पटेल, भृगु कुमार, अमित सिंह, विनायक रघुवंशी, शाश्वत तिवारी, विनय कुमार, अविनाश कुमार, सुशील, अरुण कुमार, प्रशांत श्रीवास्तव कुल 18 ने रक्तदान किया व 35 लोगों ने रेडक्रास द्वारा आयोजित अगले शिविर में रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व रेडक्रास चेयरमैन द्वारा रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही डॉ अनुराग ने सभी रक्तदानियों व उनके परिवारीजनों को चिकनपॉक्स से बचाव हेतु होमियोपैथिक औषधि प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव नयन गिरि, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन राकेश वर्मा, पूर्व महामंत्री आशीष गौड़, अधिवक्ता रमेश सिंह भदौरिया, ऐश्वर्या श्रीवास्तव, रविप्रताप सिंह, एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, संजय कुमार श्रीवास्तव, रामप्रकाश मौर्य, चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ, प्रेमचंद्र मौर्य, जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से डॉ. अभिषेक सिंह, अशोक शुक्ल, बृजकिशोर, विनोद कुमार, दीपाली, संतोष कुमार, दिव्या वर्मा, नरेंद्र कुमार, सुलभ श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### बसपा कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

- आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तय

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। बहुजन समाज पार्टी की शहर स्थित मुराईन टोला के एक हाल में बुधवार को जिला स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी व संचालन सूर्य भवन गौतम ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंडल प्रभारी सतीश कुमार जाटव एवं मुख्य प्रभारी पंकज गौतम एडवोकेट मौजूद रहे। वरिष्ठ अतिथि के तौर पर मंडल प्रभारी एवं पूर्व विधायक मुरलीधर गौतम ने भी सहभागिता की। मुख्य प्रभारी पंकज गौतम ने अपने संबोधन में सपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दलित-विरोधी पार्टियां चुनाव नजदीक आते ही वोट बैंक की राजनीति के तहत मान्यवर कांशीराम की जयंती मनाने का दिखावा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जिन पार्टियों ने अपने शासनकाल में कांशीराम को उचित सम्मान नहीं दिया, वे अब राजनीतिक लाभ के लिए उनके नाम का उपयोग कर रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसी राजनीति को समझने और सतर्क रहने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि सतीश कुमार जाटव ने 15 मार्च को आयोजित कांशीराम जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यदि इसी मेहनत और एकजुटता के साथ कार्य जारी रहा तो वर्ष 2027 में बहन मायावती को पांचवीं बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी ने कहा कि सर्वसमाज तेजी से बसपा से जुड़ रहा है और पार्टी 2027 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। उन्होंने बताया कि बिंदकी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सूबेदार का पुरवा मजरे अमौरा निवासी अरविंद कुमार साहू अपने साथियों के साथ बसपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए। बैठक में महेश मिश्रा, मो. हाशिम, सुरेश पेशकार, सुनील गौतम, गाजी अब्दुर रहमान, अभिषेक शुक्ला, राम पाल, हेमराज वर्मा, गुलशन गौतम, सतीश पासी, गुलाब पासी, सर्वेश गौतम, मेवालाल गौतम, मनोज गौतम, फूलचंद्र, ब्रजेंद्र गौतम एड., शकुंतला बौद्ध, मो. मुस्तफा मंसूरी, पी.के. गौतम, अंकित गौतम, रोशन लाल, दुल्ला सोनकर आदि मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नए मुहाने

पश्चिम एशिया में धधक रहे युद्ध के ज्वालामुखी के नित नए खुलते मुहानों से अब चिंता यह खड़ी हो गई है कि यह आग बुझेगी भी या इस क्षेत्र के साथ पूरी दुनिया के सामने भी भीषण संकट खड़ा कर देगी। इस युद्ध में आम लोगों की जानें तो जा ही रही हैं, उससे भी नाजुक पक्ष परमाणु ठिकाने और तेल कुएं-रिफाइनरियां है जिन्हें निशाना बनाने की धमकियों का दौर तेज होता गया है। अगर ये हकीकत में बदल गई तो तमाम देशों की अर्थव्यवस्थाएं संकट में पड़ेंगी ही, परमाणु प्रकोप से मानवता और पर्यावरण भी खतरे में आ जाएगा। इस समय भी दोनों पक्षों की ओर से चल रही मिसाइलें बड़े पैमाने पर जानमाल को नुकसान पहुंचा रही हैं। विडंबना यह है कि युद्ध खत्म करने की आवाज़ें बारूद की धमक में ऐसे दब गई हैं जैसे उनका कोई मतलब ही नहीं। एक और डरावना पहलू यह भी है कि युद्ध में अंतरराष्ट्रीय नियम कानूनों की जमकर खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मानवीयता का तो इसमें कोई मुद्दा ही नहीं रह गया है। इसे लेकर दुनिया भर में जताई जा रही चिंताएं किसी भी मायने की नहीं रह गई हैं। दूसरी ओर तेल ठिकानों पर दोनों पक्षों की ओर से हमले बढ़ गए हैं। इस पूरी विभीषिका को अमल में लाने के लिए अजीबोगरीब कुतर्कों का सहारा लेकर खुद को सही ठहराया जा रहा है। गाजा,ऊ लेबनान, ईरान और बीच-बीच में यूएई जैसे कुछ खाड़ी के देश- तबाही का यह सिलसिला जिस ढंग से पूरे क्षेत्र को अपनी जकड़न में ले रहा है, उसके बाद कोई उम्मीद बचती दिखाई नहीं देती। उस पर अमेरिका-इजरायल द्वारा आए दिन जताए जा रहे अपने विनाशकारी मंसूबे और उसी तेवर में ईरान के जवाब क्या किसी बातचीत की गुंजाइश बचाते हैं? इस युद्ध की यही सबसे बड़ी त्रासदी है कि जिस मानवता को बचाने की दुहाई देकर इसे शुरू किया गया, उसी मानवता की मानवता के वर्तमान और भविष्य को लेकर बेहद खतरनाक दांव लग रहे हैं। उन्नीस दिनों की विभीषिका के असर से दुनिया तो सहमी हुई है ही, अगर और लंबा खिंचा तो हालात की भयावहता शायद कल्पना से परे होकर सामने आएगी। अपना तब दबदबा कायम करने की या जंग वास्तव में सदियों पहले की कबायली संस्कृति का ही परिवर्धित स्वरूप है। तब भी ताकतवर सबको पस्त करता था और आज भी सारी जद्दोजेहद उसी जिद को लेकर है। देखना यह है कि आज की सबसे बड़ी महाशक्ति का अहम दुनिया को किस ओर धकेलता है और उसके बाद कोई रास्ता बचता भी है या नहीं?

## अस्पतालों में आग

मानव जीवन की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अस्पताल जितनी संवेदनशील जगह हैं, उनके रखरखाव में उतनी ही गंभीर लापरवाहियां बरती जाती हैं। इसका ताजा उदाहरण ओडिशा में कटक के सरकारी अस्पताल में आग लगने से बारह मरीजों की मृत्यु है। लेकिन यूपी की राजधानी लखनऊ में भी अस्पताल उतने ही असुरक्षित हैं। इनमें भी सुरक्षा संबंधी सभी नियम ताक पर रखे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ के नौ सौ से अधिक निजी अस्पतालों में से छह सौ नवाबी अस्पताल बिना पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए चलाए जा रहे हैं। इनमें भी कई अस्पताल तो संकरी गलियों, दुकानों और किन शेड वाले काम्प्लेक्स में चल रहे हैं जहां प्रवेश और निकास का रास्ता एक ही है। ऐसी स्थिति में आग लगने पर जान बचाना लगभग असम्भव होगा। मजाक तो यह है कि सुरक्षा के नियम बेहद कड़े होने के बावजूद उनका पालन करने के नाम पर केवल खेल होता है। ऐसा कोई उदाहरण नहीं है कि नियमों का पालन न करने पर किसी अस्पताल पर प्रभावी रोक लगाई गई या उसका संचालन रोका गया हो। अगर कोई मामला सामने आया तो नोटिस जारी करने की खानापूर्ति कर बड़े-बड़े जिम्मेदार किनारे हो जाते हैं। अगर बात बढ़ी तो 'जांच की जा रही है' का जुमला दोहरा कर चैन से बैठ जाते हैं। हर घटना के बाद यही प्रहसन होता है। ऐसे में सवाल यही है कि क्या यह सब संबंधित विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और सांठगांठ के बिना संभव है। यही यह बात फिर साबित होती है कि चिकित्सा अब विशुद्ध व्यवसाय-कारोबार है और इसमें सबसे महत्वपूर्ण मरीजों व तीमारदारों की सुरक्षा नहीं बल्कि ज्यादा से ज्यादा मुनाफा है। नतीजा यह है कि अस्पतालों में आग के हादसे लखनऊ ही नहीं बल्कि झांसी, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद और जयपुर आदि जगहों पर हो चुके हैं लेकिन अग्नि सुरक्षा मानक आज तक सुनिश्चित नहीं कराए जा सकें। इस ओर सरकारों को भी ध्यान देना चाहिए कि जन सुरक्षा को हर हाल में सुनिश्चित किया जाए ताकि सार्वजनिक सेवाओं में आम लोगों का भरोसा बना रह सके तथा अकारण कोई जनहानि न होने पाए।

## काँव-काँव

◆◆◆

**अर्थव्यवस्था को भी गति देती है आस्था- योगी**
राजनीति तो एक कदम न चले आस्था के बिना!

**इजरायली हमले में ईरानी सुरक्षा प्रमुख की मृत्यु**
हम ईरान से तेल लेकर इजरायल के साथ हैं !

**बिल्कुल घबरायें नहीं,घर पर ही मिलेगा सिलेंडर**
जैसे कोरोना में सबको आक्सीजन मिली थी!

**केसी त्यागी का जनता दल युनाइटेड से इस्तीफा**
समझदार लोग डूबती नाव की सवारी नहीं करते!

**पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर हवाई हमला**
पाक को इस्लाम का किला बनाने चले थे जिन्ना!

**महापुरुषों को भुनाने में जुटी हैं सपा और बसपा**
भुने हुए महापुरुष नेताओं को स्वादिष्ट लगते हैं!

◆◆◆

# नव संवत्सर : समन्वय का पर्व

हिंदू नववर्ष केवल कैलेंडर या विक्रम संवत के परिवर्तन का संकेत मात्र नहीं है, बल्कि यह समय, सृष्टि, संवेदना, संस्कृति और संकल्प के उस संगम का उत्सव है जो भारतीय जीवन-दृष्टि की वैज्ञानिक पहचान को



-डा. मनमोहन प्रकाश

अभिव्यक्त करता है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने, सनातनी परंपराओं को न भुलाने और भविष्य के लिए नए संकल्प लेने की ऊर्जा प्रदान करता है।

**हिंदू नववर्ष केवल कैलेंडर या विक्रम संवत के परिवर्तन का संकेत मात्र नहीं है, बल्कि यह समय, सृष्टि, संवेदना, संस्कृति और संकल्प के उस संगम का उत्सव है जो भारतीय जीवन-दृष्टि की वैज्ञानिक पहचान को अभिव्यक्त करता है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने, सनातनी परंपराओं को न भुलाने और भविष्य के लिए नए संकल्प लेने की ऊर्जा प्रदान करता है।**

भारतीय चिंतन की सबसे बड़ी विशेषता समय को रेखीय न मानकर चक्रीय मानना है। यहाँ हर अंत, एक नए आरंभ का सूत्रपात है। नव संवत्सर इसी शाश्वत चक्र की याद दिलाता है। यह संदेश है कि जीवन में परिवर्तन और नवीनीकरण की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। अतः यह दिवस उत्सव मनाने के साथ-साथ, अपने विचारों और कर्मों को नए सिरे से परिभाषित और परिष्कृत करने का अवसर है।

सनातन परंपरा के अनुसार, इसी पावन तिथि को ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया था। प्रकृति की दृष्टि से भी यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। चैत्र मास में वसंत ऋतु अपने चरमोत्कर्ष पर होती है; वृक्षों में नई कोपलें फूटती हैं और खेतों में फसलें लहलहाती हैं। प्रकृति के इस परिवर्तन को भारतीय संस्कृति ने केवल एक खगोलीय घटना नहीं, बल्कि जीवन के 'पुनर्जागरण' के रूप में स्वीकार करने का संदेश दिया है। यह पर्व प्रकृति और मनुष्य के बीच उस गहरे भावनात्मक संबंध यानी 'संवेदना' को पुनर्जीवित करता है। धार्मिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है क्योंकि इसी तिथि से 'वासंतिक नवरात्रि' का शुभारंभ होता है। नौ दिनों की यह शक्ति-उपासना प्रत्येक मानव को साधना, संयम और आत्म-अनुशासन का मार्ग दिखाती है। यह समय बाहरी




कोलाहल के बीच आंतरिक जागरण और सकारात्मक ऊर्जा के संचय का है, जिससे हम एक अनुशासित जीवन जीने का संकल्प ले सकें।

भारत की विशाल सांस्कृतिक विविधता में यह नववर्ष का प्रथम दिवस अलग-अलग नामों और रूपों में रचा-बसा है। महाराष्ट्र में इसे 'गुड़ी पड़वा', आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में 'उगादि', कश्मीर में 'नवरेह' और सिंधी समाज में 'चेटी चंड' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। संकेत स्पष्ट है कि विशाल भारत में भले ही नाम और रीतियाँ भिन्न हों, लेकिन समय के स्वागत और संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना सर्वत्र एक समान है। आज के तकनीकी और भौतिकवादी युग में इस दिन का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह नव संवत्सर हमें याद दिलाता है कि वास्तविक प्रगति केवल भौतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों से मापी जाती है। इस पवित्र पर्व के दिन यदि हम प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व, समाज में सह-अस्तित्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लें, तो यह पर्व एक परंपरा से आगे बढ़कर उज्ज्वल भविष्य की नींव बन सकता है। नव संवत्सर हमें यह स्मरण भी कराता है कि प्रत्येक नया वर्ष केवल तारीखों का बदलना नहीं, बल्कि जीवन को नए दृष्टिकोण और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का एक ईश्वरीय आमंत्रण है। आइए, इस पावन अवसर पर हम सब भारतीय समय और सृष्टि के साथ कदम मिलाते हुए एक श्रेष्ठ समाज एवं आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लेते हैं। मेरा ऐसा मानना है कि विश्व के लोग यदि इस पर्व के मर्म को समझ पाते, तो आज जो वैश्विक अशांति और युद्ध का वातावरण व्याप्त है, उससे मुक्ति मिल जाती और 'विश्व बंधुत्व' की भावना को बल मिलता।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### सप्तम् अध्याय

(गतांक से आगे

लोग मुझे साधारण व्यक्ति समझकर नहीं भजते; क्योंकि मैं योग-प्रक्रिया द्वारा ढँका हुआ हैं। अनुष्ठान करते-करते योगमाया का आवरण पार करने वाले ही मुझ शरीरधारी को भी अव्यक्त रूप में जानते हैं, अन्य स्थितियों में नहीं। मेरे भक्त चार प्रकार के हैं- अर्थार्थी, आर्त, जिज्ञास और ज्ञानी। चिन्तन करते-करते अनेक जन्मों के अन्तिम जन्म में प्राप्तिवाला ज्ञानी मेरा ही स्वरूप है अर्थात् अनेक जन्मों से चिन्तन करके उस भगवत्स्वरूप को प्राप्त किया जाता है। राग-द्वेष के मोह से आक्रान्त मनुष्य मुझे कदापि नहीं जान सकते- किन्तु राग-द्वेष के मोह से रहित होकर जो नियतकर्म (जिसे संक्षेप में आराधना कह सकते हैं) का चिन्तन करते हुए जरा-मरण से छूटने के लिये प्रयत्नशील हैं, वे पुरुष सम्पूर्ण रूप से मुझे जान लेते हैं। वे सम्पूर्ण ब्रह्म को, सम्पूर्ण अध्यात्म को, सम्पूर्ण अधिभूत को, सम्पूर्ण अधिदैव को, सम्पूर्ण कर्म को और सम्पूर्ण यज्ञ के सहित मुझे जानते हैं। वे मुझमें प्रवेश करते हैं और अन्तकाल में भी मुझको ही जानते हैं अर्थात् फिर कभी वे विस्मृत नहीं होते। इस अध्याय में परमात्मा की समग्र जानकारी का विवेचन है, अतः- तत्सदिति श्रीमद्भगवद् गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसम्वादे 'समग्रबोधः' नाम सप्तमोऽध्यायः ।।7।। इस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् एवं ब्रह्मविद्या तथा योगशास्त्र विषयक श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवाद में 'समग्र जानकारी' नामक सातवाँ अध्याय पूर्ण होता है। इति श्रीमत्परमहंसपरमानन्दस्य शिष्य स्वामीअड़गड़ानन्दकृते श्रीमद्भगवद्गीतायाः 'यथार्थगीता' भाष्ये 'समग्रबोधः' नाम सप्तमोऽध्यायः ।।7।। इस प्रकार श्रीमत् परमहंस परमानन्दजी के शिष्य स्वामी अड़गड़ानन्दकृत 'श्रीमद्भगवद्गीता' के भाष्य 'यथार्थ गीता' में 'समग्र जानकारी' नामक सातवाँ अध्याय पूर्ण होता है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**धन्या द्विजमयी नौका विपरीता भवार्णवे।**
**तरन्यधोगताः सर्वे उपरिष्ठाः पतन्त्यधः।।**

इस संसार-सागर में ब्राह्मणरूपी नौका-अर्थात् ब्राह्मणों के सहारे अपने उद्धार की कामना करने वालों-की बड़ी विचित्र स्थिति है। इस संसार में नीचे गये हुए ब्राह्मणों के सामने विनम्र तो तर जाते हैं, परन्तु जो ऊपर बैठे रहते हैं गर्वित रहते हैं , उनका कभी उद्धार नहीं होता।

◆◆◆

# रसोई गैस संकट : इस तरह क्यों थूकिये कि मुंह पर वापस आये?

अमेरिका, इस्राईल व ईरान के बीच छिड़े युद्ध के बीच पूरा विश्व कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर चिंतित है। युद्ध छिड़ते ही भारत में भी इसका प्रभाव साफ़ नज़र



-निर्मल रानी

आने लगा। अमेरिका,इस्राईल व ईरान युद्ध के कारण ईरान के नियंत्रण वाले स्ट्रेट ऑफ़ हारमूज़ में शिपिंग रुक गई है ।ग़ौरतलब है कि भारत मध्य पूर्व से अपनी 60 से लेकर 90त्न तक एल पी जी गैस व कच्चे तेल का आयात इसी मार्ग से करता है। स्ट्रेट ऑफ़ हारमूज़ जल मार्ग बाधित होने के कारण ही सरकार ने घरेलू गैस उपयोगको प्राथमिकता देते हुये कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति लगभग बंद कर दी है। साथ ही घरेलू सिलेंडर के दाम में 60 रुपये जबकि कमर्शियल में 115 रूपये तक की बढ़ोतरी की भी की गयी है। इस दौरान रसोई गैस के लिये जगह जगह लोगों की क़तारें देखने को मिलीं। कहीं कहीं से तो ब्लैक मार्केटिंग की ख़बरें भी सुनाई दीं। लोगों में गैस की क़िल्लत की शंका से दहशत फैल गयी। इससे विशेषकर व्यवसायिक क्षेत्र सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ क्योंकि लगभग 90 प्रति. होटल-रेस्तरां कमर्शियल एल पी जी सिलेंडर पर निर्भर हैं। राष्ट्रीय रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने इसे एक ऐसा संकट बताया जो 5.7 ट्रिलियन रुपये टर्नओवर और 80 लाख नौकरियों वाले वर्ग को ख़तरे में डाल रहा है। देश के अनेक होटल्स व रेस्तरां में मेन्यू में कटौती करते हुये रोटी, डोसा, पूरी, फ़राई सामग्री, चाय-कॉफ़ी , हॉट ड्रिंक्स आदि हटा दिए गए। इसके बजाये केवल राइस-दाल, सैंडविच या कोल्ड ड्रिंक्स आदि ही परोसे जा रहे हैं। उदाहरण स्वरूप बेंगलुरु व चेन्नई सहित तमिलनाडु में हज़ारों छोटे रेस्त्रां पूरी तरह या कहीं कहीं आंशिक रूप से



बंद हो गये । बेंगलुरु होटल एसोसिएशन के अनुसार इस संकट से औसतन 25-30प्रतिशत का राजस्व घाटा हुआ है। सबसे ज़्यादा मार भोपाल में पड़ी जहाँ 40प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुये। कई लोगों ने तो अपनी दुकानें भी बंद कर दीं। कुछ होटल व रेस्त्रां इंडक्शन या इलेक्ट्रिक ओवन का प्रयोग करने लगे हैं। अचानक इंडक्शन की बढ़ती मांग के चलते कई जगहों से तो इंडक्शन व स्टोव के भी आउट ऑफ़ स्टॉक होने की ख़बरें आई हैं।

इस संकट का सामना करने के लिये सरकार द्वारा रिफ़ाइनरी उत्पादन 25प्रतिशत तक बढ़ने का समाचार है। जबकि कुछ राज्यों में केरोसिन व कोयला आपूर्ति करने की अस्थायी अनुमति भी दी गयी है । यदि आगे भी यही स्थिति बानी रही तो रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर बंदी और बेरोज़गारी का ख़तरा है। संकट की इस घड़ी में देश के अनेक नेता संसद से सड़कों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2018 में विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में दिये गये उस दिव्य ज्ञान को याद कर रहे हैं जिसमें उन्होंने एक ऐसे चायवाले की कहानी सुनाई थी जो नाले से निकलने वाली गैस से चाय बनाता था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बायो ईंधन की संभावनाओं पर बात करते हुए एक चाय वाले की कहानी का ज़िक्र किया था जो गंदे नाले से निकलने वाली गैस का इस्तेमाल करके चाय बनाता था। उन्होंने बताया था कि - एक छोटे शहर में नाले के पास चाय का ठेला लगाने वाला कोई व्यक्ति था। उस नाले से दुर्गंध और गैस निकलती थी, तो उसने सोचा कि इस गैस का इस्तेमाल क्यों न करें। उसने एक बर्तन को उल्टा करके उसमें छेद किया, पाइप डाला, और नाले की गैस को पाइप के ज़रिए अपने चूल्हे तक पहुंचाया। फिर उसी गैस से चाय बनाने लगा। मोदी जी ने इसे सिंपल सी टेक्नोलॉजी कहा और बायो ईंधन की क्षमता का उदाहरण दिया। बस मोदी के इसी बयान को देश के विपक्षी नेताओं व युवाओं द्वारा न केवल याद किया जा रहा है बल्कि देश में सैकड़ों जगहों से इसी फ़ार्मुले से चाय बनाने की नाकाम कोशिश करते हुये अनेक लोगों की वीडिओ भी वायरल हो रही हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने तो सुल्तानपुर में बाक़ायदा नाली में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का प्रयास भी किया, लेकिन चूल्हा नहीं जला। उन्होंने कहा, मोदी जी कहते हैं नाली की गैस से चाय बनाओ, लेकिन यह संकट मोदी सरकार ही लाई है। कुछ लोगों ने व्यंग्य किया कि प्रधानमंत्री के ज्ञान से प्रभावित व प्रेरित तमाम लोग नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया मीम्स और रील्स में 'अनपढ़ राजा' कहकर मोदी का मज़ाक़ उड़ाया गया, जहां नाली की गैस से चाय बनने का असफल प्रयास प्रदर्शित किया गया। मोदी के इसी 'दिव्य ज्ञान ' के पुराने वीडियो शेयर व रीशेयर करते हुये उन पर व्यंग्य कसे गए। विपक्ष ने तो इस संकट को सरकार की असफल विदेश नीति और तैयारी की नाकामी बताया है। तृणमूल कांग्रेस सांसद व पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आज़ाद ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नाले की गैस से चाय बनाने' वाले पुराने बयान का व्यंग्यात्मक उल्लेख करते हुए सरकार पर तीखा तंज़ किया और गैस संकट पर सवाल उठाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि अगर प्रधानमंत्री की इस 'गटर गैस' वाली सोच को गंभीरता से लेकर उस पर शोध किया होता, तो आज देश में एलपीजी की ऐसी कमी और सिलेंडर के दामों में यह भारी बढ़ोतरी नहीं देखनी पड़ती। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि सरकार दावा करती है कि कोई बड़ा संकट नहीं है, तो फिर एलपीजी सिलेंडर के दाम क्यों बढ़ाए गए हैं और ग़रीब व मध्यम वर्ग पर इतना बोझ क्यों डाला जा रहा है।

## प्रेरक प्रसंग

### अमर फल

एक धार्मिक व्यक्ति था। एक दिन उसने अपने लड़के को कुछ पैसे दिये और कहा, जा, बाजार से कुछ फल ले आ।

लड़का पैसे लेकर चला। वह सोचता जा रहा था कि क्या-क्या फल खरीदेगा, तभी देखता क्या है कि रास्ते के एक तरफ को एक आदमी बैठा है। उसके तन पर चिथड़े लिपटे हुए हैं और वह भूख से छटपटा रहा है।

बालक का हृदय द्रवित हो गया। वह दौड़ा हुआ बाजार गया और उसकी जेब में जो पैसे थे, उनसे खाने की चीजें लाकर उस भूखे को दे दीं। खाना पाकर उस आदमी की हैरानी दूर हो गई।

यह देखकर बालक को बड़ी खुशी हुई। उसके पैरों में जैसे पंख लग गये। वह कूदता हुआ घर आया और सीधे अपने पिता के पास पहुंचा।

उसे खाली हाथ आया देखकर पिता ने कहा, अरे तू फल नहीं लाया ?

लड़का बोला, पिताजी, मैं लाया हूं, किन्तु फल नहीं, अमर फल लाया हूं।

थोड़ा रुककर लड़के ने सारा हाल कह सुनाया, फिर बोला, पिताजी, मैं फल ले आता और हमलोग उन्हें खा लेते तो उससे हमें कितना लाभ होता ? लेकिन उस आदमी को खाना मिल जाने से उसके पेट की ज्वाला शान्त हो गई। इससे बढ़कर आनंद की बात हमारे लिए क्या हो सकती है। पिता ने गद्गद् होकर बेटे को सीने से लगा लिया। ऐसी संतान पर किसी भी पिता को गर्व हो सकता था।

## आपका पत्र मिला

### रैप म्यूजिक से बनाई पहचान

पुराने दलों एवं नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की समस्याओं की जड़ बताना बालेंद्र शाह के रैप गानों का थीम रहा। इस तरह उन्होंने जन भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। नेपाल के चुनाव नतीजों से साफ है कि वहां के लोग पुरानी पार्टियों और नेताओं से कितने आजिज़ आ चुके थे। नेपाली कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को उन्होंने सिरे से ठुकरा दिया है। अब उन्होंने अपना दांव ऐसे नेता पर लगाया है, जिन्होंने अपनी पहचान रैप म्यूजिक से बनाई और उसी माध्यम से राजनीति में लोकप्रिय हुए। बालेंद्र शाह पहले अपने दम पर काठमांडू के मेयर बने और अब पिछले सितंबर की उथल-पुथल के बाद हुए चुनाव में लोगों की उम्मीद का सबसे बड़ा प्रतीक बन कर उभरे हैं। शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल के हालिया इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। शाह ने चुनाव अभियान भी रैपर के बतौर चलाया। पुराने दलों और नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की तमाम समस्याओं की जड़ बताना उनके रैप गानों का थीम रहा है। इस तरह उन्होंने लोगों के भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। मगर चाहे राजनीतिक संस्कृति से जुड़ी समस्याएं हों या ठोस आर्थिक मसले- उनका समाधान रैप अथवा किसी संगीत से नहीं निकल सकता। इसके लिए ठोस कार्यक्रम एवं योजनाओं की जरूरत होगी। इस मामले में शाह के पास कोई सोच या नजरिया है, इसका कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है। बल्कि वे एक ऐसी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बतौर जीते हैं, जिसके नेता पर भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप हैं कि जेन-जी विद्रोह के पहले तक वे जेल में थे।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# नवरात्र पूजा के लिए ऐसे तैयार हों सुहागिनें

## मेकअप और स्टाइलिंग के आसान तरीके

कोई नवरात्रि में देवी मां की कृपा प्राप्त करना चाहता है। नवरात्र में सुहागिन महिलाओं को नए कपड़े पहनना, सजना-संवरना बेहद जरुरी माना जाता है। जो लोग नए वस्त्र और श्रृंगार करती हैं, उनसे मां दुर्गा काफी प्रसन्न रहती है। इसलिए आपको नवरात्रि के नौ दिनों तक सजना-संवरना चाहिए। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे नवरात्रि पूजा के लिए तैयार हो। अगर आप मंदिर जा रहे हैं, तो कैसे रेडी हो। चलिए आपको कुछ फैशन और मेकअप टिप्स बताते हैं जिन्हें आप फॉलो कर सकते हैं।

**ट्रेडिशनल आउटफिट पहनें**

नवरात्र में पूजा-पाठ के लिए पारंपरिक कपड़े पहनना बेहद जरुरी है। सुहागिन महिलाएं साड़ी पहनकर सबसे सुंदर दिख सकती है। आप चाहे तो सूट भी पहन सकती है। रेड, नारंगी, ग्रीन, येलो जैसे शिड्स के साड़ी या फिर सूट पहन सकती है, क्योंकि इन शेड्स के कपड़े काफी सुंदर और वाइब्रेंट नजर आते हैं। अब दिन के हिसाब से भी कपड़ों के रंगों का चयन कर सकते हैं।

**मिनिमल ज्वैलरी पहनें**

हैवी ज्वैलरी आपके लुक को खराब कर सकते है। इसलिए आप मिनिमल ज्वैलरी पहन सकती हैं। इससे आपका लुक बेहद ही प्यारा आएगा और आप स्टाइलिश नजर आएंगी। नवरात्र में सुहागिन महिलाओं को ज्वैलरी वियर करनी चाहिए। उदाहरण के तौर पर मंगलसूत्र, अंगूठी, चूड़ियां, पायल, बिछिया, झुमके आदि। यह आपके लुक को बेहतरीन बना देंगे।

**लाइट मेकअप करें**

आपका आउटफिट का लुक मेकअप पर डिपेंड होता है। इसलिए ज्यादा मेकअप करने से बचें। ग्लोइंग और लाइट मेकअप ही करें। फाउंडेशन का यूज न करें, इसके जगह आप टिंटेड मॉइश्चराइजर या बीबी क्रीम लगा सकते हैं। इसके साथ ही लिपस्टिक, लाइट काजल, लाइट आईशैडो और हल्का ब्लश लगा सकते हैं। आप चाहे तो हाईलाइटर का यूज कर सकते हैं। बिंदी और सिंदूर आपका लुक पूरा कंप्लीट कर देगा।

**बनाएं सुंदर-सा हेयरस्टाइल**

पूजा के लिए परफेक्ट लुक क्रिएट करने के लिए हेयर स्टाइल का रॉल बेहद काम साबित हो सकता है। आप सिंपल ब्रेड या मेसी बन साड़ी-सूट पर शानदार लुक प्रदान करेगा। आप चाहे तो गजरा लगा सकते हैं। ताजे फूलों को भी बन में लगा सकते हैं, जिससे आपको लुक खिलकर आएगा। आप चाहे तो गजरा लगाकर चोटी भी बना सकती हैं। अगर आपके हेयर एक्सेसरीज हैं, तो इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

# नव दुर्गा की ध्यान मुद्राए



- रघोत्तम शुक्ल




**1-शैलपुत्री-** भाल बाल शशि,कमल वाम कर,शोभित दाएं हाथ त्रिशूल।
वृषभ सवार करूँ वंदन मैं,पाने हित फल शुभ अनुकूल।।

**2-ब्रह्मचारिणी-** लिये दाहिने कर जप माला,तथा कमण्डलु है कर वाम।
परम तपस्विनि,ब्रह्मचारिणी माता शोभित ललित ललाम।।

**3-चंद्रघण्टा-** घण्टा सदृश अर्द्ध शशि शिर पर,काया सुन्दर स्वर्ण समान।
शस्त्र धरे दश भुजा रणोद्यत,वीर केसरी जिनके यान।।

**4-कूष्माण्डा-** अमृत कलश लिये कर रवि सी देवि लिये आभा भरपूर।
नमन मातु हे कूष्माण्डा अब,करिये सब बाधाएं दूर।।

**5- स्कंदमाता-** सिंह पीठ असवार बिठाये कार्तिकेय को अपनी गोद।
दो हाथों में कमल शुभंकर,बसिये मॉं! मम हृदय समोद।।

**6-कात्यायनी-** चंद्रहास तलवार लिये कर,श्रेष्ठ सिंह पर जो असवार।
कात्यायनी मातु को नत हूँ,करतीं असुर वृंद संहार।।

**7-कालरात्रि-** श्याम मेघवर्णी अति दिव्या,खुले केश दाढ़ें विकराल।
गर्दभ यान,पयोधर उन्नत,विद्युत्कांति अधर हैं लाल।।
मले तेल तन पर,कर धारे कमल,अमोघ कठिन करवाल।
सकल सिद्धिदायिनि कृपालु मॉं कालरात्रि को हूँ नतभाल।।

**8-महागौरी-** श्वेत वृषभ आसीन परम शुचि,पहने श्वेत वस्त्र सु-पुनीत।
शुभकारिणि जन हेतु;सदा जो महादेव के मन की मीत।।

**9-सिद्धिदात्री-** सेवक जिनके अमर असुर,गंधर्व यक्षगण सिद्ध महान।
वे मॉं नवम् सिद्धिदा सारी करें सिद्धियॉं हमें प्रदान।।

**नोट**-आप चाहें तो नवरात्र में प्रतिदिन एक माता की फोटो सहित एक पद्य डाल सकते हैं।ये पद्य शास्त्रोक्त ध्यान मंत्रों के हिंदी रूपांतर हैं।

# प्रकृति की नन्ही दूत है चिड़िया

## 20 मार्च विश्व गौरैया दिवस पर विशेष

- रमेश सर्राफ धमोरा



विश्व गौरैया दिवस नन्ही घरेलू गौरैया और अन्य पक्षियों को समर्पित है। गौरैया की संख्या में हो रही तीव्र गिरावट के बारे में जागरूकता पैदा करने और लोगों को इन परिचित पक्षियों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु यह दिवस प्रतिवर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य गौरैया के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके लिए हमारे आस पास का माहौल बेहतर करना है। विश्व गौरैया दिवस 2026 एक बार फिर दुनिया को याद दिलाएगा कि आम पक्षियों को भी देखभाल और ध्यान की आवश्यकता है। कभी उपेक्षित समझी जाने वाली गौरैया अब कई कस्बों और शहरों से गायब हो रही हैं, जो इस दिन को रोजमर्रा की जैव विविधता और स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य के प्रति चिंता का प्रतीक बनाती है। गौरैया मानव इतिहास के सबसे परिचित पक्षियों में से एक हैं। वे घरों, खेतों, बाजारों और शहरी सड़कों के पास पाई जाती हैं। उनकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि किसी क्षेत्र में अभी भी पर्याप्त भोजन, सुरक्षित घोंसले बनाने की जगह और बुनियादी पारिस्थितिक संतुलन मौजूद है। गौरैया की मधुर चहचहाहट कई देशों में सुबह और शाम के जीवन का अभिन्न अंग रही है। गौरैया छोटे, फुर्तीले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल, मोटा शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है।

जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको घर के आंगन में सबसे अधिक जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्ही चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह चिड़िया बचपन से ही हमारी साथी बन जाती है जो बच्चों के इर्द-गिर्द ही घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है। गौरैया बच्चों के हाथ से कई बार खाने की वस्तु भी झपटकर ले जाती है। छोटे बच्चे उन्हें पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ते हैं और वह फुर्र से उड़कर ऊपर बैठ जाती है। गांव देहातों में यह आज भी देखने को मिल जाता है। मगर शहरों में अब ऐसा नजारा शायद ही कहीं देखने को मिलता होगा। गौरैया मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों, गांवों, और खेतों के आसपास यह बहुतयात से पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते है। मादा के सिर और गले पर भूरा रंग नहीं होता है। नर गौरैया को चिड़ा और मादा चिड़ी या चिड़िया भी कहते हैं। गौरैया पक्षियों के पैसर वंश की एक जीव वैज्ञानिक जाति है जो विश्व के अधिकांश भागों में पाई जाती है।

आरम्भ में यह एशिया, यूरोप और भूमध्य सागर के तटवर्ती क्षेत्रों में पाई जाती थी। लेकिन मानवों ने इसे विश्वभर में फैला दिया है। यह मनुष्यों के समीप कई स्थानों में रहती हैं। पिछले कुछ सालों में शहरों में गौरैया की कम होती संख्या पर चिन्ता प्रकट की जा रही है। आधुनिक स्थापत्य की बहुमंजिली इमारतों में गौरैया को रहने के लिए जगह नहीं मिल पाती। कभी बड़ी संख्या में हमारे साथ रहने वाली गौरैया अब धीरे-धीरे बहुत कम होती जा रही है। मगर जीवन की भाग दौड़ में किसी का ध्यान इनकी घाटी संख्या की तरफ नहीं जा रहा है। बच्चों की सबसे नजदीकी मित्र गौरैया जिस तेजी से कम होती जा रही है उससे लगता है आने वाले समय में यह कहीं विलुप्त ना हो जाए। इसलिए हम सबको मिलकर गंभीरता से ऐसे प्रयास करने चाहिए जिससे गौरैया को संरक्षण मिल सके और उनकी संख्या में फिर से बढ़ोतरी प्रारंभ हो सके।

गौरैया चिड़िया को घरेलू चिड़िया भी कहा जाता है। क्योंकि यह घरों के अंदर भी घोसले बनकर रह लेती है। ये मानव और प्रकृति के लिए बहुत उपयोगी है। क्योंकि यह कीड़ों को खाती है जिससे कीड़े पौधों को नुकसान नहीं पहुंचा पाते हैं। गौरैया एक ऐसी चिड़िया है जो पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। इसके अलावा धर्मशास्त्र के मुताबिक गौरैया का आपकी छत पर आना आपके लिए शुभ होता है। जानकारो का कहना हैं कि यह चिड़िया शांति और सदभावना का संदेश लेकर आती है।

# ईद से पहले चेहरे पर लाना है निखार, तो अपनाएं ये टिप्स



ईद का दिन हर किसी के लिए बेहद खास होता है। रमजान का महीना बीतने के बाद आखिरी दिन ये त्योहार मनाया जाता है। इस दिन के लिए काफी-काफी दिन पहले से तैयारी शुरू हो जाती है। घरों में लोग पकवान बनाते हैं, और अपने घर को भी खासतौर पर सजाते हैं। ईद के दिन हर कोई नए कपड़े पहनता है, जिसके लिए पहले से शॉपिंग शुरू कर दी जाती है। अगर महिलाओं और लड़कियों की बात करें तो हर त्योहार में उनका उत्साह देखने को मिलता है। ऐसे में अगर आप चाहती हैं, कि ईद के दिन आपका चेहरा खिला-खिला दिखे तो आज के इस लेख में हम आपको कुछ स्किन केयर टिप्स बताने जा रहे हैं। इन टिप्स को अपनाकर आपका चेहरा भी खिल उठेगा। इन टिप्स को अपनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। तो आइए देर न करते हुए आपको भी इन टिप्स के बारे में बताते हैं।

**फेशियल-** ईद के पहले चेहरे का ग्लो बरकरार रखने के लिए आप फेशियल करा सकती है। अगर पार्लर जाने का समय नहीं है तो घरेलू चीजों के इस्तेमाल से आप घर पर ही फेशियल कर सकती हैं। फेशियल से आपकी त्वचा की डेड स्किन निकल जाती है, जिस वजह से त्वचा भी खिली-खिली रहेगी।

**चेहरे को दिन में दो बार धोएं**

चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए त्वचा को दिन में दो बार सही तरह से साफ जरूर करे। इसके लिए किसी अच्छे फेसवॉश का इस्तेमाल करें। ताकि इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे की त्वचा सही तरह से साफ हो जाए।

**स्क्रब है जरूरी**

चेहरे की डेड स्किन निकालने के लिए स्क्रब बहद जरूरी है। इसके लिए आपको स्क्रब के होममेड पैक आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। अगर आप बाजार वाले स्क्रब का इस्तेमाल नहीं करना चाहतीं, तो इसके लिए घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**लगाएं फेस पैक**

अगर आपको घरेलू चीजों के इस्तेमाल पर ज्यादा भरोसा है, तो घर पर ही फैस पैक तैयार करके आप इसका इस्तेमाल कर सकती है। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

# धूप से झुलस गई है त्वचा, तो इस तरह करें देखभाल



आमतौर पर गर्मियों में सनबर्न की समस्या ज्यादा होती है, क्योंकि सूर्य की तेज किरणें त्वचा को झुलसा देती हैं। इससे आपकी स्किव खराब हो जाती है। सनबर्न को रिमूव करना आसान नहीं होता। हम आपको इस लेख में 10 आसान घरेलू नुस्खे बताएंगे, जो आपकी सनबर्न की समस्या में राहत देंगी। सबसे पहले आप गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी और तरल पदार्थ का सेवन करें, इससे आपकी त्वचा हाइड्रेटेड रहे और उसमें रुखापन न आए। आप पानी के साथ-साथ, जलजीरा, आमपना, शिकंजी आदि का सेवन करें। त्वचा को अंदरुनी और बाहर दोनों ही तरफ से आपको हाइड्रेटेड रखना चाहिए। इसके लिए आप एलोवेरा जेल, कोकोनट वॉटर, गुलाब जल आदि को टोनर की तरह चेहरे पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे स्किन हाइड्रेटेड और मॉइश्चराइज्ड रहती है। त्वचा पर मुल्तानी मिट्टी और चंदन का लेप भी लगा सकते हैं। अगर आपकी स्किन ड्राई है तो इस लेप में शहद भी मिक्स कर सकते हैं। ऑयली त्वचा वालों को मुल्तानी मिट्टी के साथ गुलाब जल मिक्स करना चाहिए। गर्मियों में आप दही और बेसन का स्क्रब भी चेहरे पर लगा सकते हैं। दोनों ही बहुत अच्छे एक्सफोलिएटर हैं और त्वचा की डेड स्किन को रिमूव करने की क्षमता को रखता है। आप चेहरे पर खीरे का रस भी लगा सकते हैं। इससे विटामिन-सी होते है, जो त्वचा के दाग-धब्बों को कम करता है और स्किन को गहराई तक साफ करता है। खीरे का रस लगाने से त्वचा को ठंडक और ताजगी भी आती है।

# इस तरह खुद से करें नेल आर्ट

आजकल नेल आर्ट का हर लड़की को बेहद शौंक है। नेल आर्ट की मदद से ना सिर्फ आपके हाथ खूबसूरत लगते हैं बल्कि आपकी पुरी लूक इससे बदल जाती है। लेकिन हमेशा पार्लर जाकर नेल आर्ट करवाना काफी महंगा पड़ता है ऐसे में हम आपको आज घर पर ही बेहद आसान तरीके से नेल आर्ट करने के कुछ खास तरीके बताएंगे जिससे आप भी घर पर अपनी पसंद की नेल आर्ट कर सकती हैं। **नेलपेंट रिमूवर :** नये नेल आर्ट को बनाने के लिए पुराने वाले को हटाना भी जरूरी होता है। इसलिए इसके लिए अच्छी क्वालिटी का नेलपेंट रिमूवर रखें। जो नाखूनों की सेहत को नुकसान ना पहुंचाता हो। उम्मीद है कि नेल आर्ट के लिए ये टिप्स आपके काफी काम आएंगे। **डॉटिंग टूल :** नेल पॉलिश मोटा होने के कारण आप उससे कोई छोटी डिजाईन नहीं बना सकते।

# गुड़ी पड़वा : जहां परंपरा प्रेरणा बनती है और संस्कृति जीवित होती है



- कृति आरके जैन

जब नई शुरुआत की पहली आहट समय के द्वार पर दस्तक देती है और प्रकृति मुस्कुराकर नवजीवन का स्वागत करती है, तब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का पावन प्रभात एक अलौकिक आभा लेकर अवतरित होता है। यह केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन में नए सृजन, नई आशा और नए उत्साह का उज्ज्वल आरंभ है–जिसे हम गुड़ी पड़वा के रूप में मनाते हैं। स्वर्णिम किरणों के साथ जब यह दिन धरती को आलोकित करता है, तब हर आंगन में आशा की ध्वजा फहराती है और हर हृदय में नववर्ष का उत्साह उमड़ पड़ता है। यह उत्सव समय के चक्र में वह पवित्र बिंदु है, जहां अतीत का अनुभव और भविष्य की संभावनाएं एक साथ मुस्कुराती हैं।

जब इतिहास, आस्था और सृष्टि की स्मृतियां एक साथ जाग उठती हैं, तब गुड़ी पड़वा का असली महत्व सामने आता है। यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि उस दिव्य क्षण की याद है जब ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की। यह दिन धर्म की विजय का प्रतीक है, जहां सत्य ने असत्य पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। श्रीराम का अयोध्या आगमन हो या छत्रपति शिवाजी महाराज का स्वराज्य–हर गाथा इस दिन जीवंत हो उठती है। शालिवाहन की विजय इसे नवसंवत्सर का आधार बनाती है और यह संदेश देती है कि हर संघर्ष का अंत विजय में ही होता है। यह संगम गुड़ी पड़वा को अमर परंपरा और साहस, विश्वास की ज्योति बनाता है।

जब प्रकृति स्वयं नवजीवन के उत्सव में डूब जाती है, तब इस दिन का खगोलीय और प्राकृतिक महत्व और भी स्पष्ट हो जाता है। वसंत का पूर्ण जागरण, सूर्य की कोमल ऊष्मा और खेतों में लहराती सुनहरी फसलें इस बात की साक्षी हैं कि धरती नई ऊर्जा से भर उठी है। रबी फसलों की कटाई और नई बुआई की तैयारी इस पर्व को किसान के जीवन से गहराई से जोड़ती है। यह दिन सहज ही यह संदेश देता है कि परिवर्तन ही जीवन का शाश्वत सत्य है, और हर अंत अपने भीतर एक नए आरंभ की संभावना संजोए होता है। इसी कारण गुड़ी पड़वा केवल धार्मिक उत्सव नहीं रहता, बल्कि यह प्रकृति, विज्ञान और जीवनदर्शन का अद्भुत संगम बन जाता है।

गुड़ी पड़वा का सबसे जीवंत रूप गुड़ी की स्थापना में दिखाई देता है, जो विजय और समृद्धि का प्रतीक है। ऊंचे बांस पर सजे रेशमी वस्त्र, कडुनिंब की पत्तियां, आम के तोरण, पुष्पमालाएं और शीर्ष पर तांबे का कलश–सब मिलकर एक दिव्य ध्वज बनाते हैं। यह सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि आशा, एकता और अडिग विश्वास का संकल्प है। जब यह ध्वज पूर्व दिशा में लहराता है, तो ऐसा लगता है मानो सूर्य स्वयं इसकी आभा को नमन कर रहा हो। हर झोंका इसमें संदेश भर देता है–ऊपर उठो, आगे बढ़ो और हर परिस्थिति में विजय पाओ।

जब श्रद्धा और उत्साह घर की चौखट पर उतरते हैं, तब गुड़ी पड़वा के अनुष्ठान पूर्ण रूप में जीवंत हो उठते हैं। प्रातः स्नान के बाद परिवार मिलकर गुड़ी की स्थापना करता है, जो केवल परंपरा नहीं, बल्कि सामूहिक आस्था और आनंद का उत्सव बन जाती है। रंगोली, तोरण और नए वस्त्रों में सजे चेहरे घर को दिव्य आभा से भर देते हैं। मंत्रों की गूंज, दीपशिखा की उज्ज्वल लौ और धूप की सुगंध इस अनुष्ठान को सिर्फ पूजा नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और जीवन में मंगल की कामना का शक्तिशाली माध्यम बना देती हैं।

जब स्वाद में भी परंपरा की आत्मा बसती है, तब यह उत्सव और भी पूर्ण हो उठता है। गुड़ी पड़वा के पारंपरिक व्यंजन केवल भोजन नहीं, बल्कि जीवन के संतुलन का संदेश हैं। कडुनिंब की कड़वाहट और मिठास का संगम यह सिखाता है कि जीवन के हर अनुभव का अपना महत्व है। पूरनपोली, श्रीखंड और अन्य पकवानों की सुगंध घर-आंगन में आनंद घोल देती है। यह पाक परंपरा केवल स्वाद की तृप्ति नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, संस्कृति और प्रकृति के संतुलन का प्रतीक है, जो हमें ऋतु के अनुरूप जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

जब समाज एक साथ उल्लास में खिल उठता है, तब गुड़ी पड़वा अपनी पूर्णता को प्राप्त करता है। यह पर्व केवल घर तक सीमित नहीं, बल्कि गलियों, बाजारों और समुदायों में जीवंत हो उठता है। नृत्य, गीत, जुलूस और पारंपरिक वेशभूषा इस दिन को रंग और उत्साह से भर देते हैं। नई शुरुआत की हलचल और सपनों की तैयारी हर ओर दिखाई देती है। आधुनिक युग में भी यह पर्व अपनी जड़ों को संजोकर नई पीढ़ी को सिखाता है कि परंपरा ही भविष्य की ऊंचाइयों की नींव है। यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक चेतना का प्रखर प्रतीक बनकर उभरता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**बृहस्पतिवार, 19 मार्च 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते वसंत ऋतौ चैत्र मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, अमावस्या तिथौ गुरु वासरे 06/54/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 28/05/ शुक्ल योग 25/17/ नाग करणे 06/54/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** विक्रम संवत (सिद्धार्थ) प्रारम्भ। चैत्र वसंतिक नवरात्रारम्भ। कलश स्थापना। गुड़ी पडवा। गुरू अमरदास गुरुयाई दिवस। आर्य समाज स्थापना दिवस। चांद संवत्सर 2082(काल) विक्रमीय समाप्त।

**मेष :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। तनाव व रोग से बचें। यात्रा की सम्भावनाएं बनेंगी।

**वृष :** रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। निजी सम्बन्ध प्रगाण होगे। यात्रा का योग है। स्वस्थ्य के प्रति सचेत रहे।

**मिथुन :** परिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास सफल होंगे।

**कर्क :** व्यवसायिक योजना का लाभ मिलेगा। रोग व शत्रु के कारण तनाव मिलेगा गृहपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। यात्रा से बचें।

**सिंह :** निर्माण की दिशा में चल रहें प्रयास फलीभूत होगें। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। जीवन सुखमय होगा।

**कन्या :** दूसरे पर अधिक भरोसा ना करे। सम्बन्धों मे विकटता आयेगी। यात्रा से बचें। हनुमान जी की उपासना लाभकारी है।

**तुला :** आर्थिक मामलों में जोखिम न उठायें। स्वस्थ के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। शासन का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** अल्प आय व खर्च की अधिकता के कारण आय व्यय में असंतुलन पैदा होगा। धैर्य बनाये रखें। हनुमान जी की पूजा फलदायी है।

**मीन :** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। निजी सम्बन्ध प्रगाण होगे। सम्बन्धो में निकटता आयेगी।

**जन आक्रोश रैली 24 मार्च को दिल्ली चलने का आवाहन**

जालौन। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला कमेटी सदस्य कमलाकांत वर्मा ने बताया कि वर्तमान सरकार में मंहगाई, बेरोजगारी चरम पर है। लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन हो रहा है। ऐसे में 24 मार्च को दिल्ली में जनआक्रोश रैली का आयोजन रामलीला मैदान में हो रहा है। रैली के माध्यम से सरकार से श्रम संहिताओं को रद करने अमेरिका के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के धोखे और रूस से तेल खरीद करने, बीज विधेयक वापस लेने, मनरेगा काननू को वापस लाने, बिजली के निजीकरण को रोकने और स्मार्ट मीटर लगाना बंद करने, गरीब उजाड़ों अभियान को बंद करने और सांप्रदायिकता को रोकने और भाईचारा को मजबूत करने की मांग की जाएगी।

## खबर एक नज़र



### रामपुरा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में 80 जोड़े बने जीवनसाथी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**रामपुरा (जालौन)।** विकास खण्ड रामपुरा परिसर में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 80 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नए जीवन की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर उत्सव और उल्लास से सराबोर नजर आया, जहां हर ओर खुशियों का माहौल देखने को मिला। सम्मेलन में 77 हिंदू एवं 3 मुस्लिम जोड़ों का विवाह उनके-अपने धार्मिक रीति-रिवाजों एवं विधि-विधान के अनुसार संपन्न कराया गया। अलग-अलग धर्मों की परंपराओं का सम्मान करते हुए विवाह कराए जाने से सामाजिक समरसता और एकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपुरा ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने की। इस अवसर पर उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय जीवन की कामना की। वहीं खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। उन्होंने भी सभी नवदंपत्तियों को प्रमाण पत्र सहित आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे प्रेम, विश्वास और सहयोग के साथ अपने वैवाहिक जीवन को आगे बढ़ाएं। खण्ड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर मिल रहा है। इस दौरान सभी नवविवाहित जोड़ों को सरकार की ओर से निर्धारित आर्थिक सहायता राशि एवं उपहार सामग्री भी प्रदान की गई। समारोह के दौरान व्यवस्थाओं में एक बड़ी चूक भी सामने आई, जब मिष्ठान वितरण में दिए गए लड्डू खराब निकले। इस पर खंड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए ताजे लड्डू मंगवाकर पुनः वितरण कराया, जिससे स्थिति को समय रहते संभाल लिया गया। प्रशासन द्वारा सुरक्षा, बैठने, खानपान एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखा गया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नवदंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक रामपुरा अजीत सिंह सेंगर, खण्ड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह, पंचायत सहायक अधिकारी भारत सिंह, सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास)मनोज कुमार गौतम , ग्राम विकास अधिकारी अभिनव पाठक, समाज कल्याण निरपत सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दरिद्र नारायण सेवा समिति ने ईद के पूर्व मुस्लिम परिवारों को उपलब्ध कराए नए बस्त्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कोंच(जालौन)।** मुहल्ला गोखले नगर स्थित दरिद्र नारायण सेवा समिति जरूरत मंदों के लिए त्यौहारों के पूर्व धर्म के अनुसार उन्हें आवश्यक सामग्री व बस्त्र उपलब्ध करवाती है जिससे आम जनमानस की तरह वह भी अपना त्यौहार हर्षोउल्लास के साथ मना सकें इसी व्यबस्था के चलते दिन बुधवार को दरिद्र नारायण सेवा समिति ने ईद त्यौहार के पूर्व जरूरत मुस्लिम परिवारों को नए बस्त्र व आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जिसमें सिमईयां शक्कर तेल साबुन मंजन ब्रश के साथ साथ नए कपड़े और सौ सौ रुपये नगद भेंट किये उक्त कार्यक्रम में रेलबे भर्ती बोर्ड के पूर्व चेयरमैंन प्रेम नारायण वर्मा की धर्म पत्नी मिथलेश वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं और उन्होंने अपने हांथों से जरूरत मंदों को भोजन कराकर आवश्यक सामग्री वितरित की उन्होंने एक कमरे के निर्माण हेतु 1 लाख 50 हजारे रुपये समिति को देने की भी घोषणा की वहीं अंजू सिंह ने ईद के अवसर पर 51सौ रुपये सहयोग राशि प्रदान की इस दौरान मुख्य अतिथि ने अपने विचार ब्यक्त करते हुए कहा कि जरूरत मंदों की सेवा करना ईश्वर की सच्ची सेवा है जो समाज में गरीब असहाय लोग हैं उन्हीं में निहित है उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को आगे आकर जरूरत मंदों की सेवा करने की अपील की इस अवसर पर हाजी मुहम्मद अहमद कडोरे लाल यादव बाबूजी हाजी सेठ नासिर खान केशव बबेले गजराज सिंह सेंगर सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नव दुर्गा व ईद को लेकर कुठौंद में पीस कमेटी की बैठक, शांति बनाए रखने की अपील

**कुठौंद(जालौन)।** आगामी हिंदू त्योहार नव दुर्गा (19 से 27 मार्च) और मुस्लिम त्योहार ईद (20 मार्च) को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को थाना कुठौंद परिसर में पीस कमेटी (शांति समिति) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे थाना प्रभारी निरीक्षक जगदम्बा प्रसाद दुबे ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और स्थानीय लोगों से संवाद किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस और जनता दोनों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और आपसी धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए पर्व मनाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि शांति भंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

इस अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति शोभायात्रा के शांतिपूर्ण संचालन और ईद की नमाज को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन की ओर से वरिष्ठ उप निरीक्षक शीलवन्त सिंह सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी अपने विचार रखे। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों सहित नारायन तिवारी,दिलीप दुहौलिया, महेश कुमार, पं. राम आसरे, राजू मिश्रा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, अनूप मिश्रा और आर.पी. वर्मा सहित कई पत्रकार व स्थानीय लोगों ने प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दोनों त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाया जाएगा।

### पूर्ति विभाग की टीम ने गैस एजेंसियों, पेट्रोल पम्पों व होटलों का किया निरीक्षण

कालपी(जालौन)। उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस सिलेंडर एवं पेट्रोलियम पदार्थों की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से पूर्ति विभाग की टीम ने कालपी तहसील क्षेत्र में सघन निरीक्षण अभियान चलाया।

क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार उत्तम के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न गैस एजेंसियों, पेट्रोल पम्पों तथा होटलों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर की गई। निरीक्षण के दौरान टीम में पूर्ति निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार मिश्रा एवं वरिष्ठ लिपिक सुवेन्द्र कुमार तिवारी भी शामिल रहे। अधिकारियों ने कदौरा विकास खंड क्षेत्र स्थित निहारिका इंडेन ग्रामीण वितरक, युवराज फिलिंग स्टेशन सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की जांच की। अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ताओं को वर्तमान में एलपीजी गैस सिलेंडर सुगमता पूर्वक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया गया कि वितरण व्यवस्था पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाए रखें, जिससे किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। मालूम हो कि विभागीय टीम द्वारा पूर्व में ओम साई गैस एजेंसी तथा कालपी गैस एजेंसी का भी निरीक्षण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पेट्रोल पम्प संचालकों एवं होटल संचालकों को भी उपभोक्ताओं के हितों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# जालौन में 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' पुस्तक का विमोचन, विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाई



उरई : विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाते जनप्रतिनिधि व अधिकारी ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**उरई(जालौन)।** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद जालौन के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा ÷नवनिर्माण के 9 वर्ष÷ नामक वार्षिक पुस्तक का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चैहान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। सजीव प्रसारण के पश्चात सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने प्रेस वार्ता आयोजित कर जनपद में हुए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

#### पर्यावरण एवं पशु संरक्षण के क्षेत्र में उपलब्धियां

विधायक ने बताया कि नून नदी के पुनरोद्धार कार्य के तहत नदी तल की सफाई, गाद निकालने और प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करने का कार्य किया गया। गौवंश संरक्षण के लिए जनपद में 09 वृहद गौ आश्रय स्थल योजना संचालित की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में 331 अस्थायी गौ आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें से 265 पर सोलर कैमरे लगाकर कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए जनपद को 'स्कॉच पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है।

#### कृषि एवं ग्रामीण विकास

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जनपद के 2,62,689 किसानों को अगस्त 2025 तक 828.82 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि प्रदान की गई। जनपद में 4,38,679 मीट्रिक टन गेहूं, 3,699 मीट्रिक टन धान एवं 5,131 मीट्रिक टन श्री अन्न की खरीद की गई। आवास योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 26,669 एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 4,559 आवास स्वीकृत किए गए।

#### सामाजिक सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 2,00,439 व्यक्तिगत एवं 565 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों द्वारा बैंकिंग, टेलरिंग, पुष्टाहार वितरण जैसे कार्य किए जा रहे हैं। पेंशन योजनाओं के तहत 35,316 निराश्रित महिलाएं, 1,25,613 वृद्धजन एवं 24,473 दिव्यांगजन लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 3,66,016 खाते खोले गए।

#### स्वास्थ्य, शिक्षा एवं ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति

आयुष्मान भारत योजना के तहत 4.57 लाख लाभार्थियों के कार्ड बनाए गए एवं 84,311 मरीजों का उपचार किया गया, जिसमें 100 करोड़ रुपये से अधिक के क्लेम सेटल किए गए। ऊर्जा क्षेत्र में 357 मेगावाट सोलर प्लांट एवं 791 किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन स्थापित की गई। शिक्षा के क्षेत्र में 8.18 करोड़ रुपये की लागत से राजकीय महाविद्यालय माधौगढ़ का निर्माण किया गया।

#### बुनियादी ढांचा एवं राजस्व विभाग की उपलब्धियां

इन्फ्रास्ट्रक्चर के अंतर्गत रेलवे उपरिगामी सेतु, 222.86 किमी सड़कों का निर्माण, 04 विद्युत उपकेंद्र, मेडिकल कॉलेज में 50 बेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण कराया गया। राजस्व विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि जालौन प्रदेश का प्रथम जनपद है, जहां 13,588 सीमास्तंभों का पुनर्निर्माण कर 100 प्रतिशत स्थापना पूर्ण की गई। स्वामित्व योजना के तहत 1,93,193 घरौनियों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

# संकुल बैठकों में शिक्षकों ने चलाया शिक्षक पाती अभियान




उरई : पाती अभियान चलाते शिक्षक ।

-पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को टेट से मुक्ति दिलाने की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**उरई(जालौन)।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर जनपद में शिक्षक पाती अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। महासंघ के घटक एससी/एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में विभिन्न संकुल बैठकों में शिक्षकों ने टेट अनिवार्यता से मुक्ति की मांग को लेकर पोस्टकार्ड अभियान चलाया।

प्राथमिक-पूर्व माध्यमिक तगारेपुर, प्राथमिक विद्यालय बारा, एनपीआरसी आटा, एनपीआरसी नियामतपुर एवं एमपीआरसी आटा इटोरा में आयोजित संकुल बैठकों के बाद शिक्षकों को पोस्टकार्ड वितरित कर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष एवं सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के नाम शिक्षक पाती लिखवाई गई।

महासंघ के प्रदेश संयोजक सुंदर सिंह शास्त्री ने कहा कि आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट की शर्त लागू करना न्यायसंगत नहीं है। उनकी नियुक्ति तत्कालीन नियमावली के अनुसार हुई थी, अतः बाद में लागू की गई शर्तों से इन्हें मुक्त किया जाए।

जिला संयोजक भगवती शरण रजक, आर.पी. गौतम, मानवेंद्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, ओवैस खान ने कहा कि 55 वर्ष की आयु में युवाओं से प्रतिस्पर्धा कराना उचित नहीं है। इस उम्र में विभागीय एवं पारिवारिक दायित्वों के चलते अध्ययन संभव नहीं है। इस अवसर पर सुनील कुमार, अभिषेक वर्मा, प्रेम कुमार आनंद, आसाराम वर्मा, प्रभात आनंद, अंजली गौतम, यशवंतराव, नितिन, केशवानंद, रवि कुमार, संदीप कुमार, रविकांत, शैलेंद्र कुमार, राम सिंह, शिवकांत निराला, महेश कुमार, चंद्रशेखर, विवेकानंद, विमल प्रकाश, दिनेश यादव, कौशल किशोर, केदार वर्मा, रवि सिंह, अनूप निगम, शिवम वर्मा, राघवेंद्र द्विवेदी, अशोक कुमार, हरि शंकर झा, शिवपाल, शैलेंद्र, निरंजन सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।

## नाले पर कब्जे का मामला,नायब तहसीलदार के नेतृत्व में गठित टीम ने की जांच

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कुठौंद(जालौन)। कुठौंद क्षेत्र में वर्षों पुराने सिंचाई नाले पर अवैध कब्जे का मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद कार्रवाई शुरू हो गई।

पवन शर्मा द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया था कि सार्वजनिक नाले पर अवैध कब्जा कर उसे खेत में मिला लिया गया है, जिससे जल निकासी बाधित हो रही है और आसपास के किसानों की फसल को नुकसान पहुंच रहा है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार तारा शुक्ला के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम में लेखपाल इंद्रपाल सिंह, लेखपाल हरेंद्र सिंह और लेखपाल विनोद कुमार शामिल रहे। टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पाया कि नाला पूरी तरह से बंद होने के कारण ही किसानों की फसल को नुकसान हुआ है। प्रशासन की ओर से बताया गया कि पूरी जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के आधार उच्च अधिकारियों के द्वारा पर बंद पड़े नाले को खुलवाने की कार्यवाही कराई जाएगी।

## ईदगाह पर ईद की नमाज 8:30 बजे अदा होगी -शमशाद खां'



स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कोंच(जालौन)। ईदगाह पर ईद की नमाज अदा कराने को लेकर ईदगाह कमेटी की एक आवश्यक बैठक शमशाद खां के निवास पर सदर ईदगाह शमशाद खां की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें ईदगाह पर ईद की नमाज अदा कराने को लेकर चर्चा की गई और इंतजामियां कमेटी को जिम्मेदारियां सौंपी गई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चांद देखने के बाद ईद की नमाज ईदगाह पर 8:30 अदा होगी ईदगाह पर जो रंगाई पुताई व साफ सफाई का कार्य किया गया उसके व्यय पर चर्चा की गई नमाज संपन्न कराने के इंतजामों को लेकर सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई बैठक में नायव सदर हाजी मोहम्मद अहमद हाजी सेठ नासिर खान मुन्ना सदुआ शईद अहमद खन्ना सईद अहमद एडवोकेट इकबाल हसन नौशाद खां अकमल अंसारी हबीब लाईन रज्जाक अहमद आदि मौजूद रहे।

## यातायात नियमों का पालन कर जीवन करें सुरक्षित- प्राचार्य गजेन्द्र नाथ



तालबेहट। राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बम्होरीसर में चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर शिविरार्थियों ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम सड़क सुरक्षा के अंतर्गत टोलियों में बंटकर ग्रामवासियों को सड़क हादसों में होने वाले जानमाल के नुकसान से बचने हेतु जागरूक करते हुए बताया कि नशे की हालत में कदापि वाहन न चलाएं व हमेशा दो पहिया वाहन चलाते समय हैलमेट व चारपहिया वाहन चलातें समय शीट बेल्ट लगाना न भूलें व साथ ही चैराहों पर यातायात संकेतों को देखकर ही आगे बढ़े व गति को नियंत्रित रखें एवं वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग कतई न करें। विचार गोष्ठी में प्राचार्य गजेन्द्र नाथ की अध्यक्षता व कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेन्द्र कुमार के कुशल संचालन में संवाद स्थापित करते हुए पूर्व शिविरार्थी बीरेंद्र एवं शिविरार्थी निनी चैरसिया, कुमकुम, सुहानी, अंशुल बबेले कृष, हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रतिमा सिंह, कार्यालय प्रभारी हिमांशु राज, सोनू, जमुना प्रिया, भारती, रिया, रानी नंदनी, जयदेव, अमन, अभिराज, दिलीप, दिनेश, भरत आदि उपस्थित रहे।

# रामनवमी व ईद-उल-फितर को लेकर प्रशासन सतर्क, डीएम व एसपी ने की तैयारियों की समीक्षा'

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आगामी रामनवमी एवं ईद-उल-फितर त्योहारों के दृष्टिगत बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी प्रमुख मंदिरों, मस्जिदों एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से जहां अधिक भीड़ होने की संभावना है, वहां पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने कहा कि मंदिरों एवं प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय स्थिति में रहें तथा उनकी सतत निगरानी की जाए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने तथा नगर निकायों को साफ-सफाई




उरई : तैयारियों की समीक्षा करते डीएम व एसपी ।

एवं कूड़ा निस्तारण की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग को आपातकालीन सेवाएं सक्रिय रखने, एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा लगातार गश्त की जाए। त्योहारों के दौरान भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों एवं धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद सिंह, सीएमओ डॉ बीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास, सतत समृद्धि व नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण

विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर विकास भवन में आयोजित हुआ समारोह

लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का दिखाया सजीव प्रसारण

प्रभारी मंत्री ने वर्चुअली जुड़कर दी जनपदवासियों को बधाई

डीएम ने विकास को बताया सतत् प्रक्रिया



ललितपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन सभागार में ''संकल्प से सिद्धि-सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि'' की थीम पर विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से विगत नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास और सतत् समृद्धि को लगायी गई प्रदर्शनी के माध्यम से जनमानस को अवगत कराया गया तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार साहित्य का वितरण किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, जिलाध्यक्ष बीजेपी हरीशचन्द्र रावत, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन, सांसद प्रतिनिधि अनिल पटैरिया, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान ने सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात सभी अतिथिगणों के द्वारा सूचना विभाग के माध्यम से लगायी गई सरकार की नौ वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों की चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ से प्रसारित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संबोधित किया व नौ वर्षों के विकास व उपलब्धियों को बताया। कार्यकम के दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम की सराहना की और सरकार द्वारा जनपद में कराये गए विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रेस वार्ता आयोजित कर मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ एवं जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत ने संयुक्त रुप से जनपद में कराए गए विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी व उन्होंने एयरपोर्ट, बल्क ड्रग पार्क, मेडिकल कॉलेज, किसान ऋण मुक्ति, जीरो पावर्टी कार्यक्रम, फॉर्मर रजिस्ट्री, रोजगार, सुमेरा तालाब का सुन्दरीकरण, चैपाटी निर्माण आदि विषयों पर जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कई कार्य चल रहे हैं व ग्रामीण क्षेत्रों में 16 सौ से अधिक मजरों को मुख्य मार्गो से जोड़ने का कार्य चल रहा है, नगरीय क्षेत्र में शहर की मुख्य सड़क का चैड़ीकरण कार्य भी चल रहा है व शहर में चैपाटी का निर्माण, सुमेरा तालाब का सौन्दर्यीकरण जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य भी हमारी कार्ययोजना में शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, परियोजना निदेशक डीआरडीए दीपक कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, सहायक आयुक्त सहकारिता अरविन मेहर, जिला सूचना अधिकारी डी.एस. दयाल सहित अन्य अधिकारीगण, महिला शक्ति व आम नागरिक उपस्थित रहे।

## कुष्ठ रोगी खोजो अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न



ललितपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि 23 मार्च तक विशेष कुष्ठ रोगी खोजी अभियान का संचालन किया जा रहा हैं, इस अभियान की सफलता के लिए सूक्ष्म कार्य योजना तैयार की गई है व अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता और स्वयं सेवक पल्स पोलियो अभियान की तर्ज पर घर-घर जाकर संदिग्ध मरीजों की पहचान कर रहे हैं। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. प्रदीप सिंह यादव ने यताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग की संचरण श्रखला को तोड़ना और मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराकर विकलांगता से बचाना है। पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट व उप जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. सौरभ सक्सेना ने बताया कि अभियान के दौरान चिन्हित किए गए मरीजों को वह औषधि चिकित्सा के माध्यम से मुफ्त इलाज प्रदान किया जा रहा है व स्वास्थ्य विभाग का संकल्प है कि वर्ष 2027 तक शून्य कुष्ठ रोग प्रसार के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाए।







# भाजपा सरकार में जिले में बही विकास की गंगा : रामकेशन निषाद

**. राज्यमंत्री ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की दी जानकारियां**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**बांदा।** बुधवार को जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने केंद्र सरकार के 11 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विकास भवन सभागार में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का उद्घाटन कर सभी स्टालों का भ्रमण किया गया इसके पश्चात विकास भवन सभागार में प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से केंद्र सरकार के 11 वर्ष तथा प्रदेश सरकार 09 नव वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपस्थित पत्रकार बंधुओ के माध्यम से उपलब्धियों का विवरण बताया गया। मंत्री श्री निषाद ने कहा कि केन्द्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार में जनपद विकास की गंगा बही है।



मंत्री श्री निषाद ने जनपद बाँदा में केंद्र सरकार के 11 वर्ष तथा प्रदेश सरकार की 09 वर्ष की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में पीएम किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत कुल 298093 कृषको को 934ण06 करोड़ की धनराशि से लाभान्वित किया गया है। जनपद में उप्र सरकार की किसान ऋण मोचन योजना अंतर्गत 59443 कृषकों का रु0 355ण34 करोड़ की धनराशि का ऋण माफ किया गया है।जनपद में प्रधानमंत्री आवास ;ग्रामीणद्ध के अतर्गत 107030ए प्रधानमंत्री आवास ;शहरीद्ध के अतर्गत 19057 तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 7094 लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में कुल 14771 व्यक्तिगत शौचालयों शहरी क्षेत्र में 155 शीट सामुदायिक शौचालय एवं 200 शीट सार्वजनिक शौचालय ;पिंक शौचालय सहितद्ध निर्माण कराया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में कुल 60520 व्यक्तिगत शौचालयए 469 ;प्रति ग्राम पंचायत एकद्ध सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है।जनपद में 30046 निराश्रित महिलाओंए 70710 वृद्धजनों तथा 11470 दिव्यांगजनों को पेंशन प्रदान कर लाभान्वित किया जा रहा है।जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 6448 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया है।मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत कुल 28744 बालिकाओं को लाभान्वित किया जा रहा है जिसमें सरकार द्वारा बालिकाओं को अलग.अलग समय पर कुल 25000 की धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। 10वीं या 12वीं पास करने के के बाद 70000 रुपये बाद और स्नातक या डिप्लोमा में दाखिले में मिलेगा। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनान्तर्गत कुल 6128 महिलाओं लाभान्वित किया गया है। प्रधानमंत्री जनधन खाता योजना के अंतर्गत कुल 463885 नए खाते खोले गए।अटल पेंशन योजनान्तर्गत जनपद में कुल 151411 लोगों को लाभ प्रदान कराया जा रहा है। इस योजना का लक्ष्य भारत के सभी नागरिकों को 60 वर्ष की आयु के बाद एक निर्वाध आय उपलब्ध कराना है। जनपद में कुल 531064 आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड निर्मित किए जा चुके है एवं आयुष्मान वय वंदना योजनान्तर्गत ;70 एवं 70. आयुद्ध धारकों को 24000 आयुष्मान कार्ड निर्मित किये जा चुके हैंण् इसके तहत प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का हेल्थ कवर मिलता है। जनपद में उत्तर प्रदेश राशन कार्ड योजना के अतर्गत अत्योदय योजना में 48348 राशनकार्ड तथा पात्र गृहस्थी योजना में कुल 303941 राशनकार्ड कुल 352289 राशनकार्ड से लाभार्थियों को जनपद में मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।पीएम स्वनिधि योजना के अतर्गत प्रथम किस्त में कुल 8455 द्वितीय 2898 एवं तृतीय किस्त में 521 लाभार्थियो ;कुल 11874 लाभार्थियोंध्स्ट्रीट वेंडरद्ध को ऋण उपलब्ध कराया गया। पीएम उज्ज्वला योजनान्तर्गत कुल 173650 बीपीएल परिवारों को उक्त योजना से आच्छादित किये गया है।कुल 17726 छात्रध्छात्राओं को टैबलेट तथा 34660 छात्रध्छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए।जनपद में कुल 93515 छात्रध्छात्राओं को जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की गई।विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत 4700 प्रवासी श्रनिकों और मजदूर वर्ग जैसेए बढ़ईए दर्जीए टोकरी चुनने बालेए लोहारए कुम्हारए हलवाईए मोचीए नाई सुनार आदि को लघु उद्योग स्थापित करने के लिए ऋण प्रदान किया गया है जिसमें से अनुसूचित जाति के 822 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाया गया है।ओडीओपी वित्त पोषण योजनान्तर्गत विगत 9 वर्षों में जनपद को प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष 24 बेरोजगारो को लाभान्वित कराते हुये रू0 278ण16 लाख की परियोजनाओं को स्थापित कराया गयाए जिसमें से अनुसूचित जाति 02 बेरोजगारो को लाभान्चित कराते हुये रू0 7ण50 लाख की परियोजनाओं को स्थापित कराया गया जिराके सापेक्ष जनपद के 109 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ।जनपद में कुल 17094ण76 करोड़ का औद्योगिक निवेश हुआ है जिससे 14519 रोजगारों का सृजन हुआ है। 14849ण09 करोड़ की लागत से बुंदेलखंड एक्सप्रेस.वे का निर्माण कराया गया जो औरैयाए जालौनए हमीरपुरए महोबाए बांदा और चित्रकूट जिलों को जोड़ता है।जनपद में कुल 1286ण54 करोड़ की लागत से 938ण15 किमी की कुल 289 सड़कों का निर्माण कराया गया है।जनपद में 91 नए पंचायत घरों तथा 187 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया गया है एवं वित्तीय वर्ष 2025.26 ने 29 आंगनबाडी केन्द्र निर्माण हेतु शासन स्तर से स्वीकृति प्राप्त हुयी हैए जिसके अनार्गत क्षेत्र पंचायत को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए विभागीय कन्वर्जेन्स की धनराशि प्रति केन्द्र की दर से धनराशि कार्यदायी संस्था क्षेत्र पंचायत को हस्तान्तरित करर दी गयी है।

जनपद में 4971ण81 लाख की लागत से 20 पर्यटन केंद्रों का विकास किया जा रहा हैए जिसमें 13 कार्य शतप्रतिशत पूर्ण किये जा चुके हैं। ग्राम पोण्डरा स्थिति पहाडिया दाईए तपोवन बाटिकाए बाम्बेश्वर मंदिरए दुन्गरी का हनुमान मंदिरए नरैनी के ग्राम जरर के पहाड में भगवान शिव जी के अतिप्राचीन गुफाए श्री डाबर देवता मंदिरए अरोडीदाई मंदिरए भूरागढ़ रिवरफन्ट व पार्किंग एवं यात्री सुविधाए सिमौनी स्थिति मौनी बाबाधामए कारूबाबा भगवान मंदिरए कालिन्जर किले के समीप पर्यटन सुविधा केन्द्र इत्यादि का विकारा कार्य शत.प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है एवं रनगढ़ किले पर रिवरफन्टए उदईपुरवा में इकोव्यू प्वाइट व इकोपार्कए नवाबटैंक में म्यूजिकल फाउन्टेनए यमुनानदी में घाट निर्माण तथा सिद्धबाबा आश्रम मंदिर का विकास कार्य प्रगति पर है। इस मौके पर उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेलए जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जेण्रीभाएमुख्य विकास अधिकारी बांदा अजय कुमार पांडेए मुख्य चिकित्सा अधिकारी बृजेंद्र सिंहए सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# यूपी सरकार के 9 साल पूरे, क्षेत्र पंचायत बैठक संपन्न



**-मऊ ब्लॉक सभागार में सरकारी योजनाओं पर हुई चर्चा**

मऊ/चित्रकूट । मऊ ब्लॉक परिषद सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे होने पर विभिन्न सरकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख सुशीला देवी ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, शिक्षा और आयुष्मान कार्ड जैसी प्रमुख योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण दत्त पांडे ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह किया। खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश यादव ने बताया कि ग्रामीण अपनी समस्याओं को पंचायत भवन में ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने वृद्धा और विकलांग पेंशन, सामूहिक विवाह तथा आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं के लिए भी पंचायत भवन में ही आवेदन करने की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. प्रखंड निगम ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और बचाव के उपाय बताए। पशु विभाग के अधिकारी रवि शंकर गौतम ने गौशाला और पशुओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। कृषि विभाग के एसडीओ चरण सिंह और सीडीपीओ विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे और संबंधित जानकारियां साझा कीं।

बैठक में नए कार्यों के प्रस्ताव रखे गए और लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए। कार्ययोजना भी तैयार की गई। इस अवसर पर बीडीसी सदस्य, ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख सुशीला देवी, महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य, प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार पांडेय, सहायक विकास अधिकारी दुर्गेश पांडेय समाज कल्याण एसडीओ दिनेश कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी सहित क्षेत्र के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### नायब तहसीलदार एवं थाना अध्यक्ष की उपस्थिति में शांति कमेटी की बैठक संपन्न हुई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** आज दिन बुधवार को थाना प्रांगण में नवरात्र पर्व एवं रामनवमी तथा हनुमान जयंती पर्व एवं ईद को देखते हुए नायब तहसीलदार अतर्रा कुमार शिवम मौर्य एवं थाना अध्यक्ष संजीव कुमार चतुर्वेदी की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक नगर के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें दोनों समुदाय के लोगों की उपस्थिति रही। तथा उपस्थित लोगों से सुझाव मांगे गए तथा उपस्थित लोगों ने स्वच्छता सफाई एवं विद्युत सप्लाई तथा पेयजल व्यवस्था के साथ. साथ सुरक्षा व्यवस्था की मांग किया नगर के लोगों ने। जानकारी के अनुसार आप सभी को ज्ञात हो कि विगत वर्षों की बात इस वर्ष भी मथुरा वृंदावन निवासी देवकीनंदन महाराज जी की रासलीला टीम नगर अतर्रा गौरा बाबा धाम में 19 मार्च से 27 मार्च तक भगवान श्री कृष्ण के रासलीला का मंचन होगा जिसमें महिलाओं एवं बच्चों की भारी भीड़ देखने को मिलती है हर वर्ष।

कार्यक्रम के आयोजकों मैं अध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता ने समाचार पत्रों के माध्यम से महिलाओं को एवं उनके परिजनों को अवगत कराया की बहन बेटी एवं महिलाएं जेवर पहनकर के रासलीला देखने ना जाए क्योंकि कभी भी किसी के साथ भी किसी तरह की कोई भी घटना घटित ना हो। तथा स्वयं परेशानी से बचने का काम करें एवं पुलिस को परेशानी में ना डालें। पीस कमेटी की बैठक में प्रमुख रूप से राजकिशोर बाजपेई एवं अवधेश कुमार गुप्ता राजेश कुमार गुप्ता अनिल कुमार गुप्ता सहित संतोष कुमार निगम लिपिक नगर पालिका अतर्रा तथा अतुल कुमार विद्युत विभाग कर्मचारी बच्चा खान आदि लोगों की उपस्थित रही।

### गरीब किसान के साथ बैंक कर्मियों ने धोखाधड़ी कर बना दिया दो करोड़ रुपए का जमानत दार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो नरैनी बांदा।** बंधन बैंक में लोन लेने गए व्यक्ति को बना दिया दो करोड़ रुपए का जमानतदार।पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक के यहां पहुंच कार्यवाही की मांग की है। आप सभी को ज्ञात हो की नरैनी क्षेत्र के पुकारी गांव निवासी कम्मा उर्फ जुगराज पुत्र जगन्नाथ ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर बताया कि वह कस्बे के बंधन बैंक शाखा लोन लेने गया हुआ था।वहा पर बैंक कर्मियों ने सभी कागजात ले लिए ।इसके बाद जब अगले दिन पीड़ित बैंक पहुंचा तो व्यक्ति को बताया कि गया कि वह पहले से दो करोड़ रुपए का लोन में जमानतदार पहले से बना हुआ है।उसने बैंक कर्मियों से कहा कि वह गरीब मजदूर वर्ग का व्यक्ति है।वह किसी को जानता पहचानता तक नहीं।पीड़ित पुलिस अधीक्षक के सामने पेश होकर बताया कि बैंक द्वारा लगातार ग्राहकों के साथ दोखाधड़ी की जाती है।शाखा में कूट रचना कर अभिलेखों को चुराकर बैंक द्वारा दो करोड़ रुपए का जमानतदार बना दिया गया।पीड़ित कम्मा उर्फ जुगराज ने धोखाधड़ी का कार्य करने वाले बंधन बैंक के कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

### होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**हमीरपुर।** आज जिला हमीरपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा एक अत्यंत हृदयस्पर्शी, उत्साहपूर्ण और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध स्नेह मिलन होली समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर प्रसिद्ध कवियों ने अपनी भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक कविताएँ सुनाकर सभी उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी रचनाएँ होली के रंगों, प्रेम, भाईचारे, एकता तथा राष्ट्रभक्ति की गहन भावनाओं से ओतप्रोत थीं, जिसने हर हृदय को आनंद और उमंग से भर दिया।

कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही फूलों की होली, जहाँ कृत्रिम रंगों की जगह प्राकृतिक फूलों से एक-दूसरे को रंगने का मनोरम दृश्य उपस्थित सभी को देखने को मिला। यह पर्यावरण-अनुकूल एवं प्रेम-सद्भावना का जीवंत प्रतीक बना। समारोह में गोपाल पालीवाल व जिला प्रचारक धनंजन एवं आशारानी कबीर चेयरमैन कुरारा, आरएसएस के सभी पदाधिकारी, स्वयंसेवकगण तथा समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिल-जुलकर इस त्योहार को हर्षोल्लास एवं संस्कारों के साथ मनाया गया। जिससे आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता को नई मजबूती मिली। ऐसा सुंदर एवं सार्थक आयोजन न केवल होली के उत्सव को नई ऊँचाई देता है। बल्कि समाज में सकारात्मकता, प्रेम और राष्ट्रसेवा का संदेश भी फैलाता है। सभी को हार्दिक होली की शुभकामनाए।

## तीन दिवसीय आंगनवाड़ी कार्यकत्री प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय विकास खंड सभागार में बाल विकास परियोजना की पोषण भी पढ़ाईभी के अन्तर्गत तीन दिवसीय आंगनवाड़ी कार्यकत्री प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम में आधारशिला गतिविधि पुस्तिका, कैलेंडर, नव चेतना पुस्तिका का वितरण किया गया।

इनसे केंद्र में आने वाले बच्चों को आयुवर्ग के अनुसार सीखने तथा गति विधियों को सुद्रण करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। तीन दिवसीयप्रशिक्षण में क्षेत्र की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी कुरारा सुमन पाल प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर शशिप्रभा सहित समस्त मुख्य सेविकाएं व ब्लाक समन्वयक मौजूद रहे।

## पेशी में आए एक मुलाजिम हुआ फरार थाना अध्यक्ष अतर्रा अपनी टीम के साथ जंगल से किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** विगत दिवस 16 मार्च को जिला बांदा कारागार मैं बंद चोरी का मुलजिम सिविल न्यायालय जुडिशल मैं पेशी पर आए मुलजिम चुन्नू उर्फ पंकज पुत्र रामनारायण निवासी गांधीनगर कस्बा अतर्रा जनपद बांदा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल से कहा कि मैं पेशाब करने के लिए जा रहा हूं इतना कहते हुए वह पेशाब करने के बहाने पुलिस को चकमा देकर फरार हो होने की खबर जैसे ही पुलिस कप्तान बांदा को लगी उन्होंने पुलिस की कई टीम में गठित कर ढूंढने का प्रयास किया जिसमें पुलिस रात दिन एक करती रही मगर कहीं पता नहीं चल पाया। मिली जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष अतर्रा संजीव कुमार चतुर्वेदी की टीम हांर ना मानते हुए लगातार अपने पुलिस मुखबिर के माध्यम से आगे बढ़ते रहे। थाना अध्यक्ष ने बताया कि थाना फतेहगंज क्षेत्र के अंतर्गत जंगल की तरफ करिया नाला गिरिजा पूरवा ग्राम सभा खेरिया के पास से आज दिन बुधवार की सुबह लगभग 9रू40 बजे जंगल से गिरफ्तार कर थाने ले आई । आप सभी को ज्ञात हो कि जैसे ही घटना घटित हुई कि आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई। बांदा जेल से लगभग प्रतिदिन पुलिस ट्रक में मुलजिमानों को लेकर पेशी पर अतर्रा तहसील आना पड़ता है। थाना अध्यक्ष अतर्रा की मेहनत रंग लाई और फरार हुआ कैदी गिरफ्तार किया गया।



## आपसी सौहार्द के साथ मनायें ईद व नवरात्रि का त्यौहार

. पीस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

अतर्राध्बांदा। ईद व नवरात्र को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं सामाजिक सद्भाव बनाए रखें उक्त बातें थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार कुमार शिवम मौर्य ने कहीं।

बुधवार को थाना परिसर में नायब तहसीलदार कुमार शिवम मौर्य की अध्यक्षता में नवरात्रए ईदए रामनवमी हनुमान जयंती को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी पर्व के आयोजक व संचालकों व नगर के लोगों के बीच सभी पर्व पर बिजली पानी सफाई व्यवस्था सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। जिस पर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार चौबे ने सुरक्षा व्यवस्था का पूरा भरोसा दिया कस्बे के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरा बाबा धाम में नवरात्र में आयोजित होने वाले रासलीला महोत्सव के अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने 9 दिनों तक शाम 7 बजे से रात्रि 11 तक बिजली की कटौती न किए जाने व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात व महिला कांस्टेबल तैनात किए जाने की मांग उठाई जिस पर थाना अध्यक्ष जी चौबे ने रस महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का पूरा भरोसा दिया इसके साथ ही ईद वह अन्य पढ़ने वाले पर्व पर भी सफाई व्यवस्था सहित सुरक्षा व्यवस्था को चौकन्ना किए जाने की बात कही चेयरमैन प्रतिनिधि भाजपा नेता वेद निराला ने सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त कर दी का भरोसा दिया।बैठक में सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र प्रताप कृष्ण रास महोत्सव समिति के अध्यक्ष अवधेश गुप्ता सूरज बाजपेई रामनवमी कार्यक्रम के आयोजक ध्रुव उपाध्याय राजेश गुप्ता अनिल गुप्ता अर्जुन मिश्रा शाकिर अली राम गुलाम टिंकू गुप्ता आदि मौजूद रहे

# संयुक्त पुलिस टीम ने अन्तर्राज्यीय गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा चोरीए वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व अपर पुलिस अधीक्षक ध्क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में आज 2026 को थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरीध्टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है अभियुक्तों के कब्जे से करीब 32 लाख रुपए अनुमानित कीमत के मालध्नकद रुपए व घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन बरामद हुए है । गौरतलब है कि 11 फरवरी थाना तिंदवारी क्षेत्र की रहने वाली उमा पत्नी कमल द्वारा सूचना दी गई कि 10 फरवरी 26 को वह शादी में जाते समय रिक्शे में 02 अज्ञात महिलाओं द्वारा उनके पर्स को चोरी कर लिया जिसमें सोने के आभूषण आदि थे तथा 20 फरवरी को जनपद हमीरपुर थाना मौदहा क्षेत्र की रहने वाली रिन्शू सिंह पत्नी शोभित द्वारा सूचना दी गई कि 19 फरवरी 26 को बांदा संकट मोचन मंदिर के पास एक ऑटो में 04 अज्ञात महिलाओं द्वारा उनके बैग से जेवरात निकाल लिए । जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया था । जिसके क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर घटना को अंजाम देने वाले 06 अभियुक्तों ;04 महिला व 02 पुरुषद्ध को मवई बाईपास महोबा रोड से गिरफ्तार कर लिया गया । उनके कब्जे में चोरीध्टप्पेबाजी के करीब 32 लाख रुपए अनुमानित कीमत के मालध्नकद रुपए व घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन बरामद हुए है माल सहित घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन बरामद हुए है । कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह सभी इसी दोनों चार पहिया वाहनों से भारत के अलग.अलग राज्यों में घूम.घूम कर ग्रुप बनाकर चोरीध्टप्पेबाजी जैसी घटनाओं को अंजाम देते है और आभूषणों को स्वयं गलाकर आपस में बांट लेते है । यह चारपहिया वाहन ग्रैंड विटारा भी हम लोगों ने चोरीध्टप्पेबाजी के सामानों की बिक्री से प्राप्त रुपए से खरीदी है । गहनता जांचध्पूछताछ के क्रम में पाया गया कि ये सभी आपस में रिश्तेदार है तथा पेशेवर अपराधी है और ये सभी बच्चों का भी सहारा लेकर चोरीध्टप्पेबाजी करते है । ये सभी हरियाणा और राजस्थान के रहने वाले है और चैत्र नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत मन्दिरों सहित भीड़.भाड़ वाले स्थानों आदि से चोरीध्टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में थे । इनके द्वारा बांदाए चित्रकूट मैहर सतना आदि सहित भारत के अन्य राज्यों में भी चोरीध्टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है । इस संबंध में गहनता से जांच की जा रही है कि इनके गिरोह में और कितने लोग सम्मिलित हैं तथा इनके द्वारा और किन.किन स्थानों पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया गया है जिनके सम्बन्ध में जांच कर आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तों में सुभाष चन्द्र पुत्र विक्रम निवासी कैलाश नगर थाना कैंट जनपद पलवल ;हरियाणाद्धएरोहित पुत्र बीरपाल निवासी कैलाश नगर थाना कैंट जनपद पलवल ;हरियाणाद्धए नेहा पत्नी रोहित निवासी कैलाश नगर थाना कैंट जनपद पलवल ;हरियाणाद्धएगीता पत्नी धन्नी निवासी कैलाश नगर थाना कैंट जनपद पलवल ;हरियाणाद्धएकाजल पुत्री धन्नी निवासी कैलाश नगर थाना कैंट जनपद पलवल ;हरियाणाद्धएनीलम पत्नी सोनू निवासी चक गिरवारी नगर थाना ढ़ींग जनपद भरतपुर राजस्थान शामिल हैं।

## गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

-कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय श्रीरामकथा का शुभारंभ



चित्रकूट । सन्त रणछोड़दास महाराज के कर कमलों से जानकीकुंड में स्थापित रघुबीर मन्दिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि का उत्सव रामनवमी पर बड़े ही भक्ति भाव पूर्वक एवं हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस वर्ष वृंदावन के मलूक पीठ के पीठाधीश्वर एवं रेवासा राजस्थान पीठ के पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महराज प्रभु राम की पावन कथा का गान करेंगे। इस अवसर पर ट्रस्टी इलेश जैन एवं महिला समिति की अध्यक्षा ऊषा जैन ने बताया कि, इस वर्ष कथा श्रवण करने एवं उत्सव में सम्मिलित होने देश के विभिन्न प्रान्तों से गुरुभाई बहनों एवं राम कथा रसिक प्रेमियों का आना शुरू हो गया है। इस वर्ष के नवदिवसीय कथा का प्रारम्भ चैत्र कृष्ण अमावस्या बुधवार को कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हो गया, जिसमें गाजे बाजे हाथी, घोड़े ,बग्घी के साथ मंगल कलश के साथ माताएं, साधु संत एवं सद्गुरु परिवार के सभी सदस्यों की अगवानी में रामायण की पोथी के साथ सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के प्रार्थना भवन से रघुवीर मंदिर होते हुए विद्याधाम प्रांगण तक भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा की शुरुआत गुरु पूजन के साथ हुई ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफत लाल की धर्म पत्नी एवं ट्रस्ट की ट्रस्टी रूपल मफत ने गुरुपूजन किया। इसके बाद कलश यात्रा की शुरुआत हुई। इसके बाद 19 मार्च से 27 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रातः 7.00 बजे से रामचरितमानस का नवान्ह पारायण सुरेन्द्र शास्त्री रघुवीर मंदिर में करेंगे एवं पूज्य मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज की कथा विद्याधाम विद्यालय के प्रांगण में अपराह्न 3.30 से 6.30 तक प्रतिदिन होगी। साथ ही गौ सेवा केन्द्र की संचालिका ऊषा जैन ने बताया कि पञ्चमी को सायँ गोधूलि बेला में गौ सेवा केंद्र के वार्षिकोत्सव के निमित्त 56 भोग का गौ अन्नकूट एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। रामनवमी के दिन प्रातः 11 बजे से मन्दिर में बधाई एवं दोपहर ठीक 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

## कहीं साजिश तो नहीं है डीएम के अर्दली की मौत

**. सड़क सुरक्षा माह में हुए हादसे पर उठ रहे सवा**

**बांदा।** शहर के वीआईपी इलाके में घटित यह दुर्घटना केवल एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना नहींए बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था के कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रश्नचिह्न लगाती है। जिलाधिकारी के अर्दली सुरेंद्र कुमार की मृत्यु ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सड़क सुरक्षाए यातायात नियंत्रण और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाकृतीनों ही स्तरों पर गंभीर खामियां मौजूद हैं।

प्रथम दृष्टया यह मामला तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का प्रतीत होता हैए जो कि मोटर वाहन अधिनियम के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में न केवल चालक की पहचान और गिरफ्तारी आवश्यक हैए बल्कि यह भी जांच का विषय होना चाहिए कि वाहन की गति नियंत्रणए लाइसेंसए और वाहन पंजीकरण से जुड़े सभी नियमों का पालन हो रहा था या नहीं।दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है। यातायात प्रवर्तन प्रश्न यह उठता है कि क्या उस क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्तए स्पीड मानिटरिंग या चेकिंग की कोई





प्रभावी व्यवस्था थीघ् यदि नहींए तो यह स्थानीय पुलिस और यातायात विभाग की कार्यप्रणाली पर सीधा सवाल खड़ा करता है। दुर्घटना.प्रवण क्षेत्रों की पहचान कर वहां स्थायी निगरानी तंत्र स्थापित करना प्रशासन की जिम्मेदारी होती है।तीसरा और अत्यंत संवेदनशील पहलू हैकृआपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया घायल को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गयाए जहां से कानपुर रेफर किया गया। यह स्थिति दर्शाती है कि क्या जिला स्तर पर गंभीर ट्रॉमा के मामलों के लिए पर्याप्त संसाधन और विशेषज्ञता उपलब्ध हैघ् यदि नहींए तो यह स्वास्थ्य ढांचे की सीमाओं को उजागर करता हैए जिसे सुधारना अत्यावश्यक है।

इसके अतिरिक्तए प्रशासनिक दृष्टि से यह भी जरूरी है कि इस घटना में मैजिस्ट्रियल जांच कराई जाएए जिससे यह स्पष्ट हो सके कि दुर्घटना के पीछे केवल चालक की गलती थी या कहीं न कहीं निगरानी तंत्र की विफलता भी जिम्मेदार है। साथ हीए पीड़ित परिवार को शासन स्तर से आर्थिक सहायता और अनुग्रह राशि प्रदान करना भी प्रशासनिक दायित्व का हिस्सा है। यह घटना प्रशासन के लिए एक चेतावनी है कि केवल घटनाओं पर प्रतिक्रिया देना पर्याप्त नहींए बल्कि पूर्व.नियोजनए निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करना ही वास्तविक सुशासन की पहचान है। यदि इन तथ्यों पर गंभीरता से कार्य नहीं किया गयाए तो ऐसी घटनाएं भविष्य में भी दोहराई जाती रहेंगी। अब समय है कि प्रशासन केवल शोक संदेश तक सीमित न रहेए बल्कि ठोस और पारदर्शी कार्रवाई के माध्यम से यह विश्वास दिलाए कि हर नागरिक की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## आर्य समाज स्थापना दिवस आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद। कमालगंज।** नव सृष्टि संवत वैदिक नव वर्ष एवं आर्य समाज स्थापना दिवस के अवसर पर चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के शुभ दिन आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में भव्य नवसंवत्सर महोत्सव का 19 मार्च प्रात 9 बजे से 11बजे तक किया जाएगा।कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक रीति से यज्ञ के साथ होगा। यह जानकारी आचार्य संदीप आर्य ने दी

# भारतीय नववर्ष पर शक्ति की सामूहिक साधना नवरात्रि भर होगी



**छिबरामऊ कन्नौज।** सनातन धर्म में नया वर्ष चैत्र प्रतिपदा से शुभारंभ होता है । जिसमें सभी सनातन धर्म देवी की आराधनाए पूजा पाठ चालीसा आरती कलश स्थापना के द्वारा सनातन नव वर्ष मानते हैं जानकारी देते हुए शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि शास्त्री आदेश के अनुसार 19 मार्च गुरुवार आज से ही छयवती प्रतिपदा में नया संवत्सर वर्ष 2083 बसंतिक नवरात्र प्रारंभ हो जाएगा कलश स्थापना 6रू40 के बाद किसी भी समय किया जाएगा सभी सनातन धर्म अपने घर पर नया ध्वजारोहण करें तथा विशेष रूप से नवदुर्गा की पूजा आज से ही शुभारंभ की जाती है कलश स्थापना मध्यान में करें या अभिजीत मुहूर्त में करें तो पूजा पाठ विशेष रूप से सिद्धिदायनी होती है। आज के दिन पंचांग फल सुना जाता है इस वर्ष राजा गुरु तथा मंत्री मंगल है अतः भारत में केंद्र सत्ता तथा राज्यों के मध्य विवाद बना रह सकता है देश में कृषि सुधार हेतु विशेष कानून पारित होंगे सीमा पर सैनिक कार्यवाही हो सकती है पूर्वी क्षेत्र में प्राकृतिक प्रकोप से जनधन की क्षति तथा दक्षिण भाग में समुद्री आपदा हो सकता है विश्व का कल्याण हो इसके लिए विश्व कल्याण हेतु नगर के शक्तिपीठ गमादेवी में नवरात्रि भर सामूहिक रूप से भगवती की साधना होगी। जानकारी देते हुए शक्तिपीठ गमा देवी की पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि प्रातः जागरण 4रू00 बजेए प्रातः आरती 5रू30 दोपहर शयन 12रू00 सायं जागरण 4रू00 बजे साय आरती 5रू30 तथा रात्रि शयन 10रू00 होगा। शक्तिपीठ के पुजारी ने नगर के सभी श्रद्धालु जनों को आधिकाधिक संख्या में सामूहिक साधना संध्या आरती में सम्मिलित होने के लिए अपील कीहै ।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन को सुझाव और सहयोग करें

स्वतंत्र भारत ब्यूरो
फर्रुखाबाद।जिला एकीकरण समितियों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के लिए राष्ट्रीय एकता भाईचारा धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र की भावना तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण को निरंतर सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जिला एकीकरण समिति का पुनर्गठन किया गया ।




कलेक्ट्रेट सभागार समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्य के रूप में विधायक सुशील कुमार शाक्य जिलाधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक जिला सूचना अधिकारी तथा सदस्य सचिव के रूप में मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय धार्मिक समूहों के प्रमुख प्रतिनिधि ईश्वर दास आसिफ मंसूरी मंगल सिंह ज्ञानी कन्हैया लाल जैन ने प्रतिभाग किया गया।

बैठक में समिति के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें राष्ट्रीय एकता भाईचारा धर्मनिरपेक्षता है लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देना सांप्रदायिक सो अर्थ बनाए रखना कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए सुझाव देना राज्य एकीकरण परिषद के निर्णय का प्रभावी क्रियान्वयन में सुनिश्चित करना तथा देश की सुरक्षा एवं अखंडता के प्रति जनता बढ़ाना शामिल है साथ ही यह भी विचार किया गया कि सांप्रदायिकता एवं वि विघटनकारी शक्तियों को सक्रिय होने से रोकने तथा किसी भी प्रकार के विवाद या तनाव की स्थिति में शांति व्यवस्था बनाए रखना के लिए प्रशासन को समय.समय पर आवश्यक सुझाव दिए जाएं और सहयोग प्रदान किया जाए बैठक में सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता एवं सांप्रदायिक व्यवहार को सुधारण करने हेतु अपने.अपने विचार व्यक्त किए जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने सभी सदस्यों से आगामी बैठक में जिला एकीकरण को और प्रभावी बनाने हेतु ठोस एवं व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करने का आवाहन किया बैठक में जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार शरद चन्देल रवीन्द्र भदौरिया रोहित गोयल कैप्टन डी एस राठौर वैभव राठौर भूपेन्द्र सिंह अनिल प्रताप सिंह सुमन राठौर श्वेता दुबे गुंजा जैन चित्रा अग्निहोत्री राना हिजाब आदि मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### त्योहार के मौके पर सभ्रांत नागरिकां की बैठक

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों ईद.उल.फितर एवं चैत्र नवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था आदि के लिए सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक पुलिस लाइन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सभी धर्म के गुरुओंए महन्तो एवं मौलवियों तथा नागरिकों आदि ने अपनी.अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत की।

जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में जिला प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने जनपद वासियों से चैत्र नवरात्रि एवं ईद को शांतिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के पूर्व सारी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने त्योहारों के दौरान अराजक तत्वों से कड़ाई से निपटने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंदिरों एवं मस्जिदों पर साफ सफाईए बिजली एवं पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि कोई नई परंपरा न लागू की जाए। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज मस्जिद के अंदर ही होनी चाहिए सड़कों पर नहीं। उन्होंने छुट्टा गोवंश को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि उनको पकड़वाकर नजदीकी गौशाला में भिजवाया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि तारों को ऊंचा कराया जाए जिससे किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न ना हो। मस्जिद पेश इमाम कमालुद्दीन अशरफी ने लोगां से गुजारिश की है कि सभी लोग ईद की ईदगाह की अंदर की पढ़े। ईद की नमाज ईदगाह के बाहर न पढ़े अगर कोई नमाजी ईदगाह के बाहर पड़ता है प्रशासन द्वारा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए वह खुद जिम्मेदार होगा उन्हांने कहा कि ईद की नमाज सुबह साढ़े 7 बजे व साढ़े 8 बजे दो शिफ्टां में पढ़ाई जाएगी सभी से गुजारिश समय से आकर नमाज अदा करें। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि किसी भी प्रकार की घटना न होने पाए उससे पूर्व सभी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों द्वारा कार्य शासन की मंशा रूप किया जाए एवं सभी की ड्यूटी लगा दी जाए साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तवए एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठीए नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुरए उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघवए सीओ सिटी अभयनरायन रायए कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंहए पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमदए व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक दीक्षितए हाजी चांद मंसूरीए मुण् गुलशेरए मुमताज चौधरीए शहंशाह वारसीए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधिक बिजली बिल से वृद्ध की हार्ट अटैक से मौत

**भरथनाए इटावा।** स्मार्ट मीटर लगने के कुछ महीनों बाद मात्र तीन माह में एक लाख साठ हजार रूपया बिजली बिल देख चिन्तित घर के इकलौते कमाऊ 55 वर्षीय वृद्ध की सदमें में आकर ह्रदयगति रूक जाने से दर्दनाक मौत हो गयी। इससे पूर्व अतिरिक्त बिल संशोधित कराने के लिए वृद्ध उपभोक्ता अपना हथठेली पर चाय बिक्री का काम बन्द कर करीब एक माह से बिजली विभाग के कार्यालय में अधिकारियों के चक्कर काट रहा था। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही व अनसुनी के चलते वृद्ध हताश होकर अपने प्राण त्याग बैठा। जिससे परिजनों में बुरी तरह कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने विद्युत कार्यालय पर शव रखकर अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की माँग करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी होते ही बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय में ताला बन्दकर मौके से नौ दो ग्यारह हो गये।

कस्बा के मुहल्ला महावीर नगर निवासी 55 वर्षीय वृद्ध शिवकुमार कश्यप के यहाँ बीते माह सितम्बरए 2025 को स्मार्ट मीटर लगाया गया था। तब से उनका बिल लगातार ज्यादा आ रहा थाए किन्तु कुछ दिन पूर्व मात्र तीन माह का विद्युत बिल एक लाख साठ हजार रूपया का मैसेज देखकर वह लगातार चिन्तित थे और अपना हथठेली पर चाय बिक्री का काम छोडकर बिल संशोधन के लिए लगातार भरथनाए इटावाए सुन्दरपुर आदि बिजली कार्यालय पर अधिकारियों के चक्कर काट रहे थे। किन्तु विभागीय अधिकारी समस्या का समाधान न निकालकर वृद्ध को इधर से उधर चक्कर कटवाये जा रहे थे। मृतक की पत्नी सीमा देवीए पुत्री राखीए पुत्र सत्यम कुमार ने बताया कि जब से उनके घर स्मार्ट मीटर लगा है। तब से विद्युत बिल अत्यधिक आ रहा है। जबकि उनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं हैए पिता हथठेला पर चाय बिक्री का कार्य करते हैंए जिसके चलते उनके घर में भी विद्युत के ऐसे कोई उपकरण नहीं हैए जिनसे इतना ज्यादा बिल आ सके। एक लाख साठ हजार रूपया का बिल देखकर वह अत्यन्त मानसिक तनाव में रहते थे। जिसके चलते मंगलवार की रात्रि उनकी ह्रदयगति रूक जाने से दर्दनाक मौत हो गयी। विद्युत कार्यालय पर मृतक का शव रखकर परिजनों द्वारा किये जाने वाले विरोध की जानकारी होते ही पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लूए पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवालए मंडल अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह बंटू गौरए व्यापार मंडल अध्यक्ष बंटी पोरवालए रज्जन पोरवाल आदि के हस्तक्षेप के चलते बिजली विभाग के अधिकारियों को कार्यालय पर बुलाया गया। मौके पर पहुँचे अधिकारियों ने सम्बन्धित बिल को शून्य करने की बात कहकर कुछ नगद आर्थिक सहयोग किया तथा तहसीलदार दिलीप कुमार सिंह ने शासन से जो भी आर्थिक सहयोग होगाए वह दिलाने का भरपूर आश्वासन दिया। तब कहीं 11 बजे से चल रहा विरोध प्रदर्शन दोपहर करीब 2 बजे समाप्त हुआ और मृतक का अन्तिम संस्कार किया गया।

### मस्जिदां में तरावीह में कुरआन पाक हुआ मुकम्मल

इटावा। शहर की सभी मस्जिदां में तरावीह में कुरआन ए पाक पूरा हो गया। मस्जिद पचराहा में रमजान.उल.मुबारक महीने में तरावीह पूरी हुई। मस्जिद में नमाज़.ए.तरावीह की मुकम्मल अदायगी रमजान के इस पाक महीने में कुरान.ए.करीम की तिलावत के साथ तरावीह का सिलसिला बड़े ही शानो शौकत के साथ पूरा हुआ। नमाज़ियों ने बड़े ही अदब और अकीदत के साथ नात.ए.पाक को सुना। मस्जिद इंतजामिया द्वारा अल्लाह की बारगाह में मुल्क की अमन.चैनए खुशहाली और कौम की तरक्की के लिए दिलखुशूस दुआएं मांगी गईं। पचराहा मस्जिद के मुतवल्ली मुण् गुलशेर ने हाफिज नौमानए पेश इमाम आरिफ रजाए हाफिज अशफाकए हाफिज सुल्तानए हाजी शबनूर का गुलपोशी कर उनका इस्तकबाल किया। इस मौके पर शकीलए शहीदए मोहसिनए अनसए अजीमए मुरादए आसिफ खांनए फरहान खान आदि मौजूद रहे। शाही मस्जिद नोरंगबादए सिंग्नल वाली मस्जिदए मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खांए मस्जिद काली कबरेंए मस्जिद शाहगंजए मस्जिद लालपुराए मस्जिद चौखर कुआंए मस्जिद जिन्नातों वालीए मस्जिद हिसामुद्दीनए शाही जामा मस्जिदए मस्जिद पक्का तालाबए मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंगए मस्जिद अक्सा रामगंज ढालए मस्जिद सराय कटरा सेवा कलीए मस्जिद बुलाक़ीए मस्जिद कुरैशियान नया शहरए मस्जिद दरगाह वारसीए मस्जिद कटरा पुर्दल खांए मस्जिद स्टेशन रोडए मस्जिद रामगंजए मस्जिद स्टेशन रोडए मस्जिद गाड़ीपुराए मस्जिद कचहरीए मस्जिद राईन साबितगंजए मस्जिद मोहल्ला अड़ार स्टेशन रोड में भी तरावीह में कुरआन पाक पूरा हुआ।

### कैदी का एडवांस्ड ओरल कैंसर का सफल ऑपरेशन

सैफईए इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएसए सैफई के चिकित्सकों ने एक बार फिर अपनी चिकित्सीय दक्षता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी के एडवांस्ड ओरल मैलिग्नेंसी कैंसर का सफल ऑपरेशन कर उसे नई जिंदगी प्रदान की है। अत्यंत जटिल मानी जाने वाली इस सर्जरी को ईएनटी विभाग और प्लास्टिक सर्जरी विभाग की संयुक्त टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। संबंधित कैदी भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अंतर्गत आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। चिकित्सकों ने बिना किसी भेदभाव के मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उसका उपचार किया। ईएनटी विभाग के डॉण् तेजस्वी गुप्ताए डॉण् संजीव यादवए डॉण् वीरेंद्र एवं डॉण् स्वप्निल की टीम ने ऑपरेशन के दौरान सेगमेंटल की। इसके पश्चात प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉण् अतुल और डॉण् भूपेश ने फ्लैप तकनीक से जबड़े का पुनर्निर्माण किया। वर्तमान में मरीज की स्थिति स्थिर है और वह धीरे.धीरे सामान्य रूप से भोजन ग्रहण कर रहा है। डॉण् तेजस्वी गुप्ता ने बताया कि मरीज लंबे समय से निचले जबड़े में बने अल्सर से परेशान था। जांच के दौरान की गई बायोप्सी में ओरल कैंसर की पुष्टि हुईए जिसके बाद विशेषज्ञ टीम ने योजना बनाकर सर्जरी की। उन्होंने इस सफलता के लिए ऑपरेशन थिएटर और वार्ड स्टाफ के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान जेल प्रशासन ने भी उपचार एवं सुरक्षा व्यवस्था में पूरा सहयोग दिया। यूपीयूएमएस सैफई के कुलपति प्रोण् डॉण् अजय सिंह ने इस जटिल सर्जरी की सफलता पर ईएनटी और प्लास्टिक सर्जरी विभाग की टीम को बधाई दी एवं ऐसे कई अन्य जटिल रोगों के उच्चतम श्रेणी के उपचार हेतु विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता ज़ाहिर की।

# डीआईजी ने फोरेंसिक टीम के साथ विस्फोटक स्थल को बारीकी से देखा

**ए टी एस बंब डिटेक्शन और डिस्पोजल स्कॉर्ट डॉग स्कर्ट फॉरेंसिक टीम ने लिये नमूने**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।** पूर्व विधायक विजय सिंह के घर में हुए ब्लास्ट में पुलिस ने जांच तेज कर दी है
डीआईजी रेंज कानपुर ने पहुंच कर की जांच पड़ताल एसपी आरती सिंह के नेतृत्व में घटना के खुलासे हेतु बेहद गंभीरता के साथ कार्यवाही जारी
डीआईजी रेंज कानपुर हरीश चन्दर ने आधा घंटा से अधिक समय तक घटनास्थल पर जांच पड़ताल की डीआईजी ने बताया कि फोरेंसिक टीम को पुन बुलाया गया है बीडीडीएस टीम और एक टी? एस की टीम कानपुर से आई है उनके द्वारा भी जांच की जा रही है फॉरेंसिक टीम सैंपल्स को कलेक्ट कर रही है पूरे घर को सिक्योर किया गया यह तय है कि एक्सप्लोजन घर के अंदर से हुआ है जिसके सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं । पुलिस का मानना है कि धमाका विस्फोट से हुआ है गैस से हुआ है इस संबंध में डिटेल में जांच चल रही है उन्होंने बताया कि इस मामले में विस्फोटक से सभी घायलों के विरुद्ध पुलिस ने एफआईआर पंजीकृत दर्ज कराई है सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है आज कानपुर रेंज के डीआईजी हरिश्चंद्रर ने आवास पर पहुंच कर विस्फोटक स्थल के विभिन्न स्थान को बारीकी से देखा फर्रुखाबाद कोतवाली क्षेत्र के नाला मच्छरट्टा स्थित आवास पर फॉरेंसिक तथा विभिन्न अन्वेषण एवं तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार की जा रही है ।





बताते चले कि मंगलवार 7रू45 बजे पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास पर तेज धमाका हुआ था जिसमें मकान की खिड़कियां दरवाजे चकनाचूर हो गए थे बेसमेंट की छत मलबे में तब्दील हो गई इसमें पूर्व विधायक के पुत्र अविनाश सिंह विक्की व अभिषेक सिंह सिक्की राजीव गांधी नगर निवासी रिशु मिश्रा नाला मछरहटा के यीशु चौरसिया वह नूरपुर के भैया लाल चौहान और रामवीर यादव गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को एक नर्सिंग होम में भर्ती करवाया गया तथा भैया लाल के पैरों में गंभीर चोट होने के बाद उन्हें कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में इलाज के लिए रेफर कर दिया गया

## गाय को सर्वोच्च सम्मान दिया गया है इसलिए गाय को राष्ट्र माता घोषित किया जाना अति



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, छिबरामऊ कन्नौज।** पंडित कन्हैयालाल पांडे मार्केट पर गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत जनसंपर्क एवं विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ । इस दौरान सभी वक्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग की की गाय हमारी माता है सनातन धर्म के सभी ग्रंथों में गाय को सर्वोच्च सम्मान दिया गया है इसलिए गाय को राष्ट्र माता घोषित किया जाना अति आवश्यक है 27 अप्रैल को पूरे देश में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए सभी 28 राज्यों एवं 8 केंद्र शासित प्रदेशों की 5410 तहसीलों में माननीय राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री जी के नाम सार्वजनिक ज्ञापन दिया जाएगा इस दौरान एक टोल फ्री नंबर 9067777323 पर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करवाने के लिए मिस कॉल करने हेतु भी प्रेरित किया गया इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे ए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आचार्य डॉक्टर रजनीश दुबेए रामकिशोर दुबे ए अमन मिश्रा ए अभिषेक पांडे ए बाबा सीताराम समेत तमाम सनातनी बंधु मौजूद रहे।

### कोषाध्यक्ष के पुत्र व माता को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से घायल हुए

**छिबरामऊ कन्नौज ।** नगर कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष के पुत्र व माता को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से घायल हुए। छिबरामऊ नगर कांग्रेस कोषाध्यक्ष मेहराज वारसी की बुजुर्ग माता जी का कल रात 9 बजे कांशीराम कॉलोनी के पास तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल से आ रहे दो युवकों ने टक्कर मार दीए जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गईंए उनकी माता जी के साथ मेहराज वारसी जी का बड़ा बेटा उम्र 4 वर्ष भी घायल हो गया है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं उनके आवास पर कौन सा देश की मां.ब पुत्र को देखने के लिए पहुंचे और उनको शीघ्र स्वस्थ होने के लिए कामना की।

## सड़क व नाला बनने की मांग पूर्व राज्य मंत्री से की गई



**छिबरामऊ कन्नौज ।** भारतीय जनता पार्टी विध प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ने लिखित प्रार्थना पत्र पूर्व राज्य मंत्री विधायक को आवास पर सौपा भारतीय जनता पार्टी विध प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुशील कुमार पांडे ने पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे को तहसील गेट पश्चिम पर जल भराव से लिखित रूप से अवगत कराया और मांग की की नाला निर्माण कराकर सड़क का निर्माण कराया जाए जिससे कि बादकरी व राहगीरों को गंदे पानी से ना गुजार कर आना पड़े ।

### संजू जैन का हाल जानने पहुंचे राजू गुप्ता

इटावा। समाजसेवी एवं जैन समाज के अध्यक्ष संजू जैन का स्वयं की कुछ दिनो पहले बाइक और बैटरी रिक्शा की टक्कर में एक्सीडेंट हो गयाए जिसमें उनके पैर की हड्डी में क्रैक आ गया तथा छाती में भी चोट लगी है। कुशल डॉक्टरों की टीम द्वारा फिलहाल उनका उपचार जारी है। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व सांसद रघुराज शाक्यए भरथना पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवालए समाजसेवी राजू गुप्ताए वंटू गुप्ताए मोहित अग्रवालए रोहित राज पोली उनके निवास पहुंचकर उनका हालचाल लिया और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि संजू जैन समाजसेवा में हमेशा अग्रणी रहते हैं और सभी लोग उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

### सन्धी समाज की धर्मशाला में हुई बैठक

भरथनाए इटावा। सिन्धी समाज की एक आवश्यक बैठक सिन्धी धर्मशाला पर सम्पन्न हुई। जिसमें अध्यक्षए कोषाध्यक्ष व उपकोषाध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। उक्त चुनाव में सर्वसम्मति से शंकरलाल वरयानी को अध्यक्षए संजय माधवानी को कोषाध्यक्ष व महेन्द्र कुमार को उपकोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मंगलवार की देर सांय सम्पन्न हुई बैठक में समाज के अन्य लोगों ने नवमनोनीत तीनों पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। तदुपरान्त बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 20 मार्च दिन शुक्रवार को श्री झूलेलाल महोत्सव चेटीचन्द्र के उपलक्ष्य में आयोजित साँई शोभा यात्रा आदि का आयोजन भी किया जायेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सात देशों के प्रतिभागियों समेत दो सौ छात्रों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए

स्वतंत्र भारत संवाददाता
फर्रुखाबाद।भारतीय महाविद्यालय में आयोजित द्विदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के चौदह तकनीकी सत्रों में इंडोनेशिया फिजी श्रीलंका बांग्लादेश आदि देशों तथा भारत के विभिन्न राज्यों से 200 से अधिक अध्येता तथा शोध छात्रों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए। विभिन्न सत्रों में प्रो अनिल कुमार विश्वकर्मा डॉ मेवालाल डॉ राजीव कुमार सिंह डॉ राजू सिंह डॉ रश्मि दुबे डॉ ज्योति हर्मित डॉ राहुल द्विवेदी डॉ संदीप सिंह वर्मन डॉ उमेश सिंह डॉ लेखराम दन्नाना डॉ संजीवनी आर्या डॉ मनोज कुमार डॉ अमित कुमार डॉ प्रियांशु गुप्ता डॉ विनीत सिंह प्रो स्वाति सक्सेना डॉ अश्विनी देवी डॉ जितेन्द्र डबराल आदि विद्वानों ने सत्र की अध्यक्षता की तथा डॉ संदीप कुमार द्विवेदी डॉ रमाशंकर नीरज कुमार द्विवेदी सुश्री प्राची गोस्वामी समीर कुमार गुप्ता डॉ निधीश कुमार सिंह डॉ आलोक बिहारी लाल डॉ धनंजय कुमार कुशवाहा डॉ मधुप कुमार विजय कुमार विवेक सिंह आदि ने तकनीकी सत्रों का संचालन किया।



डॉक्टर निशंका संजीवनी श्रीलंका विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर अजय कुमार चौबे तथा सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ रमन प्रकाश ने की संगोष्ठी समन्वयक निधीश कुमार सिंह ने बताया कि सेमिनार में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने तथा 7 से अधिक देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया समापन सत्र का संचालन गोष्ठी सचिव डॉक्टर संदीप कुमार द्विवेदी तथा सुश्री प्राची गोस्वामी ने किया

## 3 स्लीपर बस सीज एक की आरसी निलम्बित पाई गई

स्वतंत्र भारत ब्यूरो
फर्रूखाबाद।एआरटीओ.प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने सघन चेकिंग अभियान चलाया इस दौरान तीन स्लीपर बसें सीज की गईं तथा इनमें से एक स्लीपर बस बरेली से आ रही थी जब उसके प्रपत्र चेक किये गये तो पाया गया कि राजस्थान राज्य में उसका पंजीयन निलम्बित था। बस पर 93 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया तथा बस को रोडवेज बस अड्डा में सीज किया गया।
एक अन्य बस पर बिना परमिट संचालित पाये जाने पर 58 हजार का जुर्माना लगाया गया तथा बस को रोडवेज बस अड्डा में सीज किया गया।
एक अन्य बस पर 16 हजार का जुर्माना लगाया गया तथा बस को रोडवेज बस अड्डा में सीज किया गया।
ओवरलोड माल ढोते हुये 3 ट्रक सीज किये गये व उन पर 1ण्15 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त बकाया कर के अभियोग में 3 ट्रक सीज किये गये जिन पर 1ण्55 हजार का कर बकाया था।
राजपूत ने बताया कि भविष्य में भी नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर और अधिक कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# किसानों को नहीं मिल रहा मूंगफली एवं मक्का का बीज

छिबरामऊ कन्नौज निगम मंडी स्थित कृषि कल्याण केंद्र पर लगातार किसानों को नहीं मिल रहा मूंगफली एवं मक्का का बीज मामला निगम मंडी स्थित कृषि कल्याण केंद्र का है



जहां पर लगातार छिबरामऊ क्षेत्र एवं आसपास के किसान कृषि कल्याण केंद्र पर मूंगफली का बीज लेने को आते हैं और कृषि विभाग कार्यालय में भ्रष्ट कर्मचारियों के द्वारा उनको हर बार टरका दिया जाता है ऐसे में अब किसान अपने खेतों में मूंगफली बीज बोने के लिए दर.दर परेशान होकर घूम रहे हैं वहीं एक वृद्ध किसान रामओतार जिनकी उम्र 90 ग्राम पंथरा निवासी बोबी लाइन में लग रहे और उनको भी मूंगफली का बीज नहीं मिला ऐसे कई किसानों ने बताया लगातार कई दिनों से छिबरामऊ कृषि कल्याण केंद्र के चक्कर काट रहे हैं छिबरामऊ कृषि कल्याण केंद्र में तैनात कर्मचारियों के द्वारा मूंगफली का बीज नहीं दिया जा रहा है जिससे हम सभी किसान भाई बहुत ही परेशान हैं कई किसानों ने जिलाधिकारी कन्नौज आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से छिबरामऊ में कृषि कल्याण केंद्र में भ्रष्ट कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की इस मौके पर काफी संख्या में छिबरामऊ एवं आसपास क्षेत्रों के किसान मौजूद रहे

# विकास खंड हलिया में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड सभागार राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत विकास खंड स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार कोई शुभारंभ खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रत्येक ग्राम पंचायत से पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव प्रतिभाग किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को पीएफएमएस,ई-ग्राम स्वराज एवं जेम पोर्टल के प्रभावी संचालन एवं उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान करना है, ताकि ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं का पारदर्शी एवं सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।



इस अवसर पर पंचायती राज विभाग से आए प्रशिक्षकों डॉ. पीयूष मणि मौर्य, श्यामधर, रंजना एवं दीपांशी मिश्रा कृद्वारा प्रतिभागियों को पोर्टल के विभिन्न तकनीकी पहलुओं, डेटा प्रविष्टि, रिपोर्टिंग प्रणाली एवं ऑनलाइन प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कमलेश कुमार , एडीओ (कृषि)नरेंद्र कानापुरिया , जेई (एमआई)विजय कुमार , सीएम फेलो गौरव सिंह , ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । और इससे शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सकेगा। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त जानकारी को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने का संकल्प लिया।इस दौरान ग्राम प्रधान आयत्री प्रसाद सहित ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# स्वयंसेवकों ने महाप्रभु के आश्रम परिसर में सेवा कार्य एवं शुद्धता का दिया संदेश




**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चतुर्थ एकदिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ माधवी शुक्ला के मार्गदर्शन में आचार्य मंदिर परिसर में महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के विचारों को आत्मसात करते हुए स्वच्छता एवं सेवा कार्य द्वारा समाज को शुद्धता का संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने भक्ति आंदोलन में महाप्रभु वल्लभाचार्य के योगदान एवं शुद्धाद्वैत के विचारों की प्रासंगिकता को स्वयंसेवकों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दीप नारायण ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता, सेवा कार्य के महत्व को सामाजिक, धार्मिक तथा नैतिक आदर्शों पर चलने के लिये प्रेरित किया। साथ ही आस-पास के कूड़े-कचरों को साफ सफाई करके स्वच्छता कार्य किया गया। उक्त अवसर पर कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने स्वच्छता एवं महाप्रभु की बैठक के महत्व को समझा।कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन एवं संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विद्या सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## नवरात्रि के मद्देनजर गड़बड़ा धाम में तैयारियां पूर्ण

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम बुधवार की मध्य रात्रि से शुरू हो रहे नवरात्रि के प्रथम दिन दर्शन पूजन कलश स्थापना के लिये भक्त जल ले कर पूजन पाठ करेंगे।

नवरात्रि पर लगने वाले मेले में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। गड़बड़ा धाम में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा सेमरा मोड़ तथा गलरा हनुमान मंदिर के पास तथा एक मंदिर के दक्षिण तरफ बैरियर लगा कर मेला भीड़ को नियंत्रित किया जाएगा।थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हलिया के अलावा ड्रमंडगंज थानाध्यक्ष तथा 13 कांस्टेबल एवं 5 महिला पुलिस तथा एक फायर ब्रिगेड तथा एक प्लाटून पीएसी तथा मेला प्रभारी के रूप में एसआई श्याम लाल की तैनाती किया गया है ।एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि 32 सफाई कर्मियों की ड्यूटी दो शिफ्ट में लगाई गई है। पानी टैंकर व साफ साई पूरे नवरात्रि में चलेगा।

## प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में बुधवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सरकार का सफलता पूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने पर जनप्रतिनिधियों व ग्राम प्रधान ,आंगनवाड़ी, आशा, सचिव आदि सहित कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार की उपलब्धियों एवं सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश सरकार का नौ वर्ष पुर्ण होने पर समन्वय कार्यक्रम कर सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुचाया जाना है। इस मौके पर पशु चिकित्साधिकारी कमलेश कुमार, सीएम फेलो गौरव सिंह,एडीओ एजी नरेंद्र कानपुरिया, जेई एम आई विजय कुमार,भटवारी प्रधान राजेश मौर्य, थोथा प्रधान राजेश यादव, मझिगवा प्रधान भूपेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना क्षेत्र के कमधेनवा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत चार ससुराल पक्ष के खिलाफ हत्या का प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, कमरौली निवासी विन्दू देवी ने थाना मधुबन पहुंचकर आरोप लगाया कि उनकी पुत्री सरिता की उसके पति व ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा हत्या कर दी गई। घटना बीते 12 मार्च को सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है, जो मृतका की ससुराल कमधेनवा गांव में हुई। मृतका की मां का आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ना के बाद उसकी हत्या की गई। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि विन्दू देवी के तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नामजद आरोपियों में पति अमरजीत, ससुर रामभवन, सास उषा और ननद राधा शामिल हैं। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है।

## दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव स्थित कनौठी आश्रम पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग दो दिवसीय का समापन हुआ है समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया व मुख्य वक्ता गंगा सागर दुबे व राजेश सिंह हिन्द रहे । समापन प्रशिक्षण वर्गो में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने कहा की यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, और जनसेवा के विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठन के मूल सिद्धांतों, सेवा भाव,




राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और जनसंपर्क के प्रभावी तरीकों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया इन प्रशिक्षण वर्गों का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की नीति, विचारधारा और कार्यशैली को समझने का अवसर प्रदान करना है, ताकि वे समाज में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। वक्ताओं ने बताया कि संगठन की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है प्रशिक्षण की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी ने किया इस दौरान पंकज सिंह चंदेल,योगेश दुबे, नीरज सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, अवधेश पाल, मंतोष अग्रहरी, अंशु मिश्रा, सुनील दुबे, गौरी शंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अचानक तबियत बिगड़ने पर उपचार के दौरान युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा गांव निवासी युवक की मंगलवार को अचानक तबियत बिगड़ने पर युवक परिजनों द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए प्रयागराज लेकर गये जहाँ भर्ती कराया गया । जंहा पर उपचार के दौरान मंगलवार को देर रात मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।हलिया कस्बा निवासी 33 वर्षीय अजय कुमार सोनी की अचानक सीने में दर्द होने से तबियत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्रयागराज लेकर गये जहाँ उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई सूचना मिलते ही मृत युवक की पत्नी प्रियंका का रो रोकर बुरा हाल है मृतक दो भाइयों में छोटे थे। दोनों मिल कर आभूषण की दुकान देखते थे मृतकों को दो लडकिया है। अचानक मौत से युवक के मृदुल स्वभाव के कारण पूरे कस्बे में मातम छा गया।युवक के पिता की पूर्व ही मौत हो चुकी है।

## महिला ने पिता पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी पुष्पा देवी पत्नी बलराम ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर पिता व पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है । पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की भूमि विवाद को लेकर विपक्षी रमेश तिवारी व उनका पुत्र कनक तिवारी मंगलवार की शाम मेरे घर पर आकर गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दिया है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता व पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा महिला का उपचार किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला की तहरीर पर पिता व पुत्र के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट सहित जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## खड़िया नाला के पुनरोद्धार को लेकर टीम ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** जनपद में नदियों के पुनरोद्धार अभियान के तहत गाढ़ा ताल से जुड़े खड़िया नाला का मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्थलीय निरीक्षण किया गया।टीम ने नाले की स्थिति, जल प्रवाह, गाद जमाव व कूड़ा निस्तारण का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से सुझाव भी लिए। अधिकारियों ने जल्द ही नाले के पुनरोद्धार के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने का आश्वासन दिया।इससे भूजल स्तर, सिंचाई सुविधा और पर्यावरण संरक्षण को लाभ मिलने की उम्मीद है।

## पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** थाना मुहम्मदाबाद पुलिस ने 18 मार्च 2026 को चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर धरहरा बॉर्डर पुल के पास से पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में वांछित अभियुक्त अंगत चौहान निवासी सुतरही उर्फ चक भोपतपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया।

## पारिवारिक बंटवारे को लेकर विवाद, महिला से मारपीट व बाउंड्री गिराने का आरोप

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में पारिवारिक बंटवारे को लेकर हुए विवाद में मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी उमेश प्रताप यादव ने थाना मधुबन में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते 12 मार्च को पुरानी पारिवारिक बंटवारे की रंजिश को लेकर विपक्षीगण ने उनके व उनके परिवार के साथ गाली-गलौज की। आरोप है कि इस दौरान उनकी भाभी के साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही, आरोपियों द्वारा वादी की बाउंड्रीवाल को भी गिरा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। नामजद आरोपियों में ढोलई यादव, शिवबालक यादव, अंशा यादव, निखिल यादव, रामचन्द्र यादव, रामरती यादव व रिचा यादव शामिल हैं। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक ओम प्रकाश को सौंपी गई है और पुलिस जांच में जुटी है।

## पुरानी रंजिश में परिवार पर हमला महिला समेत पति व बच्चे को पीटा

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना क्षेत्र के बाउडीह गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक ही परिवार के लोगों पर हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बाउडीह निवासी सुमन देवी ने थाना मधुबन में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते 17 मार्च को सुबह करीब 7 बजे विपक्षीगण ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे, उसके पति और बच्चे को गाली-गलौज देते हुए लाठी, डंडा व बांस से मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नामजद आरोपियों में धर्मेन्द्र यादव, अनिल यादव, सुनील यादव, सुनीता देवी व तेतरी देवी शामिल हैं।


**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सूचना**

मैने अपना नाम मोहद. आमिर से बदलकर मोहद. आमिर रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहद. आमिर के नाम से जाना जाए। मोहद. आमिर पुत्र रिजवानुल्लाह नि.379– डी5, के.डी.ए. कालोनी, अंगूरीबाग जाजमऊ कानपुर नगर–208010(27)

सी.आर.-2852/K-27

**सूचना**

मैने अपने पुत्र रौमिश व पुत्रवधू शालू से सम्बन्ध विच्छेदकर उन्हे अपने समस्त चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर दिया है। मिनजानिब रूखसाना पत्नी स्व. सलीम नि. 85 दाईपुरवा बगदौंधी बांगर कानपुर नगर।(25)

सी.आर.-2852/K-25

**आवश्यक सूचना–**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निर्मित मकान संख्या–57ए (न्यू मकान नम्बर–57–सी) रकबा 148 वर्गमीटर स्थित गोवर्धनपुरवा, कानपुर नगर के पूर्व मालिक सुशीला देवी पत्नी राम प्रसाद के स्वामित्व मे थी और उसके निधन के बाद उक्त सम्पत्ति पवन कुमार सिंह व प्रमोद कुमार सिंह को प्राप्त हुई और पवन कुमार व प्रमोद कुमार ने राहुल गुप्ता व रोहित गुप्ता के हक मे दिनांक 29.07.2024 को बही संख्या–1 खण्ड संख्या–11483 पेज संख्या–71/94 सि0न0–8218 पर पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति को राहुल गुप्ता व रोहित गुप्ता आई०डी०एफ०सी० फर्स्ट बैंक लि०. सिविल लाइन्स, कानपुर नगर से गृह ऋण प्राप्त कर क्रय कर रहे है यदि किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरित 7 दिन के अन्दर नीचे लिखित पते पर आपत्ति दर्ज कराये। समयावधि बीत जाने के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक–07.03.2026

**मृणाल लालचन्दानी एडवोकेट** चेम्बर नं0–14 प्रथमतल मोती लाल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट, कानपुर नगर, मो.9919606060 द्वारा अधिवक्ता (आई०डी०एफ०सी० फर्स्ट बैंक लि०)

सी.आर.-2852/K

**अदालती सूचना**

विवाद्यकों के विथरीकरण के लिये सम्मन (आदेश 5 के नियम 1 और 5) (शीर्षक)

न्यायालय श्रीमान मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण (दक्षिणी) कानपुर नगर
दुर्घटना प्रतिकर वाद सं. 766/2016
1. श्रीमती सन्नो देवी बालिग पत्नी स्व. जय प्रकाश नि. ग्राम हरवंशपुर पो. व थाना विधनू परगना व जिला कानपुर नगर व 4 अन्य...याचीगण
बनाम–1. श्री दीपक कुमार विश्वकर्मा बालिग पुत्र श्री नन्द किशोर विश्वकर्मा नि. म.नं. एम–11 किदवई नगर थाना बाबूपुरवा जिला कानपुर नगर वर्तमान पता–म०नं. 165 ए.बी. नगर थाना कोतवाली उन्नाव (स्वामी ट्रक नं. यू. पी. 78 सी.टी. 5044) 3. श्री राजू यादव बालिग पुत्र श्री फूल सिंह नि.म.नं. 33 कागजीपुरा थाना कालपी जिला जालौन (यू.पी.) (चालक ट्रक नं. यू.पी. 78 सी.टी. 5044)..प्रतिवादी सं. 1व3

सन्नो देवी ने आपके विरुद्ध मोटर दुर्घटना प्रतिकर के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 02.04.2026 को दिन में 10.30 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस वाद से संबंधित सभी साखान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साध्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज ता० 17.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण (दक्षिणी) कानपुर नगर

सी.आर.-2852/K-CN

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 12/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र0 सं0: 1 कार्य का विवरण:** कासगंज स्टेशन के रनिंग रूम में अतिरिक्त क्रू रूम का प्रावधान। 2. समंई/मथुरा के अधिकार क्षेत्र में पटियाली–मथुरा खंड में रेलवे क्वार्टरों का सुधार। 3. कासगंज फर्रूखाबाद, फतेहगढ़ एवं रावतपुर में डिवीजनल ट्रैफिक इंस्पेक्टर के लिए कार्यालय का प्रावधान (कुल 4 स्टेशन) 4. हाथरस सिटी में 16 बिस्तरों वाली आर.पी.एफ. बैरक का प्रावधान। **अनुमानित लागत रूपयों में :** 7,22,40,631.81/– **बयाना राशि रुपयों में (रु0) :** 14,44,800/– **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (माह) **क्र0 सं0: 2 कार्य का विवरण:** 1. वरि. मंडल इंजीनियर/II के अंतर्गत मथुरा–राया अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सी.आर.ओ. को रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिग लगाने का कार्य। 2. वरि. मंडल इंजीनियर/II के अंतर्गत सोनाई–राया अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिग लगाने का कार्य। **अनुमानित लागत रूपयों में :** 9,38,84,580.09/– **बयाना राशि रुपयों में (रु0) :** 18,77,700/– **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 (माह) **क्र0 सं0: 3 कार्य का विवरण:** 1. इज्जतनगर डिवीजन में शमसाबाद–कायमगंज अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिए डब्ल्यू–बीम टाइप मेटल फेन्सिग का प्रावधान। (2) इज्जतनगर डिवीजन में फर्रुखाबाद–हरसिंगपुर गोबा अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिए डब्ल्यू–बीम टाइप मेटल फेन्सिग का प्रावधान। (3) इज्जतनगर डिवीजन के हरसिंगपुर गोबा–शमसाबाद अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिए डब्ल्यू–बीम टाइप मेटल फेन्सिग का प्रावधान। (4) इज्जतनगर डिवीजन में उत्तरीपुरा–बिल्हौर अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनार सीआरओ की रोकथाम के लिए डब्ल्यू–बीम टाइप मेटल फेन्सिग का प्रावधान। (5) इज्जतनगर डिवीजन में बिजुरी–उत्तरीपुरा अनुभाग के मध्य ट्रैक के किनार सीआरओ की रोकथाम के लिए डब्ल्यू–बीम टाइप मेटल फेन्सिग का प्रावधान। **अनुमानित लागत रूपयों में :** 23,45,25,066.53/– **बयाना राशि रुपयों में (रु0) :** 46,90,500/– **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (माह) 1. ई–निविदा दिनांक 08.04.2026 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू–513

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर-208001** के अधीन निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं साथ ही नीचे दर्शायी गयी तिथि एवं समय तक बोली लगाने वाले अपने मूल/संशोधित बिड्स समाप्ति तिथि एवं समय तक मात्र जमा कर सकते हैं। इस निविदा के खिलाफ मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा।

**निविदा संख्या:** CNB2025202610

**कार्य का विवरण:** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल में वरिष्ठ मण्डल अभियंता/IV/प्रयागराज के अन्तर्गत दाऊदखाँ-अलीगढ़ खण्ड पर अलीगढ़-दाऊदखाँ तीसरी लाइन और दाऊदखाँ फ्लाई ओवर पर रख रखाव से जुड़े पी-वे कार्य।

| अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|
| ₹75.23 लाख | ₹1,50,500/- | निल |
| खुलने का समय : 15.04.2026, 15.00 बजे | | कार्य समापन अवधि: 12 माह |

**नोट:** 1. उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर निर्धारित तिथि तक 15.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। 2. उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T.Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, Digital हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाईनेंशियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नही किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। 5. किसी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की हेल्प लाइन नं. से सम्पर्क किया जा सकता है।

602/26 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, उन्नाव वृत्त, लो0नि0वि0, उन्नाव**

पत्रांक :– 1206/एम/1एमटी/ई–टेण्डर/उन्नाव वृत्त/2026 दिनांक :16.03.2026

(अल्पकालीन ई–निविदा सूचना द्वितीय आमंत्रण)

1. महामहिम राज्यपाल महोदया, उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 के मार्ग श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।
2.

| क0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू0 (लाख में) 5 वर्ष अनुरक्षण सहित | धरोहर धनराशि रू0 (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हरदोई | गदौरा मार्ग से हाजी भट्ठा होते हुये उमरताली मार्ग तक सम्पर्क के नवनिर्माण का कार्य। | 463.59 | 25.18 | 2715.00 | 12 माह | श्रेणी 'ए' (मार्ग कार्य) |
| 2 | हरदोई | महामऊ मार्ग से खुटेहना सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण का कार्य | 147.07 | 9.36 | 2715.00 | 12 माह | श्रेणी 'ए' एवं 'बी' (मार्ग कार्य) |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 20.03.2026 से 26.03.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 26.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

1. लो0नि0वि0 में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है। वेबसाइट खोलने पर प्रहरी लॉगइन का पेज खुलेगा जिस पर यूजर टाईप कान्ट्रेक्टर चयनित करते हुए लॉगइन करना होगा। लॉगइन करने के लिये यूजर नेम एवं पासवर्ड हेतु चाणक्य साफ्टवेयर पर ठेकेदार पंजीकरण हेतु उपयोग में लाये जाने वाले यूजर नेम एवं पासवर्ड ही होगा। प्रहरी पर निविदादाता को निविदा सम्बन्धी वॉछित सूचना तथा आवश्यक अभिलेख अपलोड करना है जिसकी विस्तृत जानकारी प्रहरी पर उपलब्ध है।
2. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्त तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(मुरली धर गंगवार)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
हरदोई

(एन0 के0 वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता
उन्नाव वृत्त, लो0नि0वि0,
उन्नाव

उ0प्र0 248561 दिनांक- 18.03.2026 Website: www.upgov.nic.in

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 18014/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410018014
रजनी देवी बनाम मुन्नी मिश्रा
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

RAJANE DEVI, aged about 64 years wife of late. BABOORAM @ BABULAL Resident of H.NO. 30(1), ASHOK NAGAR, KALYANPUR, KANPUR NAGAR, U.P. 208017
....APPLICANT/LANDLORD
VERSUS-MUNNI MISRA W/O LATE DINESH MISHRA AGED ABOUT NOT KNOWN R/O H.No. 30(1) ASHOK NAGAR, KALYANPUR, KANPUR NAGAR, U.P. -208017
...OPPOSITE PARTY/TENANT
APPLICATION FOR EVICTION UNDER SECTION 4(1),4(3)AND 21(2)(a) (b) THE UTTAR PRADESH REGULATION OF URBAN PREMISES TENANCY ACT,2021
P.S. KALYANPUR, KANPUR NAGAR

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 11.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-2852/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं.18007/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410018007
रजनी देवी बनाम श्री राम सविता
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

RAJANE DEVI, aged about 64 years wife of late. BABOORAM @ BABULAL Resident of H.NO. 30(1), ASHOK NAGAR, KALYANPUR, KANPUR NAGAR, U.P. 208017
....APPLICANT/LANDLORD
VERSUS- SHRI RAM SAVITA AGED ABOUT NOT KNOWN R/O H.NO. 30(1), ASHOK NAGAR, KALYANPUR, KANPUR NAGAR, U.P. -208017.
...OPPOSITE PARTY/TENANT
APPLICATION FOR EVICTION UNDER SECTION 4(1),4(3)AND 21(2)(a) (b) THE UTTAR PRADESH REGULATION OF URBAN PREMISES TENANCY ACT,2021
P.S. KALYANPUR, KANPUR NAGAR

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 11.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-2852/K-CN

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



**स्वतंत्र भारत**

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

फोन : 0512-2332212, 0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

# अमेरिका का ईरान पर बड़ा हमला

## होर्मुज के पास गिराया 5000 पाउंड वजनी बम

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार की तड़के ईरान पर कई बड़े हमले किए। अमेरिकी सेना ने बताया कि इन हमलों में 5,000 पाउंड (करीब

### ■ मिसाइल ठिकाने बने निशाना

2267 किलोग्राम) वजनी डीप पेनेट्रेटर बमों का इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, इन हमलों में होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तटीय क्षेत्रों में स्थित कड़े सुरक्षा वाले मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना के बयान में कहा गया कि इन ठिकानों पर मौजूद एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें अंतरराष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए खतरा बन रही थीं, इसलिए यह कार्रवाई की गई। इस बीच ईरान ने इजरायल के मध्य क्षेत्र में बैलिस्टिक



मिसाइल हमले किए, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई।

**ईरान ने तेज किए अमेरिकी ठिकानों पर हमले**

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि देश के अलग-अलग हिस्सों में वायु रक्षा प्रणालियों ने बैलिस्टिक मिसाइलों को रोका और लड़ाकू विमानों ने ईरानी ड्रोन्स को मार गिराया। राष्ट्रीय आपातकालीन संकट और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और आधिकारिक सूचनाओं का पालन करने की अपील की है। पूरे देश में सायरन बजते हुए सुनाई दिए, जिन्हें सफल इंटरसेप्शन ऑपरेशन का नतीजा बताया गया।

**खाड़ी देशों में बजते रहे सायरन**

बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी सायरन बजने की पुष्टि करते हुए नागरिकों और निवासियों से शांत रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया। कुवैत में भी सेना ने बताया कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियां दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों का जवाब दे रही हैं और धमाकों की आवाजें इन्हीं इंटरसेप्शन की वजह से हैं।

# ईरान ने इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल से किया हमला

**तेल अवीव।** ईरान ने इजरायल के मध्य इलाके पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। सीएनएन की

### ■ होर्मुज क्षेत्र में तनाव बढ़ा

रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम (एमडीए) ने जानकारी दी कि रामत गन शहर में मिसाइल के टुकड़े गिरने से एक पुरुष और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पैरामेडिक्स ने मौके पर पहुंचकर उन्हें मृत घोषित कर दिया। मिसाइल का मलबा तेल अवीव के उत्तर में स्थित बेनी ब्रैक शहर में भी गिरा। यहां एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। हमले के बाद इजरायल के होम फ्रंट कमांड ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सेना ने कहा है कि सुरक्षा निर्देशों का पालन करने से कई जानें बची हैं। बचाव दल उन जगहों पर पहुंच गए हैं जहां मिसाइलें गिरी थीं। फिलहाल लोगों को सुरक्षित जगहों (शेल्टर) से बाहर निकलने की अनुमति दे दी गई है। लेकिन साथ ही लगातार सतर्क रहने और सुरक्षा संबंधी आधिकारिक निर्देशों का पालन करने का आग्रह भी किया और भीड़भाड़ वाले इलाकों से दूर रहने को कहा गया है। इस बीच, इजरायली सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ ऑपरेशन रोरिंग लायन तेज कर दिया है। इजरायली रायली वायुसेना ने हिजबुल्लाह के रॉकेट लॉन्चरों और उनके ठिकानों पर कई हवाई हमले किए। सेना का कहना है कि उन्होंने उन लॉन्चरों को निशाना बनाया जो इजरायल पर हमला करने की तैयारी में थे। अब तक हिजबुल्लाह के सैकड़ों ठिकानों को नष्ट किया जा चुका है ताकि इजरायली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# कांग्रेस के सामने पेश होंगे शीर्ष अमेरिकी अधिकारी

## ईरान युद्ध-घरेलू आतंकी खतरों पर हो सकते हैं कड़े सवाल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष सुरक्षा और खुफिया अधिकारी अब संसद (कांग्रेस) की समितियों के सामने पेश होने जा रहे हैं। ट्रंप प्रशासन के ये अधिकारी ईरान के साथ चल रहे युद्ध और अमेरिका के भीतर बढ़ते आतंकी खतरों पर अपनी गवाही देंगे। इस सुनवाई के दौरान अधिकारियों को कई संवेदनशील मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है। ईरान के स्कूल पर हमले का देना होगा जवाब हाउस और सीनेट की खुफिया समितियों के सामने होने वाली यह गवाही मुख्य रूप से युद्ध पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। इस सुनवाई का सबसे बड़ा मुद्दा ईरान के एक स्कूल पर हुआ मिसाइल हमला हो सकता है। इस हमले में 165 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी।

# ईरान युद्ध के बीच अमेरिका में गैस कीमतों में उछाल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के तीसरे सप्ताह में ऊर्जा बाजार पर दबाव बढ़ने लगा है, जिससे अमेरिका में पेट्रोल की कीमतों में तेज उछाल आया है। यह

### ■ ट्रंप के लिए बढ़ी राजनीतिक चुनौती

स्थिति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए न सिर्फ रणनीतिक बल्कि घरेलू राजनीतिक चुनौती भी बनती जा रही है, क्योंकि बढ़ती महंगाई और जीवनयापन की लागत पहले से ही मतदाताओं के लिए प्रमुख चिंता का विषय है। ईरान के खिलाफ युद्ध के तीसरे सप्ताह में राष्ट्रपति ट्रंप ऐसे फैसलों का सामना कर रहे हैं, जो उनके पूरे कार्यकाल को परिभाषित कर सकते हैं। हालांकि सार्वजनिक मंचों पर वे इस युद्ध को लेकर दबाव में दिखाई नहीं देते। सोमवार रात व्हाइट हाउस में एक घंटे से अधिक लंबे संबोधन में उन्होंने युद्ध के अलावा केनेडी सेंटर के नवीनीकरण, व्हाइट हाउस बॉलरूम निर्माण, वर्ल्ड कप और अन्य घरेलू मुद्दों पर भी विस्तार से बात की। बीबीसी के अनुसार ट्रंप ने सप्ताहांत फ्लोरिडा स्थित अपने रिसॉर्ट में गोल्फ खेलते हुए बिताया और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर भी सुप्रीम कोर्ट जैसे मुद्दों पर उतना ही समय दिया, जितना ईरान युद्ध पर। इसके बावजूद संकेत मिल रहे हैं कि यह युद्ध अब लंबा खिंच सकता है, जबकि ट्रंप इसे पहले ही जीत लिया गया और पूरी तरह समाप्त बता चुके थे। सोमवार को ट्रंप ने घोषणा की कि युद्ध के कारण अप्रैल की शुरुआत में प्रस्तावित चीन यात्रा को एक महीने टाल दिया गया है। व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने कहा कि कमांडर-इन-चीफ के रूप में राष्ट्रति की सर्वोच्च जिम्मेदारी ऑपरेशन एपिक फ्यूरी की सफलता सुनिश्चित करना है।

**बढ़ती गैस कीमतें और घरेलू राजनीतिक दबाव**

इस युद्ध का सबसे बड़ा असर अमेरिका के घरेलू मोर्चे पर दिख रहा है, जहां पेट्रोल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है। एक महीने पहले जहां पेट्रोल की औसत कीमत 2.94 डॉलर प्रति गैलन थी, वह अब 3.72 डॉलर प्रति गैलन हो गई है। ऊर्जा कीमतों में लगातार वृद्धि ट्रंप के लिए गंभीर राजनीतिक खतरा बन सकती है।

**महंगाई और अफोर्डेबिलिटी एजेंडा पर असर**

अमेरिका में महंगाई दर में गिरावट के बावजूद आवास, खाद्य पदार्थों और उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें अभी भी ऊंची बनी हुई हैं। ऐसे में पेट्रोल की बढ़ती कीमतें ट्रंप प्रशासन के अफोर्डेबिलिटी एजेंडा को कमजोर कर सकती हैं। क्लिफर्ड यंग के शब्दों में, यह पूरी रणनीति को पटरी से उतार सकता है।

# ईयू ने की पाकिस्तान की निंदा

## कहा- सैन्य कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन



**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने काबुल में एक चिकित्सा सुविधा पर पाकिस्तानी हवाई हमले की निंदा किया। उन्होंने इसे पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष में एक घातक वृद्धि बताया है। यूरोपीय संघ ने दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी संभव उपाय करने का आग्रह किया। इसके साथ ही चेतावनी दी कि नागरिक और चिकित्सा सुविधाओं पर हमले अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन करते हैं। यह बयान सोमवार रात को पाकिस्तानी हमले के बाद आया है, जिसमें काबुल के पुल-ए-चरखी इलाके में स्थित 2,000 बिस्तरों वाले ओमिद व्यसन उपचार अस्पताल को निशाना बनाया गया था, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यूरोपीय संघ ने कहा, नागरिकों और चिकित्सा सुविधाओं को कभी भी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि वे जेनेवा सम्मेलन सहित अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत संरक्षित हैं। सैन्य अभियानों में शामिल सभी पक्षों का दायित्व है कि वे हर परिस्थिति में इन प्रावधानों का सम्मान करें। यूरोपीय संघ ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तत्काल युद्धविराम और बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान करने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय का साथ दिया।

# न्यू मैक्सिको के अमेरिकी वायुसेना बेस पर गोलीबारी

**अलमोगोर्डो।** न्यू मैक्सिको के एक अमेरिकी वायुसेना बेस पर गोलीबारी की घटना सामने के बाद हड़कंप मच गया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया है। मिलिट्री अधिकारियों के अनुसार, आलामोगोर्डो के पास स्थित हॉलोमन एयर फोर्स बेस पर मंगलवार शाम करीब 5.30 बजे गोली चलाने वाला हमलावर (एक्टिव शूटर) की सूचना मिलने के बाद पूरे बेस को लॉकडाउन कर दिया गया था। वहीं इस घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि इसके बाद सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और बेस सुरक्षित है। लॉकडाउन भी हटा लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल कोई खतरा नहीं है और आपातकालीन टीमें मौके पर काम कर रही हैं। फिलहाल, मारे गए और घायल हुए लोगों के नाम या घटना से जुड़ी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

# ईरान युद्ध के बीच ट्रंप का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने नाटो को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा

### ■ कहा- नाटो की मदद की जरूरत नहीं, अमेरिका अकेला ही काफी

कि अमेरिका को ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान में नाटो देशों की मदद की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ बड़ी सैन्य सफलता हासिल की है और वह किसी भी सहयोग के बिना भी अपने अभियान को आगे बढ़ा सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि नाटो के कई सहयोगी देशों ने अमेरिका को साफ बता दिया है कि वे ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान में शामिल नहीं होना चाहते। ट्रंप ने कहा कि उन्हें इस फैसले पर कोई हैरानी नहीं है। उनके अनुसार नाटो लंबे



समय से एकतरफा व्यवस्था बन गया है, जिसमें अमेरिका दूसरे देशों की सुरक्षा पर भारी खर्च करता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वही देश अमेरिका का साथ नहीं देते।

**नाटो पर ट्रंप का तीखा हमला**

ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका हर साल अरबों डॉलर खर्च कर नाटो देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसके बावजूद जब अमेरिका को जरूरत होती है तो वही देश पीछे हट जाते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें पहले से ही लगता था कि नाटो एक वन-वे स्ट्रीट की तरह है। यानी अमेरिका अपने सहयोगियों की रक्षा करता है, लेकिन बदले में उसे वही समर्थन नहीं मिलता।

# खाड़ी देशों पर ईरान का हमला जारी

## सऊदी ने अब तक 438 ड्रोन और 36 मिसाइलें नष्ट कीं

**रियाद।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इजरायल और खाड़ी देशों में मैजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 19वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी बीच सऊदी अरब ने आंकड़ा जारी कर बताया कि संघर्ष शुरू होने के बाद से उसने अब तक 438 ड्रोन और 36 मिसाइलों को रोक दिया है। सऊदी रक्षा मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि ये हमले बहुत बड़े पैमाने पर और लगातार हुए हैं। पिछले तीन हफ्तों से सऊदी हवाई सुरक्षा बल लगातार सतर्क हैं। सऊदी अरब में सबसे ज्यादा हमले पूर्वी प्रांत की तरफ हुए, जहां देश के बड़े तेल रिफाइनरी हैं। इसके बाद शैबाह के तेल क्षेत्र और रियाद से 80 किलोमीटर दूर अल-खारज में प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइलें दागी गईं। हालांकि इतने हमले और बड़े पैमाने पर नुकसान के बाद भी ईरान का कहना है कि उसका लक्ष्य केवल अमेरिकी और इजरायली सैन्य ठिकाने हैं, न कि नागरिक या आर्थिक जगहें। लेकिन खाड़ी देशों की सरकारों ने इसे नकार दिया और कई देशों ने ईरानी राजदूतों को तलब कर विरोध जताया।

### खाड़ी के अन्य देशों की स्थिति भी गंभीर

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर 165 से ज्यादा मिसाइलें और 541 ड्रोन हमले हुए। कुवैत पर 97 मिसाइल और 283 ड्रोन हमला किए गए। कतर और बहरीन भी कई बार हमलों की चपेट में आए। ओमान भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रहा, ईरानी ड्रोन ने उसके दुक्म बंदरगाह को निशाना बनाया।

# पाक से भरोसा उठा : अफगानिस्तान

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर गहराता नजर आ रहा है। अमीर खान मुत्ताकी ने कहा है कि काबुल पर हालिया हवाई हमलों के बाद अफगानिस्तान का पाकिस्तान की कूटनीतिक मंशा पर से भरोसा पूरी तरह उठ गया है। विदेश मंत्री मुत्ताकी ने काबुल में राजनयिकों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई यह दर्शाती है कि वह विवादों को बातचीत से सुलझाने के बजाय बल प्रयोग का रास्ता अपना रहा है। अफगान विदेश मंत्री ने कहा कि जब तक पाकिस्तान अपनी आक्रामक कार्रवाई बंद नहीं करता, तब तक किसी भी तरह की बातचीत या समझौता संभव नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सेना ने पिछले कुछ वर्षों में कई बार अफगान हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। मुत्ताकी ने चेतावनी दी कि यह स्थिति केवल अफगानिस्तान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए खतरा बन सकती है।

# ऑपरेशन सिंदूर की मार से नहीं उबर पा रहा पाक

**इस्लामाबाद।** दुनियाभर में कटोरा लेकर घूम रहा पाकिस्तान अभी तक ऑपरेशन सिंदूर की करारी मार से उबर नहीं पा रहा है। इसका बड़ा

### ■ धर्म और जाति नहीं, अब पैसों की लालच से युवाओं को फंसा रहा

कारण है कि भारतीय सेना की कार्रवाई ने आतंकवाद के ढांचे को बड़ा झटका दिया है, जिसका सीधा असर आतंकी संगठनों की भर्ती पर पड़ा है। पहले जहां जैश और लश्कर जैसे संगठनों में आसानी से भर्ती होती थी, अब इसमें भारी गिरावट आई है। खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान अब नई रणनीति के तहत युवाओं को जोड़ने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हालात पहले जैसे नहीं रहे हैं।

रिपोर्ट्स बताती हैं कि इससे पहले जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी समूहों में भर्ती आसानी से हो जाती थी। हालिया खुफिया आकलन के मुताबिक, इन समूहों में भर्ती अब लगभग 30-40 प्रतिशत कम हो गई है। इससे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने अपनी रणनीति बदल दी है। अब भर्ती धर्म या विचारधारा नहीं, बल्कि पैसे के लालच पर ज्यादा आधारित है।

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया जा रहा है कि आईएसआई अब किसी भी धर्म, जाति या विश्वास के युवाओं को भर्ती करने के लिए तैयार है। इसके लिए बड़े पैमाने पर युवाओं को ढूंढा और पैसे का लालच दिया जा रहा है। भर्ती में शामिल लोगों को उनके काम के हिसाब से 10,000 से 2,00,000 रुपये तक दिए जा रहे हैं।

खुफिया सूत्रों के अनुसार, अब आईएसआई पैसे और बेहतर जीवनशैली की लालच देकर युवाओं को आकर्षित कर रही है। इसका मुख्य निशाना छात्र और पैसे की जरूरत वाले लोग हैं, लेकिन हाल की जांच में यह भी पता चला कि अधिकतर लोग उच्च जीवन स्तर और विलासिता के लिए भर्ती हो रहे हैं।

### आईएसआई की नई रणनीति कितनी खतरनाक?

इतना ही नहीं गौर करने वाली बात यह भी है कि आईएसआई की नई रणनीति पहले खालिस्तान नेटवर्क पर लागू की गई। पंजाब में नशे की समस्या का फायदा उठाकर युवाओं को पैसे देकर भर्ती किया जा रहा है, ताकि वे नशे के लिए पैसा खर्च कर सकें। खुफिया एजेंसियों का कहना है कि यह भर्ती अभियान सिर्फ बढ़ने वाला है। इसका लक्ष्य पूरे भारत में नेटवर्क तैयार करना और आतंकवादी समूहों को लॉजिस्टिक और जासूसी सहायता देना है। सीमा इलाकों में पाकिस्तानी एजेंट सैनिकों और सैन्य ठिकानों की हरकत पर नजर रख रहे हैं। शहरों में यह भर्ती अभियान युवाओं को सरकारी और न्यायिक इमारतों, पुलिस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों की वीडियो शूटिंग के लिए भी शामिल कर रहा है। ऐसे में एक बात तो साफ हो गई है कि आईएसआई का उद्देश्य तुरंत हमला करना नहीं, बल्कि समय लेकर पूरे देश में जासूसी नेटवर्क और डेटा इकट्ठा करना है।

# बमबारी रुकी तो ही करेंगे मदद : मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मंगलवार को साफ किया कि मौजूदा युद्ध जैसी परिस्थितियों में फ्रांस होर्मुज जलडमरूमध्य की

### ■ होर्मुज पर ट्रंप की नाराजगी के बाद बोले फ्रांसीसी राष्ट्रपति

सुरक्षा में किसी भी तरह की सैन्य भूमिका नहीं निभाएगा। उन्होंने यह बयान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस अपील के जवाब में दिया, जिसमें उन्होंने सहयोगी देशों से इस रणनीतिक जलमार्ग की सुरक्षा में मदद मांगी थी।

रक्षा परिषद की बैठक में इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस इस संघर्ष का हिस्सा नहीं है और इसलिए वर्तमान हालात में जलडमरूमध्य को खोलने या सुरक्षित करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया



कि जब स्थिति सामान्य हो जाएगी और संघर्ष का तीव्र चरण समाप्त हो जाएगा, तब फ्रांस अन्य देशों के साथ मिलकर जहाजों को सुरक्षा देने में भूमिका निभा सकता है। इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि इस तरह के किसी भी मिशन के लिए ईरान के साथ तनाव कम करने और बातचीत की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि यह ईरान में चल रहे सैन्य अभियानों और बमबारी से पूरी तरह अलग होना चाहिए।

# ईरानी सरकारी मीडिया ने की अली लारीजानी और कमांडर सुलेमानी की मौत की पुष्टि

**तेहरान।** ईरान ने मंगलवार की देर रात बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी और अली लारीजानी की मौत की पुष्टि कर दी। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है। इससे पहले इस्राइल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया था कि सुलेमानी और ईरान की सर्वोच्च सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को एक रात पहले मार गिराया गया। दोनों नेताओं को जनवरी में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान कार्रवाई में अहम भूमिका निभाने वाला माना जाता था। इनकी मौत ऐसे समय में हुई है जब ईरान युद्ध जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। इजरायल-अमेरिका के जारी हमलों को इस्लामिक गणराज्य के लिए हाल के दशकों की सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है। लारीजानी को देश के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिना जाता है, खासकर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनकी भूमिका और महत्वपूर्ण हो



गई थी। लारीजानी पूर्व में संसद अध्यक्ष और वरिष्ठ नीति सलाहकार भी रह चुके थे। परमाणु वार्ता में भी उनकी भूमिका रही थी। जनरल सुलेमानी पर अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे, क्योंकि उन पर वर्षों से विरोध प्रदर्शनों को दबाने में भूमिका निभाने का आरोप था। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली सेना के हमलों पर कहा कि इनका उद्देश्य ईरान की सरकार को कमजोर करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से ईरान की जनता को अपनी स्थिति बदलने का अवसर मिल सकता है।

# शीज़ान खान हुए भावुक, छलके आंसू

**मुंबई।** ज़ी कुटुंब अवॉर्ड्स के मंच पर उस वक्त सपने, मेहनत और एक मां की अटूट हिम्मत का संगम देखने को मिला, जब 'गंगा माई की बेटियां' में सिद्धू का किरदार निभा रहे शीज़ान खान को अपने करियर का पहला अवॉर्ड मिला। जो पल खुशी का था, वो अचानक बेहद खास और भावुक बन गया, जब ज़ी कुटुंब टीम ने उनके लिए एक सरप्राइज़ प्लान किया। जैसे ही अवॉर्ड देने का समय आया, शीज़ान यह देखकर हैरान रह गए कि उनकी मां खुद स्टेज पर ट्रॉफी देने के लिए आ रही हैं। इस अनदेखे सरप्राइज़ ने उन्हें पूरी तरह चौंका दिया और कुछ पलों तक वो समझ ही नहीं पाए कि क्या हो रहा है। जैसे ही उन्हें एहसास हुआ कि उनकी जिंदगी का पहला अवॉर्ड उनकी मां के हाथों से मिलने वाला है, वो स्टेज पर ही भावुक हो गए। वो अपने जज़्बातों को संभाल नहीं पाए और उन्होंने बताया कि उस पल उनके दो सबसे बड़े सपने एक साथ पूरे हो गए, पहला अवॉर्ड मिलना और वो भी मां के हाथों से।

## अपनापन और खुशियां बांटने का त्योहार है ईद!

**मुंबई।** ईद उल फितर खुशियां मनाने, शुक्रगुज़ार होने और अपनेपन का त्यौहार है। इस खूबसूरत मौके पर ज़ी टीवी के कलाकारों ने बताया कि उनके लिए यह त्यौहार इतना खास क्यों है और वे इस खुशी के दिन को कैसे मनाते हैं। 'गंगा माई की बेटियां' में सिद्धू का किरदार निभा रहे शीज़ान खान कहते हैं, 'ईद हमेशा से मेरे लिए ऐसा त्यौहार रहा है जो परिवार, साथ होने और शुक्रिया की अहमियत याद दिलाता है। मुझे ईद की जो बात सबसे ज्यादा पसंद है, वह है इसका प्यार और एकता का भाव। यह ऐसा समय होता है जब हम रुककर सोचते हैं, शुक्रगुज़ार होते हैं और अपने आसपास के लोगों के साथ खुशियां बांटते हैं।' 'जगद्धात्री' में शिवाय का किरदार निभा रहे फरमान हैदर कहते हैं, 'रमज़ान अनुशासन, शुक्रिया और खुद को समझने का महीना है।'

# दहेज आज भी बड़ा सामाजिक मुद्दा- शुभांगी

**मुंबई।** ज़ी टीवी का लोकप्रिय शो 'गंगा माई की बेटियां', जिसमें शीज़ान खान (सिद्धू) और अमनदीप सिद्धू (स्नेहा) लीड रोल में नजर आ रहे हैं, हमेशा से ही समाज के अहम मुद्दों को सामने लाता रहा है। कभी बेटे की चाहत जैसी सोच पर सवाल उठाता है, तो कभी यह दिखाता है कि लड़की होने की वजह से महिलाओं को किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में चल रहे ट्रैक में 'गंगा माई की बेटियां' दहेज जैसे गहरे मुद्दे को सामने ला रहा है। कहानी में एक अहम मोड़ तब आता है, जब गंगा माई (शुभांगी लाटकर) को सहाना (सृष्टि जैन) की सास की भारी मांग को पूरा करने के लिए अपना घर गिरवी रखना पड़ता है। एक्टर शुभांगी लाटकर का कहना है कि दहेज आज भी एक बड़ा सामाजिक मुद्दा है और ऐसे हालात को निभाना एक्टर के लिए भी आसान नहीं होता। मालूम हो कि 'गंगा माई की बेटियां' रोज रात नौ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।



## बाजार दर्पण




